
॥ ओ३म् ॥

# लुहाच वंश
## का इतिहास

इतिहास और वंशावली का समन्वय




लेखक

**ले. कर्नल (से.नि.) कर्मबीर सिंह लुहाच**

गाँव गुगाहेड़ी, ज़िला रोहतक (हरियाणा)


865 ईस्वी · नाँधा — 46 गाँव · पीढ़ी 1 से 40

# लुहाच वंश का इतिहास

इतिहास और वंशावली का समन्वय

लेखक

**लेफ्टिनेंट कर्नल कर्मबीर सिंह लुहाच (सेवानिवृत)**

इस संस्करण में लेखक का 21 मई 2025 का संशोधित पाठ है। आभार, प्रस्तावना, मिलन समारोह, चित्र, निष्कर्ष और “वंशावली प्रथम पुरुष” चार्ट फ़रवरी 2024 की पुस्तक से लिए गए हैं; चार्ट नए सिरे से बनाए गए हैं, नाम और पीढ़ी संख्या लेखक की पुस्तक के अनुसार ही हैं।

भाग 4 में सभी गाँवों की पूरी वंशावली है, जो luhachvansh.com पर 12 नवम्बर 2026 तक हुए सुधारों के साथ अद्यतन है।

संस्करण: नवम्बर 2026

# विषय सूची


आभार प्रदर्शन ..... 6
प्रस्तावना ..... 7
इतिहास और वंशावली का समन्वय ..... 8
लेखक परिचय ..... 10
सह संपादक परिचय ..... 12

**भाग 1 — एक मंच पर लुहाच गोत्र** ..... 14
लुहाच गोत्र के एक मंच पर आने की कहानी ..... 15
प्रथम लुहाच मिलन समारोह ..... 18
द्वितीय लुहाच मिलन समारोह ..... 21
तृतीय लुहाच मिलन समारोह ..... 22
चतुर्थ लुहाच मिलन समारोह ..... 24

**भाग 2 — उद्गम** ..... 26
लुहाच वंश की उत्पत्ति ..... 27
चौहान वंश के मुख्य राज्य ..... 30
इतिहास के स्रोत ..... 31
इतिहास लिखने का माध्यम ..... 32
लुहाच वंश ..... 33
लुहाच वंश के बही भाट ..... 34
लुहाच वंश के पूर्वजों का इतिहास ( 551 ईस्वी-860 ईस्वी) ..... 35
दादा नर देव से दादा लाल सिंह तक का इतिहास ..... 36
एक वृक्ष, अनेक शाखाएँ — दादा लाल सिंह से 46 गाँव ..... 42

**भाग 3 — गाँवों का इतिहास** ..... 43
नाँधा गाँव का इतिहास ..... 44
गिरावड़ गाँव का इतिहास ..... 49
गुगाहेड़ी गाँव का इतिहास ..... 55
कादराबाद गाँव का इतिहास ..... 58
मोहला गाँव का इतिहास ..... 60
उझाणा गाँव का इतिहास ..... 63
ढुँढवा गाँव का इतिहास ..... 65
पाडला गाँव का इतिहास ..... 67
भड़ताना गाँव का इतिहास ..... 69
सिवाड़ा गाँव का इतिहास ..... 71
अलखपुरा गाँव का इतिहास ..... 73

साहलेवाला गाँव का इतिहास 75
रानीला गाँव का इतिहास 77
रेवाड़ी खेड़ा गाँव का इतिहास 79
रिटोली गाँव का इतिहास 82
कबूलपुर गाँव का इतिहास 84
नीमली गाँव का इतिहास 86
मारोत गाँव का इतिहास 91
भींवपुरा गाँव का इतिहास 94
पुनाना गाँव का इतिहास 97
किशनगढ़ रेनवाल गाँव का इतिहास 99
सूरत राम की ढाणी (धींगपुर) 101
सारगोथ गाँव का इतिहास 103
खाटू श्याम गाँव का इतिहास 105
जाट रियासत कुचेसर 107
नाँधा से पश्चिमी उत्तर प्रदेश विस्थापन: पहला जत्था 109
नाँधा से पश्चिमी उत्तर प्रदेश विस्थापन: दूसरा जत्था 110
नली हुसैनपुर गाँव का इतिहास 111
भड़ंगपुर गाँव का इतिहास 115
गढ़ी गुलडहर गाँव का इतिहास 122
अमरपुर गाँव का इतिहास 124
समसपुर गाँव का इतिहास 127
भैंसाखूर गाँव का इतिहास 129
बदरखा सिरवास गाँव का इतिहास 131
खाद मोहन नगर गाँव का इतिहास 133
भंडोली गाँव का इतिहास 135
गहना गाँव का इतिहास 137
स्यारली गाँव का इतिहास 139
इगलास गाँव का इतिहास 141
सेहरा गाँव का इतिहास 143
नंगला उग्रसेन गाँव का इतिहास 145
ज्ञानपुर गाँव का इतिहास 148
दानशाह मिल्क गाँव का इतिहास 151
दरियापुर गाँव का इतिहास 153
मुंडा खेड़ी गाँव का इतिहास 155
बाबू खेड़ा गाँव का इतिहास 157
छज्जा नंगला गाँव का इतिहास 159
घरोंट गाँव का इतिहास 161
मोहम्मदपुर जाटान गाँव का इतिहास 163

निष्कर्ष ..... 164

**भाग 4 — सम्पूर्ण वंशावली (सभी गाँव)** ..... 165

# आभार प्रदर्शन

इस पुस्तक की रचना में मेरा साथ देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का मैं हृदय से आभारी हूँ। 'लुहाच गोत्र का इतिहास' को संजोने का यह कार्य मेरे अकेले का नहीं, बल्कि हम सभी का साझा प्रयास है।

सबसे पहले, मैं लुहाच समुदाय के बुजुर्गों और ग्रामवासियों का गहरा आभार व्यक्त करता हूँ। उनसे प्राप्त अमूल्य जानकारियाँ, व्यक्तिगत गाथाएँ, और अनुभवों ने इस पुस्तक की नींव को मजबूती प्रदान की है। उनका ज्ञान और मार्गदर्शन इस कार्य की आत्मा है।

विशेष रूप से, मैं चरण सिंह सुपुत्र हरनाम सिंह, गाँव नंगला उग्रसेन, जिला बुलन्दशहर,उत्तर प्रदेश का विशेष आभार व्यक्त करना चाहता हूँ, जिनकी तकनीकी कुशलता ने इस पुस्तक को आकार देने में अमूल्य योगदान दिया है। उनकी मेहनत और समर्पण ने इस इतिहास को जीवंत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मेरे परिवार के सदस्यों का समर्थन और उत्साह मेरे लिए एक अटूट शक्ति रहा है। उनका प्रेम, धैर्य, और प्रोत्साहन मेरे लिए एक चट्टान की तरह रहा, जिस पर टिककर मैंने यह यात्रा पूरी की।

अंत में, मैं उन सभी विद्वानों, शोधकर्ताओं, और पाठकों का भी आभारी हूँ, जिनकी जिज्ञासा और ज्ञान ने इस कार्य को समृद्ध बनाया है। आप सबका साथ और मार्गदर्शन मेरे लिए अमूल्य रहा है।

इस कार्य को पूरा करते हुए मैं एक बार फिर सभी का दिल से आभारी हूँ। आपकी शुभेच्छाएं और समर्थन ही मेरी सच्ची पूंजी हैं।

**लेफ्टिनेंट कर्नल कर्मबीर सिंह लुहाच (सेवानिवृत)**

# प्रस्तावना

मैं इस पुस्तक को लिखने का संकल्प लेते समय अत्यंत भावुक एवं गर्वित अनुभव कर रहा था। 'लुहाच गोत्र का इतिहास' विषय पर लिखने का मेरा उद्देश्य केवल इतिहास के पन्नों को उलटना नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों के साहस, त्याग और समर्पण की अनकही कहानियों को सामने लाना है।

यह प्रस्तावना मैं उन सभी को समर्पित करता हूं जिन्होंने लुहाच गोत्र की अमिट गाथाओं को संजोए रखा है। इस ग्रंथ की रचना में जहां एक ओर मुझे विभिन्न शोध पत्रों, लेखों और पुरालेखों का सहारा लेना पड़ा, वहीं अनेक वृद्धजनों और ज्ञानी व्यक्तित्वों के अनुभवों ने भी मेरे ज्ञान को समृद्ध किया।

मैंने प्रयास किया है कि इस पुस्तक में लुहाच गोत्र के इतिहास को विस्तार से और तथ्यात्मक रूप से प्रस्तुत किया जाए। इसमें वर्णित प्रत्येक घटना, परंपरा और व्यक्तित्व न केवल हमें अतीत की ओर ले जाते हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और मूल्यों की गहराई को भी प्रकट करते हैं।

इस पुस्तक को लिखने का मेरा उद्देश्य इतिहास के प्रति जिज्ञासा जगाना और आगामी पीढ़ियों को उनकी जड़ों से जोड़ना है। मैं आशा करता हूं कि पाठक इस पुस्तक को पढ़ते समय उसी उत्साह और जिज्ञासा का अनुभव करेंगे, जिसके साथ मैंने इसे लिखा है।

अंत में, मैं उन सभी विद्वानों, शोधकर्ताओं और सहयोगियों का हृदय से आभार प्रकट करता हूं, जिनके अथक प्रयासों ने इस कार्य को संपन्न करने में मेरी सहायता की। यदि इस पुस्तक में कोई त्रुटि या कमी रह गई हो, तो मैं उसके लिए पाठकों और इतिहास के जानकारों से क्षमाप्रार्थी हूँ।

**लेफ्टिनेंट कर्नल कर्मबीर सिंह लुहाच (सेवानिवृत)**

# इतिहास और वंशावली का समन्वय

इतिहास का अर्थ भूतकाल में घटित घटनाओं के लेखा जोखा का किसी भी रूप में सुरक्षित विवरण रखना होता है। जबकि वंशावली का संबंध किसी व्यक्ति, परिवार या समुदाय विशेष के खून के रिश्ते में पैदा होने वाले व्यक्तियों की पीढ़ी दर पीढ़ी कड़ी को जोड़ कर दर्शाना होता है। इतिहास और वंशावली इस अर्थ में एक दूसरे के पूरक होते हैं। इसी तथ्य को मध्य नजर रखते हुए लेखक ने इस पुस्तक में लुहाच गोत्र के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला है।

लुहाच गौत्र, हिन्दू मत के तहत जाट समुदाय का एक अंग है। इसकी उत्पत्ति त्रेता युग से माउंट आबू पर्वत से हुई थी ऐसी मान्यता है। इसकी उत्पति से लेकर 860 ईस्वी तक के इतिहास का अभी तक कहीं लिखित प्रमाण उपलब्ध नहीं है। विभिन्न इतिहास के ज्ञाताओं के मत के अनुसार इस गौत्र के पूर्वज विभिन्न परिस्थियों में एक जगह से दूसरी जगह विस्थापित होते रहे हैं। खेती बाड़ी व पशु पालन इनकी आजीविका का मुख्य स्रोत रहा है। इस गौत्र के लोग शारीरिक तौर पर शुडोल, मजबूत और बहादुर होते हैं। प्राचीन समय से ही देश भक्ति इनके खून में रमा हुआ है। इसी कारण इस गौत्र के लोग सेना व पुलिस के पेशे को बहुत अहमियत देते आए हैं।

उपलब्ध ग्रंथों के अनुसार इस गौत्र के लोग 865 ईस्वी में स्थाई रूप से वर्तमान हरियाणा के चरखी दादरी जिले की बाढ़डा तहसील के नाँधा में बस गए थे। इससे पहले इस गौत्र के पूर्वज अस्थाई जीवन जीते आए थे। वास्तव में उस जमाने में जीवन जीने का यहीं तरीका होता था। इसका कारण इन्सान की बुनियादी आवश्यकता के उपलब्ध होने के साधनों की कमी रही होगी। रहने के लिए घर, पीने के लिए पानी, निर्वाह के लिए खेती लायक जमीन और परिवार या समुदाय की सुरक्षा, यहीं सब मुख्य जरूरतें होती थी। इन सब चीजों के अभाव के कारण लोग अस्थाई जीवन जीते थे और किसी एक जगह पर स्थाई तौर पर नहीं रह पाते थे। लुहाच गौत्र के पूर्वज भी इसी परिस्थिति का शिकार थे।

सन 865 ईस्वी (विक्रम सम्वत 922) में इस गौत्र के जनक (लिखित तथ्यों के आधार पर) लाल सिंह ने नाँधा को स्थाई ठिकाना बनाया था। उस समय उसके परिवार में लाल सिंह स्वयं, उसकी पत्नी, बेटा लूँगा राम, उसकी पत्नी, दो पौत्र सेदो राम व बल्ला राम और दो पौत्र वधु, कुल आठ लोग ही थे। धीरे धीरे पीढ़ी दर पीढ़ी वंश बढ़ता गया। लाल सिंह का घर, ढाणी में और ढाणी, गाँव में परिवर्तित होता गया। सदियों बाद इसी गाँव से लोग निकास करके अन्य गाँव में बसने लगे। इस प्रकार 865 ईस्वी से आज 2025 ईस्वी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 46 गाँव में इसके वंशज स्थाई तौर पर रह रहे हैं।

जैसा कि ऊपर बताया गया है कि इतिहास व वंशावली एक दूसरे के पूरक शब्द हैं, दोनों एक दूसरे के बिना अधूरे हैं। इसी तथ्य को मध्य नजर रखते हुए लेखक ने चार साल की अथक मेहनत के बाद इन सब 46 गाँवों की वंशावली को संकलित कर एक पुस्तक में जगह दी है। वंशावली संगृहीत करने में इस गौत्र के भाट देशराज की बही (लाल पौथी) मुख्य स्रोत रहे हैं।

इसके अलावा लेखक ने हर गाँव से हर परिवार के पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों के नाम की जानकारी एकत्रित कर कम्प्यूटीकृत किया। इस काम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले के नंगला उग्रसैन गाँव से चरन सिंह लुहाच की अहम भूमिका रही है। इसके अलावा देश राज भाट (जग्गा) को हर गाँव में भेज कर घर घर में जाकर वंशावली को अपनी बही में लिखा गया और यही सब जानकारी लेखक को भी उपलब्ध कराई गई। इतनी सब मेहनत के बाद आज लुहाच गौत्र की सम्पूर्ण वंशावली एक पुस्तक के रूप में आप सब के सामने उपलब्ध है।

वंशावली को लिखते समय हर आदमी को पीढ़ी संख्या दी गई। पीढ़ी संख्या देते समय यह ध्यान रखा गया कि एक आदमी का दूसरे परिवार के आदमी या दूसरे गाँव के किसी भी आदमी से उसका नाता क्या है, यह तथ्य सही रहे।

इस लिए लेखक ने दादा लाल सिंह लुहाच को पीढ़ी क्रम संख्या 1 दिया है और उसके अनुसार हर एक आदमी का जो पीढ़ी संख्या बनता है वही पीढ़ी संख्या उसके नाम के साथ दिया गया है। पीढ़ी संख्या देख कर हर आदमी बाकी अन्य लोगों के साथ उसका क्या रिश्ता बनता है, यह स्वयं पता चल जाता है। इस वंशावली में लगभग 25000 लोगों के नाम सलंगन किए गए हैं।

इसके अलावा नाँधा से अन्य गाँवों की निकासी को भी क्रमबद्ध तरीके से दर्शाया गया है। इस प्रकार लुहाच वंश की इस पुस्तक के माध्यम से सभी गाँवों आपस में जुड़कर एक पेड़ का रूप ले चुके हैं। जिस प्रकार एक पेड़ से कई सारी शाखाएं निकलती हैं और फिर इन शाखाओं से और शाखाएं निकलती हैं उसी प्रकार लाल सिंह द्वारा रोपीत यह नाँधा रूपी पेड़ आज 46 शाखाओं वाला बहुत गहन व विस्तृत पेड़ बन चुका है।

**कर्नल कर्मबीर सिंह लुहाच**

गाँव गुगाहेड़ी, जिला रोहतक (हरियाणा) · 21 मई 2025

# लेखक परिचय



लेफ्टिनेंट कर्नल कर्मबीर सिंह लुहाच (सेवानिवृत)

नाम : लेफ्टिनेंट कर्नल कर्मबीर सिंह लुहाच, सेवानिवृत

पिता : श्री महीपत लुहाच

सहधर्मिणी : अनीता सिंह लुहाच

पुत्र : डॉक्टर अक्षय कुमार लुहाच,वैज्ञानिक (अमेरिका)

: ज्वाइंट कमिशनर अजय लुहाच, आई आर एस

पुत्र वधु : इंजीनियर पल्लवी लुहाच (अमेरिका)

: डॉक्टर शगुन लुहाच

जन्म तिथि व स्थान : 30 अप्रैल 1962, गाँव गिरावड़,जिला रोहतक, हरियाणा

शिक्षा : माध्यमिक- गिरावड़,उच्च माध्यमिक- मदीना, बी ए-महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक

गाँव (पैतृक) : गुगाहेड़ी, तहसील महम, जिला रोहतक, हरियाणा

स्थाई पता : लेफ्टिनेंट कर्नल कर्मबीर सिंह लुहाच,एफ-501,गुड़गाँव गेटवे सोसाइटी,सेक्टर-112,गुरुग्राम,हरियाणा। पिन-122017

सैनिक जीवन : 26 नवम्बर 1979 को भारतीय थल सेना की तोपखाना शाखा में सिपाही के पद पर भर्ती हुए। मार्च 1984 में नायक, अगस्त 1985 में लांस हवलदार, सितंबर 1987 में हवलदार, 1987-88 में लॉन्ग गनरी स्टाफ कोर्स

करके तोप शिक्षक (इन्स्ट्रक्टर) बने, नवम्बर 1988 में रेजमेन्ट हाविलदार मेजर (टेक्निकल), मार्च 1991 में नायब सूबेदार, मार्च 1993 में सूबेदार बने। दिसम्बर 1998 में भारतीय सेना की तोपखाना शाखा में ही कमिशन लेकर कमिशनड ऑफिसर बनकर अप्रैल 1999 में लेफ्टिनेंट, अप्रैल 2001 में कप्तान, अप्रैल 2005 में मेजर और अप्रैल 2012 में लेफ्टिनेंट कर्नल बने। कुल 39 साल 5 महीना 6 दिन के लम्बे सैनिक जीवन के बाद 30 अप्रैल 2019 को 57 साल की उम्र में सेवा निवृत हुए।

सैनिक सम्मान : ऑपरेशन मेघदूत के तहत मार्च 1992-सितम्बर 1992 के दौरान सियाचिन ग्लेसियर की 21000 फुट की ऊंचाई पर अमर पोस्ट पर आर्टी ओ पी की ड्यूटी करते हुए तोपखाना की बोफोर्स, 130 एम एम और 105 एम एम तोप की गोलाबारी कर दुश्मन के पाँच बंकर बर्बाद किए। इसके लिए थल सेना अध्यक्ष के प्रसंशा पत्र से सम्मानित किया गया।

# सह संपादक परिचय



सह संपादक

लुहाच वंश के इस एतिहासिक ग्रंथ को कलम बद्ध करने में सह संपादक के तौर पर चरण सिंह लुहाच की भूमिका अतुलनीय है। चरन सिंह का जन्म 10 अप्रैल 1981 ईस्वी में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जनपद के नंगला उग्रसेन गाँव में चौधरी हरनाम सिंह लुहाच के घर हुआ था। परिवार में पिता जी के अतिरिक्त माता किरनवती लुहाच, पत्नी सविता लुहाच,पुत्र आदित्य लुहाच और अनिकेत लुहाच हैं। इनकी शिक्षा कुचेसर कस्बे के "आर आर के के" इंटर कालेज से हुई जहां से इन्होंने हिन्दी साहित्य में स्नातक तक की उच्च शिक्षा ग्रहण की। पढ़ाई के बाद इन्होंने एक अंतर राष्ट्रीय कम्पनी में नोकरी मिल गई। आज इसी कंपनी में मैनेजर के पद पर सेवारत हैं।

चरन सिंह का बचपन एक किसान परिवार में गुजरा। इनकी पढ़ाई के साथ साथ खेती बाड़ी के काम में बहुत रुचि थी। मृदु स्वभाव के चरण सिंह गाँव में छोटे बड़े सबके चहेते थे। समाज के प्रति इनका लगाव बचपन से ही बहुत ज्यादा था। स्कूल व गाँव में कोई भी सामाजिक महत्व का काम हो उसमें चरण सिंह एक स्वमसेवी के रूप में काम करते थे। धीरे धीरे समाज सेवा चाहे किसी भी रूप में क्यों न हो करना इनके जीवन का मकसद बन गया।

चरण सिंह को अपने लुहाच गोत्र के प्रति बहुत ही ज्यादा लगाव रहा है। इनके पैतृक गाँव नंगला उग्रसेन के आस पास पाँच अन्य गाँव नली हुसैनपुर,भड़ंगपुर,सेहरा,भैसाखुर और खाद मोहन नगर में लुहाच गोत्र के परिवार रहते हैं। चरण सिंह को बस इतना ही पता था की लुहाच गोत्र की आबादी इतनी ही है। एक दिन उसके गाँव में हरियाणा से कुछ लुहाच बुजुर्ग आए और बताया की इन सब लुहाच गाँव की निकासी हरियाणा के नान्धा गाँव से लगभग 250 साल पहले हुई थी। यह जानकारी मिलते ही उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। चरण सिंह ने आगन्तुक मेहमान कर्नल कर्मबीर सिंह लुहाच से मिलकर बताया की चाचा जी में आप के साथ मिलकर लुहाच गोत्र के अन्य गाँव का पता लगाना चाहता हूँ। हम अपने गोत्र पर एक पुस्तक लिख सकते हैं। साथ ही हम सब लुहाच भाइयों को

एक मंच पर लाने के लिए मिलन समारोह करने की कोशिश कर सकते हैं। उसने बताया की मुझे कंप्युटर का अच्छा ज्ञान है। आप मुझे हाथ से लिख कर सामग्री देते रहना में उसे कम्प्यूटीकृत करता रहूँगा।

कर्नल साहब को इस नौजवान लड़के की अपने गौत्र के प्रति इतनी रुचि देख कर और साहस मिल गया। उसी दिन से चाचा बेटा बाकी लुहाच भाइयों की मदद से जानकारी जुटाते रहे और कम्प्यूटीकृत करते रहे और आज इस संग्रह को एक पुस्तक के रूप में कलंबद्ध करके अपने गोत्र के इतिहास को सुरक्षित किया है। चरण सिंह के इस निस्वार्थ काम को लुहाच परिवार भविष्य में हमेशा याद रखेगा।

# भाग 1 — एक मंच पर लुहाच गोत्र

संगठन की कहानी और चार मिलन समारोह



# लुहाच गोत्र के एक मंच पर आने की कहानी

लुहाच गोत्र उतरी भारत में दिल्ली से लगते कुछ राज्यों जैसे हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में केंद्रित है। इस गोत्र की उत्पति 865 ईस्वी में लगभग 1500 साल पहले हरियाणा के वर्तमान चरखी दादरी जिले के नान्धा गाँव में हुई थी। लाल सिंह लुहाच इस गोत्र के प्रथम पुरुष थे। इसकी उत्पति से लगभग 1500 ईस्वी तक इस गाँव से कोई भी निकासी नहीं हुई। पहली निकासी लगभग 1500 ईस्वी में मोहला, गिरावड़ और पैंतावास गाँव के लिए हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार तब से लेकर आज तक नान्धा और उससे निकले लुहाच आबादी के गाँव की कुल संख्या 45 हो चुकी है। आज इन सब गाँव के लुहाच भाई आपस में एक दूसरे को जानते हैं। हर साल लुहाच गोत्र का मिलन समारोह होता है जिसमें गोत्र से संबंधित विषयों पर चर्चा होती है। अब तक कुल चार मिलन समारोह हो चुके हैं। पहला गुरुग्राम में, दूसरा नान्धा में, तीसरा गिरावड़ में, चौथा उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले के कुचेसर कस्बे में हुआ था। पांचवा इसी साल हिसार जिले के मोहला गाँव में होना तय हुआ है।

सन 2021 से पहले इस गोत्र के लोगों में एक भावना यह थी कि हमारे गोत्र के लोगों की आबादी बहुत कम है और इस गोत्र के लोग बहुत ही कम गाँव में आबाद हैं। लेकिन आज यह भवना असत्य सिद्ध हो चुकी है। आखिर यह सब कैसे संभव हो पाया ? आखिर गोत्र को एक मंच पर संगठित होने की गाड़ी का पहिया कब और कैसे घूमना शुरू हुआ, इसके पीछे एक रोचक कहानी है। कहानी इस प्रकार से है।

लेफ्टिनेंट कर्नल कर्मबीर सिंह लुहाच, सेवानिवृत सुपुत्र श्री महिपत लुहाच, गाँव गुगाहेड़ी, जिला रोहतक, हरियाणा के रहने वाले हैं। सेवानिवर्ति के उपरांत वह गुरुग्राम में रहने लग गए। उनके दिमाग में बार बार यह सवाल आता रहता था कि आखिर हम लुहाच गोत्र के लोगों का इतिहास क्या है? इसका इतिहास कितना पुराना है? हमारे पूर्वजनों का उद्गम स्थल क्या है? क्या गिरावड़ (कर्नल साहब का जन्म स्थल) ही लुहाच गोत्र का जन्म स्थल है या फिर कोई ओर गाँव? इस गोत्र के कितने गाँव हैं? किन किन राज्यों में लुहाच गोत्र के लोग निवास करते हैं? यह सब सवाल इसके दिमाग में आते रहते थे। सन 2020 की बात है। एक दिन कर्नल साहब अपनी गाड़ी से गुरुग्राम में कहीं जा रहे थे। यह घटना सीतला माता मंदिर गुरुग्राम के पास की है। एक गाड़ी पीछे से ओवेरटेक करके कर्नल साहब की गाड़ी को रोकने का इशारा देकर आगे आकर रुक गई। गाड़ी से एक नौजवान लड़का मुस्कराता हुआ पास आकर पूछता है कि चाचा जी क्या आप लुहाच गोत्र से हैं? इस पर कर्नल साहब ने कहा कि हाँ मैं लुहाच हूँ लेकिन हैरान होकर पूछने लगे कि आप को कैसे पता कि मैं लुहाच हूँ। इस पर नौजवान ने हंसकर बताया की चाचा जी आप की गाड़ी के पीछे लुहाच लिखा है। इसलिए मुझे लगा कि जरूर आप लुहाच ही होंगें,साथ ही उसने अपना परिचय देते हुए बताया कि मैं भी लुहाच हूँ। मेरा नाम गौतम लुहाच है और मैं जींद जिले के भड़ताना गाँव का रहने वाला हूँ और यहीं पालम विहार कालोनी, गुरुग्राम में रहता हूँ। गौतम लुहाच कर्नल साहब को मिलने वाला पहला लुहाच आदमी था जो गिरावड़ से अन्य किसी गाँव का निवासी था। यह सब सुन कर कर्नल साहब बहुत खुश हुए और आपस में मोबाईल नम्बर लेकर फिर मिलने की बात कहकर दोनों अपने अपने गन्तव्य पर चले गए।

इस मुलाकात के बाद आपस में फोन पर बातचीत होती रही। तकरीबन दो महीने के बाद गौतम अपने पिता जी के साथ अपने गाँव गया हुआ था। वहाँ जाकर उसने अपने चाचा रीछपाल लुहाच से बताया की गिरावड़ और गुगाहेड़ी गाँव में भी लुहाच रहते हैं और साथ ही कर्नल साहब के बारे में भी बताया। चाचा ने गौतम से कहा की उसकी बात कर्नल साहब से करा दो। गौतम ने फिर दोनों की आपस में बात कर दिया। कर्नल ने रीछपाल से जानना चाहा कि क्या आप किसी गाँव का नाम बता सकते हैं जहां लुहाच आबादी रहती है। इस पर उसने बताया कि मोहला, नान्धा, ऊजहाणा, ढुडंवा, नीमली और सिवाड़ा में लुहाच आबादी है। इसके आलावा उत्तर प्रदेश के हापुड़-कुचेसर के पास भी कुछ गाँव हैं जहां लुहाच गोत्र के लोग रहते है। कर्नल साहब ने इन गाँव के मोबाईल नम्बर देने के लिए प्रार्थना की। रीछपाल और उसके बड़े भाई भी प्रोफेसर धर्मपाल लुहाच दोनों सामाजिक काम में काफी रुचि रखते थे। उनके पास इन गाँव के कुछ लोगों के मोबाईल नंबर पहले से उपलब्ध थे। उतरप्रदेश से गाँव भड़ंगपुर गाँव के एक सेवानिवृत सैनिक नायक सुमनपाल लुहाच का नंबर मिला। सुमनपाल ने बताया की उसके गाँव के आस पास पाँच और गाँव हैं।

इसके आलावा उसने बताया कि मुरादाबाद जिले में भी एक गाँव ज्ञानपुर जिसकी पूरी आबादी लुहाच की है। उसने साथ ही उसी गाँव के एक सेवानिवृत पुलिस दरोगा मेहर सिंह लुहाच का नंबर भी दिया। मेहर सिंह से बातचीत करने पर पता चला कि उसके गाँव से पाँच अन्य गाँव में लुहाच गोत्र के लोगों का विस्थापन हुआ है। उसने इन सब गाँव का नाम भी बताया और उन सब गाँव के कुछ लोगों का नम्बर भी दिया। लुहाच गोत्र के जग्गा ने राजस्थान के नागौर जिले के भींवपुरा गाँव के बारे में जानकारी दी और वहाँ से भाई राजेन्द्र लुहाच का नम्बर दिया। राजेन्द्र ने बताया कि राजस्थान में इस गाँव से पाँच अन्य गाँव में लुहाच गोत्र का विस्थापन हुआ था साथ में इन गाँव की जानकारी भी दी। जब इतनी सारी जानकारी एक साथ मिल गई तो कर्नल साहब ने इन गाँव से संपर्क किया और साथ ही और ज्यादा लोगों खासकर बुजुर्ग लोगों का नंबर लिया और उनसे बात की। इस प्रकार धीरे धीरे एक गाँव से दूसरे गाँव की जानकारी का दायरा बढ़ता गया। देखते ही देखते लगभग तीन चार महीनों में लगभग 35 गाँव का पता चल गया।

जब यह लुहाच गोत्र के गाँव की चैन कड़ी आगे बदती गई तो यह पाया की नान्धा लुहाच गोत्र का प्रथम स्थान है। बाकी गाँव या तो नान्धा से निकले हैं या फिर नान्धा से निकले हुए गाँव से निकले हैं। इसी दौरान नान्धा से सेवानिवृत अधिकारी वारंट अफसर बिजेंद्र लुहाच से नान्धा गाँव की पुरानी वंशावली प्राप्त हुई। बिजेंद्र लुहाच ने बताया कि नान्धा गाँव का एक जग्गा परिवार है जो कि वर्तमान में राजस्थान के किशनगढ़ में रहता है लेकिन इस परिवार के पूर्वज नान्धा के पास के श्यामपुरा गाँव के रहने वाले हैं।

कर्नल साहब ने जग्गा से बात करके उसे अपने पास लुहाच गोत्र की वंशावली और इतिहास से संबंधित सब बही ले कर गुरुग्राम में बुला लिया। जग्गा दो दिन तक कर्नल साहब के पास रहा और लुहाच गोत्र की उत्पति, इतिहास, नान्धा की वंशावली सब लिखवा दी। इसके बाद एक एक करके सब गाँव के लोगों से फोन पर उनकी वंशावली जितना उनको पता थी लिख लिया और साथ ही कंप्युटरीकृत कर लिया। जब यह काम चल रहा था इसी दौरान कर्नल साहब के दिमाग में विचार आया कि इन सब गाँव को एक मंच पर कैसे लाया जाए ? उन्होंने मास्टर ईश्वर लुहाच गाँव गिरावड़, प्रोफेसर बलराज गाँव भड़ताना को साथ लेकर कुचेसर के आसपास रहने वाले गाँव का दौरा

कर अपने लुहाच भाइयों से मुलाकात की। इस दौरान ये तीनों नली हुसैनपुर, भड़ंगपुर, नंगला उग्रसेन, सेहरा, भैसाखुर और खाद मोहन नगर गए। साथ ही गुरुग्राम में एक मिलन समारोह में आने के लिए आमंत्रित किया। इसी दौरान लुहाच वंश का एक ग्रुप बना लिया। धीरे धीरे इस ग्रुप पर लगभग 350 लोग शामिल हो गए। एक बहुत बड़ा मोबाईल नम्बर का बैंक बन गया जिसको लुहाच डायरेक्टरी का नाम दिया गया। इस प्रकार लुहाच परिवार एक मंच पर इकठा हुआ।

गुरुग्राम न केवल हरियाणा का बल्कि पूरे भारत का सपनों का गन्तव्य बन गया है। देश के हर कोने से लोग यहाँ आकर रहना चाहते हैं। इसी सपनों की नगरी में हरियाणा के भी कई गाँव के कई लुहाच भाई या तो यहाँ नोकरी करते हैं या फिर बस गए हैं। इनमें गुगाहेड़ी से कर्नल कर्मबीर सिंह,सेवानिवृत, मोहला से सूबेदार रामबीर सिंह,सेवानिवृत, भड़ताना से इंजीनियर गौतम, भड़ताना से ही प्रोफेसर धर्मपाल सिंह, गिरावड़ से मास्टर ईश्वर सिंह, नीमली से जिला वन अधिकारी विजेन्द्र सिंह, नीमली से एस डी एम दिनेश और नीमली से ही रणबीर पहलवान (भूतपूर्व विधायक राजस्थान विधान सभा) शामिल हैं। इन सब ने एक बैठक कर आपस में कुछ अनुदान इकठा करके गुरुग्राम में ही एक लुहाच मिलन समारोह करने की योजना बनाई। इस योजना का मकसद सब लुहाच भाइयों को एक मंच पर एकत्रित करना था। इस प्रकार लुहाच गोत्र का प्रथम मिलन समारोह गुरुग्राम में इन सब लुहाच भाइयों की पहल पर 14 मार्च 2021 मके दिन किया गया। इसके बाद हर साल एक मिलन समारोह होता आ रहा है। जिसमें लगभग सब गाँव से लुहाच भाई बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लेते हैं। पाँचवाँ मिलन समारोह गाँव मोहला, जिला हिसार, हरियाणा में 31 मार्च 2024 को तय हुआ है।

# प्रथम लुहाच मिलन समारोह

पहला लुहाच मिलन समारोह हरियाणा के गुरुग्राम में 14 मार्च 2021 को रविवार के दिन आयोजित किया गया। इस समारोह के आयोजन को गुरुग्राम में रहने वाले और आस पास नौकरी करने वाले हरियाणा के कुछ लुहाच भाइयों ने किया। इनके नाम इस प्रकार से हैं।

लेफ्टिनेंट कर्नल कर्मबीर सिंह लुहाच,सेवानिवृत (गुगाहेड़ी)

मास्टर ईश्वर सिंह लुहाच (गिरावड़)

मास्टर बलराज सिंह लुहाच (भड़ताना)

प्रोफेसर धर्मपाल सिंह लुहाच (भड़ताना)


भूपेन्द्र सिंह लुहाच (भड़ताना)

सूबेदार रामबीर सिंह,सेवानिवृत (मोहला)

विजेन्द्र सिंह लुहाच, जिला वन अधिकारी (नीमली)

दिनेश लुहाच, हरियाणा प्रशासनिक सेवा (नीमली)

समारोह स्थल “स्वरूप गार्डन” बिजवासन-नजफ़गढ़ रोड, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस समारोह में हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से लगभग 500 लुहाच भाई शामिल हुए। समारोह के दौरान लुहाच गोत्र के इतिहास पर फ्लेक्स चार्ट पर लुहाच परिवार का सफरनामा समझाया गया।




स्मृति पट्टिका: सिपाही गरीबा (नीमली), 10वीं जाट — 04 फ़रवरी 1915 को शहीद; नूव-शैपल स्मारक, फ़्रांस में नाम अंकित







प्रथम लुहाच मिलन समारोह





# द्वितीय लुहाच मिलन समारोह

दूसरा लुहाच मिलन समारोह हरियाणा के चरखी दादरी जिले के नान्धा गाँव में 19 सितम्बर 2021 को रविवार के दिन आयोजित किया गया। नान्धा लुहाच गोत्र का पैतृक गाँव है। इसकी नींव लाल सिंह लुहाच ने विक्रम सम्वत 922(सक सम्वत 865) में डाली थी। लगभग 1500 ईस्वी में यहाँ से पानी व खेती लायक जमीन की तलास में पहला विस्थापन पैंतावास,मोहला और गिरावड़ गाँव के लिए हुआ। इसके बाद दो जत्थे उत्तर प्रदेश के लिए क्रमश 1775 व 1835 ईस्वी में निकले। इसके अलावा समय समय पर अलग अलग गाँव में विस्थापन होता रहा। आज जिस जिस गाँव में लुहाच गोत्र के लोग निवास करते हैं उन सब के पूर्वजों की जन्म स्थली नान्धा ही है और सब लुहाच दादा लाल सिंह के वंशज हैं।

इस समारोह का आयोजन नान्धा के लुहाच भाइयों ने किया था। समारोह में उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान से लगभग 24 गाँव से लगभग 4000 लुहाच भाईयों ने भाग लिया। समारोह में गोत्र के होनहार भाई बहनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।







द्वितीय लुहाच मिलन समारोह





# तृतीय लुहाच मिलन समारोह

तीसरा लुहाच परिवार मिलन समारोह 16 अक्तूबर 2022 को रविवार के दिन हरियाणा के जिला रोहतक की महम तहसील के गिरावड़ गाँव में “बाबा बाढी आला” मंदिर के पावन परिसर में आयोजित किया गया। इस समारोह को बाबा बाढी आला मंदिर के नवींकरण के उपलक्ष्य में भंडारा का नाम भी दिया गया। बाबा बाढी आला परिसर की जमीन गिरावड़ के लुहाच पूर्वजों की जमीन पर बना है और यह मंदिर लगभग 400 साल पुराना है। गिरावड़ के लुहाच परिवार “बाबा” को अपना ईस्ट देवता भी मानते हैं। इस अवसर पर अनेक सिद्ध साधु संतों के अलावा लगभग 27 लुहाच गाँव से लगभग 3500 लुहाच भाइयों ने शिरकत की।

समारोह के दौरान हवन, भंडारा और रागिनी मंडली ने भी लोगों का मनोरंजन किया। समारोह में नीमली से लुहाच परिवार की आन, बान शान आरजू लुहाच जिसने जूडो और कुश्ती के खेल में अंतर राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत कर लुहाच गोत्र का नाम रोशन किया है, उसको स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। इसके अलावा समारोह का मुख्य आकर्षण वृक्षारोपण रहा। समारोह में हर लुहाच गाँव के नाम से मंदिर परिसर में एक पौधे का रोपण किया गया। गिरावड़ गाँव केलुहाच भाई सब गाँव की याद में इन सब गाँव के नाम के पौधे को बखूबी से देखभाल कर रहे हैं। गिरावड़ गाँव की नई पीढ़ी इन पौधों के बहाने सब लुहाच गाँव के नाम को याद रख पाएगी।





तृतीय लुहाच मिलन समारोह












सोमली

# चतुर्थ लुहाच मिलन समारोह

चौथा लुहाच परिवार मिलन समारोह 05 मार्च 2023 को रविवार के दिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले के कुचेसर कस्बे के "कान्हा फार्म हाउस" में आयोजित किया गया। इस समारोह को लुहाच परिवार होली मिलन समारोह का नाम दिया गया क्योंकि इसका आयोजन होली के अवसर पर हुआ था। समारोह लुहाच परिवार के पाँच गाँव नंगला उग्रसेन,नली हुसैनपुर, भड़ंगपुर,सेहरा और भैसाखुर ने मिलकर आयोजित किया। समारोह में हर लुहाच गाँव स्तर पर एक ग्रामीण समिति, राज्य स्तर पर एक प्रान्तीय समिति और इन सब के ऊपर एक केन्द्रीय समिति बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इन समितियों को गठित करने का मकसद लुहाच गोत्र से संबंधित कोई सामाजिक उत्थान के विषय पर आपसी समन्वय करने में मदद करना था।

इस समारोह में हर गाँव से आए सबसे बुजुर्ग लुहाच भाई को मंच से स्मृति चिन्ह और एक शाल दे कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लगभग 28 गाँव से 4000 लोग शामिल हुए।





चतुर्थ लुहाच मिलन समारोह









# भाग 2 — उद्गम

चौहान वंश से दादा लाल सिंह तक — 551 ईस्वी से 865 ईस्वी



# लुहाच वंश की उत्पत्ति

लुहाच वंश का इतिहास लगभग 1500 वर्ष पुराना है। इस वंश की उत्पति चौहान वंश से हुई थी। क्योंकि इस वंश के पूर्वज चौहान वंश से अपना उत्पति मानते हैं इस लिए लुहाच वंश से पहले चौहान वंश की उत्पति और इतिहास पर भी प्रकाश डालना जरूरी है।

चौहान वंश

ऐसा माना जाता है कि त्रेता युग में परसुराम ने सब क्षत्रियों को मार दिया था। क्योंकि राक्षसों से ब्राह्मणों की रक्षा क्षत्रीय ही करते थे, इसलिए ब्राह्मणों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया। सब ब्राह्मण मिलकर वत्स ऋषि के पास मदद लेने के लिए माउंट आबू जिसे उस युग में अर्बुदांचल के नाम से पुकारा जाता था, पर्वत पर ऋषि वत्स के पास गए। ब्राह्मण मंडली ने ऋषि वत्स से गुहार लगाई कि क्षत्रीयों के अभाव में उनकी राक्षसों से रक्षा की जाए। ऋषि वत्स ने ब्राह्मणों की रक्षा के लिए अर्बुदांचल पर्वत को एक यज्ञ करने के लिए चुना। यज्ञ के किए अग्निकुंड बनाया गया। यज्ञ के अग्निकुंड से चार क्षत्रिय पैदा हुए। ऋषि वत्स ने इनके नाम प्रतिहार, चालुक्य और परमार रखा। ऋषि ने इनको आदेश दिया गया कि पृथ्वी से सब असुरों को मार कर ब्राह्मणों की रक्षा की जाए। सभी क्षत्रिय बहुत बहादुरी से लड़े लेकिन असुरों से हार गए। इसके बाद ऋषि वत्स ने एक बार फिर यज्ञ किया। इस बार एक और क्षत्रिय अग्निकुंड से पैदा हुए जिसका नाम चाहमान रखा गया। चाहमान को भी सब राक्षसों को मार कर ब्राह्मणों की रक्षा का दायित्व सौंपा गया। चाहमान ने अकेले ही सब असुरों को मार कर ब्राह्मणों की रक्षा करते हुए धर्म की स्थापना की। आगे चलकर इन्हीं क्षत्रियों के नाम से राजपूतों के चार वंश बने। प्रतिहार से परिहार,चालुक्य से सोलंकी,परमार से परमार और चाहमान से चौहान नाम पड़ा। वैसे तो सभी वंश के शासकों ने बहादुरी के साथ अपने अपने राज्य में राज किया लेकिन चौहान वंश के राजाओं ने सबसे ज्यादा एरिया पर लंबे समय तक राज किया। चौहान वंश के शासकों ने राजस्थान के बहुत बड़े भाग पर 515 ईस्वी से 1194 ईस्वी तक राज किया था। इस वंश के पहले शासक चाहमान (संस्कृत शब्द ) और अंतिम शासक हरिराज थे। हरिराज पृथ्वी राज चौहान के पौत्र थे। इन सब का शासन काल इस प्रकार था :-

**चाहमान** चाहमान को दैत्य शक्ति भी माना जाता है। इनका राज 515 ईस्वी से 551 ईस्वी तक माना जाता है। चाहमान ने अर्बुदांचल पर्वत से सब असुरों का नाश करके अपना आधिपत्य स्थापित किया। उन्होंने कुछ समय नागौर में बिताने के बाद सांभर के पास नलियासर पर हमला किया और हूणों को हराकर अपने अधीन कर लिया।

**वासुदेव** वासुदेव चाहमान का पुत्र था क्योंकि चाहमान को दैत्य शक्ति माना जाता है इसलिए वासुदेव को चौहान वंश का पहला शासक माना जाता है। इनका शासन काल 551 ईस्वी से 627 ईस्वी तक माना जाता है लेकिन इस समय का इतिहास में कहीं लेखा जोखा नहीं मिलता। चाहमान और हूणों की लड़ाई में नलियासर बिल्कुल बर्बाद हो गया जो कि हूणों की राजधानी हुआ करती थी। वासुदेव ने पहले नागौर को फिर बाद में सांभर झील के

पास शाकंभरी नाम से अपनी राजधानी बनाई। उस समय वहाँ पर कुछ झोंपड़ियों के अलावा कुछ नहीं था। वहाँ पर झील के किनारे एक महल बनाया। आज इस महल के खंडहर ही मौजूद हैं।

**सामंत राज** सामंत राज वासुदेव का पुत्र नहीं था। वासुदेव और सामंत राज के बीच क्या संबंध थे यह एक रहस्य है। उनका कार्यकाल 684 ईस्वी से 709 ईस्वी तक रहा। इनको माणिक देव की पदवी मिली हुई थी। ऐसा माना जाता है कि इनके शासन काल में ही सांभर झील से नमक का व्यापार शुरू हुआ था।

**नरदेव (नृप)** नरदेव वासुदेव का बड़ा पुत्र था। उसका शासन काल 709 ईस्वी से 721 ईस्वी तक रहा। हालांकि शाकंभरी राज्य की राजधानी थी लेकिन नृप ने अज्ञात कारणों से नागौर में रह कर ही राज किया। नरदेव का एक ही पुत्र था जिसका नाम संकट देव था। संकट देव का जन्म 710 ईस्वी में नागौर में हुआ। नरदेव की मृत्यु 721 ईस्वी में हो गई। पिता की मृत्यु के समय राजकुमार संकट देव महज 11 वर्ष के थे। इस कारण नृप के छोटे भाई अजय राज प्रथम को राज सिंहासन पर बिठाया गया। इसके साथ ही नृप देव के वंशज से हमेशा के लिए राजसिंहासन छिन गया। संकट देव को लुहाच वंश का पूर्वज माना जाता है।

**अजय राज प्रथम** अजय राज, नृप देव का छोटा भाई और वासुदेव का छोटा बेटा था। बड़े भाई नृप देव की मौत के बाद 721 ईस्वी में शाकंभरी के सिंहासन पर बैठा। इन्होंने नागौर की बजाय शाकंभरी में रह कर राज किया। इनका शासन काल 721 ईस्वी से 734 ईस्वी तक रहा।

| शासक | शासन काल (ईस्वी) |
|---|---|
| विग्रह राज प्रथम | 734–759 |
| चंद्र राज प्रथम | 759–771 |
| गोपेंद्र राज | 771–784 |
| दुर्लभ राज प्रथम | 784–809 |
| गोविंद राज प्रथम | 809–836 |
| चंद्र राज द्वितीय | 836–863 |
| गोविंद राज द्वितीय | 863–890 |
| चंदन राज | 890–917 |
| वाक्पति राज प्रथम | 917–944 |
| विंध्य राज | 944–944 |
| सिंह राज | 944–971 |
| विग्रह राज द्वितीय | 971–998 |
| दुर्लभ राज द्वितीय | 998–1012 |
| गोविंद राज तृतीय | 1012–1026 |
| वाक्पति राज द्वितीय | 1026–1040 |

| शासक | शासन काल (ईस्वी) | |
|---|---|---|
| वीर्य राज | 1040–1040 | |
| चामुंड राज | 1040–1065 | |
| दुर्लभ राज तृतीय | 1065–1070 | |
| विग्रह राज तृतीय | 1070–1090 | |
| पृथ्वी राज प्रथम | 1090–1110 | |
| अजय राज प्रथम | 1110–1135 | ये राजधानी को अजमेर ले गए थे। |
| अरणों राज | 1135–1150 | |
| जगद देव | 1150–1150 | |
| विग्रह राज चतुर्थ | 1150–1164 | |
| अमर गंगेय | 1164–1165 | |
| पृथ्वी राज द्वितीय | 1165–1169 | |
| सोमेश्वर चौहान | 1169–1178 | ये पृथ्वी राज चौहान के पिता थे। |

**पृथ्वी राज तृतीय (पृथ्वी राज चौहान)** 1178 ईस्वी से 1192 ईस्वी तक।

# चौहान वंश के मुख्य राज्य

चौहान वंश वर्तमान राजस्थान, हरियाणा, उतर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात राज्यों के अलग अलग भागों में फैला हुआ था। इनके राज्यों के नाम इस प्रकार से थे।

अहिछत्रपूरा, जिला नागौर (राजस्थान)

शाकंभरी (सांभर), जिला जयपुर (राजस्थान)

ददरेवा, जिला सीकर (राजस्थान)

अजयमेरु, जिला अजमेर (राजस्थान)

नददुल (नाडोल), जिला पाली (राजस्थान)

लता, जिला भड़ोच (गुजरात)

धौलपुर, जिला धौलपुर (राजस्थान)

प्रतापगढ़, जिला प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश)

जालौर, जिला जालौर (मध्य प्रदेश)

रणथम्भोर, जिला सवाईमाधोपुर (राजस्थान)

# इतिहास के स्रोत

चौहान वंश का इतिहास विभिन्न स्रोतों से लिया गया है। पहले जमाने में आज की तरह से लेखन क्रिया की लोगों में समझ नहीं थी। इसलिए अलग अलग तरीके से राजाओं और उनके राज्यों का ब्योरा रखा जाता था। इनको शिलालेख और अभिलेख का नाम दिया गया। चौहान वंश का इतिहास भी अलग अलग शिलालेख, अभिलेख, पत्र और पुस्तकों से लिया गया है जो कि इस प्रकार से है :-

**बिजौला शिलालेख** यह शिलालेख शाकंभरी नरेश सोमेश्वर के मंत्री ने गाँव बिजौला, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान के पाशर्वनाथ मंदिर में एक शीला पर संस्कृत भाषा में लिखवाया था। इस लेख में शाकंभरी के चौहानों के शासन काल और समकक्ष राजाओं के बारे में बताया गया है। यह लेख 1170 ईस्वी में लिखा गया था।

**सुधा लेख** यह लेख 1262 ईस्वी में लिखा गया था। इसमें जालौर के चौहानों के शासन काल को दर्शाया गया है।

**अच्छलेश्वर मंदिर लेख** यह मंदिर माउंट आबू पर्वत पर स्थित है। इस लेख में चारों अग्नि पुत्र चाहमान, प्रतिहार, चालुक्य और परमार की अग्निकुंड से उत्पति से लेकर शाकंभरी चौहान की वंशावली पर प्रकाश डाला गया है। यह लेख 1320 ईस्वी में लिखा गया था।

**हमीर महाकाव्य** यह महाकाव्य 15 वीं सदी में हमीर द्वारा लिखा गया। इसमें रणथंभोर के चौहानों के शासन काल पर प्रकाश डाला गया है।

**पृथ्वी राज रासो** इस महाकाव्य की रचना की शुरुआत पृथ्वी राज चौहान के राज कवि चंद्र बरदाई ने की थी और उसकी मृत्यु के बाद उसके पुत्र जयंक ने इसे पूरा किया। इस महाकाव्य में पृथ्वी राज चौहान के शासन काल, कन्नौज के राजा जयचंद की बेटी संयोगिता से प्रेम प्रसंग, राजा जयचंद से लड़ाई, तराईन की पहली और दूसरी लड़ाई, चौहान वंश का पतन और मुहम्मद गौरी के ऊपर काफी विस्तार से लिखा गया है।

# इतिहास लिखने का माध्यम

जब कागज, कलम और स्याही की खोज नहीं हुई थी उस समय इतिहास विभिन्न प्रकार के माध्यम से मौखिक सुनाया जाता था जैसे आल्हा, रागिनी, कहानी, कविता और दोहे आदि के रूप में। यह विधि पीढ़ी दर पीढ़ी अभी तक चली आ रही है। आदि समय से लेकर अब तक निम्नलिखित तरीके इतिहास को लिखने में इस्तेमाल किए गए।

**मौखिक** कहानी, श्लोक, कविता, रागिनी आदि के रूप में।

**तार पत्र** ये तरीका सत युग काल में इस्तेमाल होता था। इस विधि द्वारा एक जगह से दूसरी जगह संदेश भेजे जाते थे।

**भोजपत्र** यह तरीका द्वापर और त्रेता युग में इस्तेमाल होता था। इस विधि में भोज नाम के पेड़ के छिलके का इस्तेमाल सांस्कृतिक पांडुलिपि के लिखने के लिए किया जाता था। आज भी विभिन्न संग्रहालयों में भोज पत्र पर लिखी हुई प्रति लिपियाँ संग्रहीत हैं। भोज पत्र का पेड़ ऊंचे पहाड़ों में होता है। इसका छिलका चिकना होता है और उस पर लिखना आसान भी होता है। इस पर लिखे लेख सदियों तक खराब नहीं होते।

**ताड़ पत्र** यह विधि कलियुग में लेख लिखने के लिए इस्तेमाल की जाती थी। इसमें ताड़ नाम के पेड़ की छाल लेख लिखने के लिए इस्तेमाल की जाती थी। इसकी छाल चिकनी होती है जिस पर लेख लिखना आसान होता है। इस पर लिखे ग्रंथ सदियों तक सुरक्षित रहते हैं। आज भी कई मठों और विश्वविद्यालयों में ताड़ पत्र पर लिखे ग्रंथ उपलब्ध हैं।

**ताम्र पत्र** यह विधि भी कलियुग में इस्तेमाल की जाती थी। इसमें तांबे की पतली परत पर खुदाई करके लेख लिखा जाता था। आज भी विभिन्न प्राचीन भाषाओं में लिखे ताम्रपत्र पुरातत्व विभाग के पास सुरक्षित हैं।

**रस्सी पत्र** इस विधि द्वारा सनी को गला कर दीवार पर शब्दों का आकार दे कर भी लेख लिखे जाते थे।

**कागज पत्र** यह आधुनिक तरीका है। यह तरीका मध्यकाल से चला आ रहा है।

**इंटरनेट** यह तरीका 1990 के दशक से वर्तमान तक इस्तेमाल में है।

**वर्ण व्यवस्था** यह व्यवस्था लगभग 1500 ईस्वी पूर्व भारत में आर्यों के आगमन से शुरू हुई थी। इसमें समाज को काम के आधार पर बांटा गया था जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। वैश्य वर्ग में भी कई उप जातियाँ होती थी जिनका व्यवसाय उनकी काम करने की रुचि के आधार पर होता था। इसमें से एक उप जाति ऐसी थी जिसका काम अन्य जाति व उप जाति के लोगों के वंश का लेखा जोखा रखना होता था। इनको अलग अलग जगह पर अलग नाम से जाना जाता था जैसे राव, भट्ट, भाट, जग्गा, पड़िया व अन्य।

# लुहाच वंश

जैसा कि ऊपर बताया गया है कि इतिहासकारों के अनुसार लुहाच वंश का उद्गम राजपूत जाति के चौहान वंश से है। इसका मतलब जाति और गोत्र दोनों बदली हुए थे। राजपूत जाति से जाट जाति और चौहान गोत्र से लुहाच गोत्र अपनाया गया। इसके पीछे एक लंबी कहानी है। इन्हीं तथ्यों को सही मानते हुए चाहमान (दैत्य पुरुष) से अब तक (515 ईस्वी-2025 ईस्वी) 1510 साल और लाल सिंह लुहाच (लुहाच वंश संस्थापक) से अब तक (860 ईस्वी-2025 ईस्वी) 1165 साल पुराना लुहाच वंश का इतिहास है। यह इतिहास उपरोक्त लिखित लेख और इस गोत्र के भाट जिन्हें बही भाट के नाम से भी जाना जाता है के पास उपलब्ध बही व ताड़ पत्र में लिखे विवरण पर आधारित है।

# लुहाच वंश के बही भाट

यह परिवार पृथ्वी राज चौहान के राज कवि चंद्र बरदाई के गोत्र से है। चंद्र बरदाई भी एक बही भाट थे जिनके पूर्वज चौहान राजपूतों की वंशावली व उनका इतिहास लिखते थे। यह परिवार लगभग 943 ईस्वी तक राजस्थान के वर्तमान जयपुर जिले के बुहारू गाँव में रहता था और चौहान राजपूतों का इतिहास लिखते था। इस समय तक लुहाच वंश की उत्पति हो चुकी थी। लगभग 950 ईस्वी में किसी अज्ञात कारणों से यह परिवार वर्तमान हरियाणा के जिला चरखी दादरी के श्यामपुरा गाँव में आकर रहने लगा। लुहाच परिवार का पैतृक गाँव, श्यामपुरा गाँव का सीमावर्ती गाँव था। जब इस बही भाट परिवार को इसका पता चला तो उसनें लुहाच परिवार के इतिहास को चौहान गोत्र से अपनी बही व ताड़ पत्र के उपलब्ध विवरण के आधार पर अपनी बही में कलबद्ध करना शुरू किया। तब से आज तक का सम्पूर्ण लुहाच वंश का इतिहास व नाँधा से अन्य गाँव के लिए हुए विस्थापन तक की वंशावली इस परिवार की बही में लिखा हुआ है। यह परिवार श्यामपुरा में 1865 ईस्वी तक रहा। इस परिवार में काशी राम नाम का एक पूर्वज था जिसकी शादी वर्तमान अजमेर जिले के सावंत सर गाँव में हुई थी। काशी राम की पत्नी के कोई भाई नहीं था इसलिए काशी राम अपने परिवार समेत अपनी ससुराल सावंत सर जाकर बस गया। तब से अब तक यह परिवार सावंत सर में रह कर लुहाच गोत्र का इतिहास और वंशावली अपनी बही में लिखता आ रहा है। इस समय रामचंद्र भाट और देश राज भाट दोनों भाई इस काम पर लगे हुए हैं। दोनों भाई हर पाँच साल के बाद हर लुहाच गाँव में जाकर हर घर की वंशावली का आधुनिकिकरण करते हैं। इस परिवार की वर्तमान पीढ़ी से पहले तक के कुछ नाम इस प्रकार से हैं। देसराज व रामचंद्र सुपुत्र प्रेमचंद सुपुत्र काशी राम सुपुत्र जेठा राम सुपुत्र नारायण राम सुपुत्र सीता राम सुपुत्र कालू राम सुपुत्र खनडु राम। इस परिवार का वर्तमान पता है– राम चंद्र भाट सुपुत्र प्रेमचंद, महावीर कालोनी, गाँव सावंत सर,तहसील किशन गढ़, जिला अजमेर, राजस्थान। मोबाइल नंबर (क) राम चंद्र -7976899517 (ख) देसराज- 7568381813





बही भाट — पीढ़ी दर पीढ़ी लिखी जाने वाली वंश की बही

# लुहाच वंश के पूर्वजों का इतिहास ( 551 ईस्वी-860 ईस्वी)

जैसा कि विभिन्न लेखों और पृथ्वी राज के राज कवि चंद्र बरदाई की बही में बताया गया है कि चाहमान के पुत्र वासुदेव चौहान वंश के संस्थापक थे और उसने 551 ईस्वी में हूणों का पीछा करते हुए नागौर होते हुए शाकंभरी (वर्तमान सांभर) में पहले चौहान राज वंश की नींव रखी थी। उस समय उसके राज में ऐसा माना जाता है कि सवा लाख गाँव थे इस लिए उसके राज्य को सपादलक्ष भी कहा जाता है। वासुदेव का शासन काल 551 ईस्वी से 627 ईस्वी तक रहा। 627 ईस्वी से 684 ईस्वी तक सिंहासन पर कौन था इसका इतिहास में कोई लेखा जोखा नहीं मिलता। 684 ईस्वी में माणिक राज गद्दी पर बैठा। माणिक राज एक सामंत था। उसका राज 709 ईस्वी तक रहा। वास्तव में वासुदेव एक ऐसा राजा था जिसको चौहान वंश और लुहाच वंश के वंशज अपना पूर्वज मानते हैं। वासुदेव के दो बेटे थे। बड़ा बेटा नर देव उर्फ नृप था जिसका राज 709 ईस्वी से 721 ईस्वी तक रहा। उसकी मृत्यु के बाद वासुदेव का छोटा बेटा अजय राज प्रथम उर्फ जय राज उर्फ अजय पाल गद्दी पर बैठा। उसका राज 721 ईस्वी से 734 ईस्वी तक रहा। अजय राज से आगे राज घराना उन ही के वंशज के पास रहा। इस राज घराने का आखिरी राजा हरी राज था जो कि पृथ्वी राज चौहान का पौत्र था जिसका राज 1194 ईस्वी में समाप्त हो गया।

नर देव के पुत्र से बाल्यवस्था होने के कारण उसकी मौत के बाद से राज घराना नहीं रहा। उसकी मौत के समय उसके इकलौते पुत्र संकट देव की उम्र महज 11 वर्ष थी इसी कारण राज घराना उसके चाचा अजय राज के वंशजों की तरफ चला गया। नर देव के वंशजों ने आगे चलकर चौथी पीढ़ी में लुहाच गौत्र को जन्म दिया। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।

# दादा नर देव से दादा लाल सिंह तक का इतिहास

**नर देव** जैसा कि ऊपर बताया गया है कि नर देव, राजा वासुदेव के पुत्र थे। उसका राज 709 ईस्वी से 721 ईस्वी तक रहा। 710 ईस्वी में राजघराने में नागौर में एक राज कुमार पैदा हुआ जिसका नाम संकट देव रखा गया। नर देव की मौत 721 ईस्वी में हो गई। उस समय राज कुमार की उम्र महज 11 साल थी। राजकुमार की बाल्यवस्था को देखते हुए राज पाट चाचा अजय राज के पास चला गया। चाचा ने राजधानी नागौर से सांभर बना ली। पीछे से राज कुमार का लालन पालन उसकी माता ने नागौर में रह कर ही किया।

**संकट देव** संकट देव का जन्म नागौर के राज महल में हुआ। पिता की मौत के बाद उसका लालन पालन उसकी माँ ने ही किया। पिता नर देव के समय से ही नागौर, नाडोल और पाली के इलाकों में भील जन जाति व मेद जन जाति का काफी प्रभाव था। दोनों जन जाति काफी बहादुर व लड़ाकू थी। उन्होंने हूणों के शासन काल से ही हुड़दंग मचा रखा था। हूणों के बाद जब चौहानों का राज आया तो भी ये जन जातियाँ लूट पाट व मार काट करती रहती थी। 735 ईस्वी में संकट देव की शादी चित्तौड़गढ़ की राज कुमारी से हो गई। 740 ईस्वी में संकट देव के घर एक बेटा पैदा हुआ जिसका नाम रामदास रखा गया। 750 ईस्वी में दूसरा बेटा पैदा हुआ जिसका नाम राम सिंह रखा गया। धीरे धीरे दोनों भाई बड़े हो गए। भील व मेद जन जातियों का झगड़ा चलता रहा। सांभर से भी कोई खास मदद नहीं मिलती थी इस लिए हमलावरों का हौसला बढ़ता गया। 778 ईस्वी में संकट देव के परिवार और मेद जन जाति के लोगों के बीच भयंकर युद्ध हुआ। उस समय रामदास की उम्र 38 साल, राम सिंह की उम्र 28 साल और संकट देव की उम्र 68 साल थी। हालांकि मेदों की संख्या संकट देव के परिवार से काफी ज्यादा थी लेकिन संकट देव और उसके बेटे बहुत बहादुर और लड़ाकू थे। भयंकर लड़ाई हुई जिसमें मेद जन जाति के कई लोग मारे गए जिनमें भल्ला, मेवा, सेवा और खीवा मुख्य नाम थे।

बैर विरोध बढ़ता गया। संकट देव ने अपने परिवार पर खतरा बढ़ते देख 780 ईस्वी में परिवार सहित अपनी ससुराल चित्तौड़गढ़ जाने का मन बना लिया। इस प्रकार संकट देव 780 ईस्वी में अपनी ससुराल आकर रहने लगा। चितोड़गढ़ आते ही राम सिंह के घर बेटा पैदा हुआ जिसका नाम लाल सिंह रखा गया। यह वही लाल सिंह था जिसने आगे चलकर लुहाच वंश की नीव रखी। रामदास और राम सिंह दोनों भाइयों की शादी भी नागौर रहते हुए ही हो गई थी। चित्तौड़गढ़ में 90 साल की उम्र में 800 ईस्वी में संकट देव की अपनी ससुराल चित्तौड़गढ़ मौत हो गई।

**रामदास** रामदास संकट देव का बड़ा बेटा था। पिता की मृत्यु के बाद दो साल तक वह अपने छोटे भाई राम सिंह के साथ अपने ननिहाल में ही रहा। इस दौरान रामदास के परिवार का अपने ननिहाल के लोगों से संपती को लेकर मतभेद हो गया। इसलिए रामदास अपने भाई के परिवार के साथ 802 ईस्वी में अपने पूर्वजों की राजधानी सांभर आ गया। उस समय दुर्लभ राज प्रथम का राज था। सांभर में पीने का पानी नहीं था। सांभर झील और जमीन के नीचे का पानी खारा था। राज घराने से भी कोई मदद नहीं मिली। रामदास ने सपरिवार गोगामेड़ी जाने का मन बना लिया। छोटा भाई राम सिंह गोगामेड़ी की बजाय अजमेर जाना चाहता था क्योंकि अजमेर में आना

सागर झील में पीने के लिए मीठा पानी था। इस प्रकार दोनों भाइयों में मतभेद हो गया। 20 साल सांभर में रहने के बाद 822 ईस्वी में छोटा भाई राम सिंह अपने परिवार के साथ अजमेर चला गया। उसी साल रामदास भी अपने परिवार के साथ गोगामेड़ी चला गया। इस प्रकार दोनों भाइयों का परिवार हमेशा हमेशा के लिए अलग हो गया। गोगामेड़ी से रामदास के वंशज बाद में वर्तमान राजस्थान के जिला नागौर, बीकानेर और चुरू जिलों के कई गाँव में जाकर रहने लगे और लांच व लवाइच गोत्र के नाम से जाने जाने लगे। ये गाँव हैं बोड़वा, थावला, लांच की ढाणी, सुरपालिया, ढिंगसरी, खेतास और जोधयाशी। सभी लांच और लवाईच अपने आप को लुहाच गोत्र का चचेरा भाई मानते हैं।

**राम सिंह** राम सिंह संकट देव का छोटा बेटा और रामदास का छोटा भाई था। राम सिंह भी अपने परिवार के साथ चितोड़गढ़ से आकर सांभर रहने लगा था। पीने के पानी की किल्लत की वजह से बड़ा भाई गोगामेड़ी चला गया और राम सिंह अपने परिवार के साथ 822 ईस्वी में अजमेर आकर रहने लगा। उस समय अजमेर शहर नहीं बल्कि एक छोटी सी बस्ती होती थी। यहाँ पर पहाड़ों के बीच छोटी छोटी झील के रूप में पीने का पानी था। उस जमाने में जहां भी थोड़ा बहुत पानी मिल जाता, वहीं पर लोग बस्ती बना कर रहने लगते थे। जब यह परिवार अजमेर आया उस समय राम सिंह की उम्र 72 वर्ष और बेटे लाल सिंह की उम्र 22 वर्ष थी। राम सिंह ने यहीं पर बसने का मन बना लिया। 825 ईस्वी में यहीं पर बेटे लाल सिंह की शादी हो गई। 827 ईस्वी में अजमेर में ही लाल सिंह का बड़ा बेटा बरदेस राम और 829 ईस्वी में छोटा बेटा लूँगा राम पैदा हुए। राम सिंह एक धार्मिक परिवृति के इन्सान थे और चौहानों की कुलदेवी माता शाकंभरी के भगत थे। उसकी माता में बहुत गहरी आस्था थी। ऐसी मान्यता है कि एक रात माता शाकंभरी अपने भगत राम सिंह को सपने में दिखाई दी। माता ने राम सिंह को कहा कि यह जगह आप के परिवार के लिए अशुभ है। अगर आप यहाँ रहे तो आप का वंश नहीं चलेगा। इस लिए आप सपरिवार ओर कहीं चले जाओ। राम सिंह इस स्वप्न से काफी चिंतित हो गए। एक ही बेटा था इसलिए राम सिंह 830 ईस्वी में अपने परिवार के साथ चुरू जिले के ददरेवा में आ गया।



कुलदेवी (पुरानी लुहाच वेबसाइट के कुलदेवी पृष्ठ से)

जब राम सिंह ददरेवा आए उस समय वहाँ पर भी चौहान वंश का राज था। ददरेवा गोगा जी महाराज की जन्म स्थली थी। गोगा जी महाराज के पूर्वजों ने ददरेवा को अपनी राजधानी बना रखा था। जब राम सिंह ददरेवा पहुंचे तो उन्हें यहाँ भी सांभर की तरह पीने का खारा पानी मिला। उस जमाने में पानी की बहुत किल्लत होती थी। बरसात नहीं के बराबर होती थी। जमीनी पानी पीने लायक नहीं था। इस लिए लोग ऊंट गाड़ी का कारवां बना कर पानी की तलास में एक जगह से दूसरी जगह जाते रहते थे। जहां पीने का पानी मिल जाता, वहीं पर डेरा डाल कर रहने लगे। बाद में यही डेरा बस्ती का रूप ले लेता था। राम सिंह बूढ़ा हो चला था। उसकी उम्र 80 साल की हो गई थी। बेटा लाल सिंह 30 वर्ष के नोजवान थे। पौत्र बिरदेस और लूँगा राम महज बच्चे थे। राम सिंह कुलदेवी शाकंभरी के पुजारी थे। अपने भगत की परेशानी को देखते हुए माता ने फिर एक रात दर्शन दिए। माता ने राम सिंह को बताया कि आप ने गलत जगह पर डेरा डाला है। एक तो यहाँ पर जमीन का खारा पानी है। दूसरा आप को चौहान राजपूत वंश को छोड़कर कोई दूसरा जाति और गोत्र अपनाना पड़ेगा अन्यथा आपका वंश आगे नहीं बढ़ेगा।

राम सिंह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही थी। कुलदेवी अपने भगत को बार बार आगाह कर रही थी। राम सिंह ने अपना जाति और गोत्र तो नहीं छोड़ा लेकिन पीने के मीठे पानी की लालसा में उसने कहीं और आगे जाने का मन बना लिया। इस प्रकार दो साल ददरेवा में रुकने के बाद राम सिंह सपरिवार 832 ईस्वी में सिधमुख आ गए। सिधमुख भी उस समय एक छोटा सा गाँव होता था जिसमें कुछ एक झोपड़ियाँ थी। वर्तमान में सिधमुख राजस्थान के चुरू जिले की राजगढ़ तहसील का एक छोटा सा कस्बा है जो कि ददरेवा से 20 किलो मीटर उत्तर में है। सिधमुख पर उस समय चहार गोत्र के जाट राजा का शासन का हिस्सा था। सिधमुख आने पर पता चला कि यहाँ भी पीने का पानी खारा है।

परिवार पानी की तलास में दर दर भटकता फिर रहा था। ऊपर से जाति व गौत्र ना बदली करने के कारण वंश खत्म होने का डर और माता शाकंभरी की चेतावनी भी परेशान कर रही थी। माता शाकंभरी ने एक बार फिर राम सिंह को स्वप्न में आकर सिद्धपुर और गोत्र सहित जाति बदली करने की याद दिलाई। राम सिंह पहले ही अपने जन्म स्थान नागौर से चल कर अपने ननिहाल चितोड़गढ़ होते हुए सांभर, अजमेर, ददरेवा होते हुए सिद्धपुर पहुँचते पहुँचते बूढ़े हो चुके थे। इस लिए और आगे नहीं जाने का मन बना लिया। राम सिंह का 840 ईस्वी में 90 वर्ष की आयु में सिद्धपुर में ही देहान्त हो हो गया। इस प्रकार इस परिवार के एक महान पुरुष की लंबी व संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा समाप्त हो गई।

**लाल सिंह** लाल सिंह अपने पिता राम सिंह की इकलौती औलाद थी। इनका जन्म 800 ईस्वी में चितोड़गढ़ में हुआ था। जन्म के बाद अपने दादा व पिता के साथ सांभर, अजमेर, ददरेवा होते हुए सिद्धपुर पहुंचे थे। 840 ईस्वी में पिता के देहांत के बाद परिवार की सारी जिम्मेदारी लाल सिंह के कंधों पर आ गई। पत्नी के अलावा परिवार में दोनों बेटे बरदेश राम और लूँगा राम क्रमशः: 23 वर्ष और 21 वर्ष के नौजवान थे। समय गुजरता गया। राम सिंह की मृत्यु के बाद माता शाकंभरी बेटे लाल सिंह को स्वप्न में आकर जगह छोड़ने और जाति व गौत्र बदली करने की याद दिलाती रही। लाल सिंह ने भी दोनों बातों पर अमल नहीं किया। काफी समय गुजर गया। परिवार में आदमियों की कमी थी इस लिए लाल सिंह ने 850 ईस्वी में बरदेस और 853 ईस्वी में लूँगा राम की शादी कर दी। 855 ईस्वी में लूँगा राम की पत्नी से बड़े बेटे बाला राम और 857 ईस्वी में छोटे बेटे सेदो राम का जन्म हुआ।

खारा पानी की समस्या का तो परिवार आदि पड़ चुका था, लेकिन कुलदेवी माता शाकंभरी राम सिंह की मृत्यु के बाद हर साल लाल सिंह को जगह और गौत्र बदली करने के लिए याद दिलाती रही। लाल सिंह भी अपने पिता राम सिंह की तरह कुलदेवी के भगत थे। अन्त में पिता के गुजरने के 20 साल बाद 860 ईस्वी में उसनें माता के कहे अनुसार जगह और गौत्र बदली करने के लिए मन बना लिया। लाल सिंह ने सुन रखा था कि सिधमुख से उतर-पूर्व लगभग 20 कोस दूर जड़वा गाँव में पीने का मीठा पानी है। इस लिए सन 860 ईस्वी में लाल सिंह सपरिवार सिधमुख को छोड़ कर जड़वा आ गए। यहाँ आकर परिवार को पीने का मीठा पानी मिल गया। परिवार काफी खुश हुआ। माता के कहे के मुताबिक परिवार की एक बहुत बड़ी मुराद पूरी हो गई। इससे परिवार की माता के प्रति आस्था और भी गहरी हो गई।

860 ईस्वी तक जड़वा एक छोटी सी ढाणी हुआ करती थी। इसमें कुछ कच्चे मकान व झोपड़ियाँ मात्र ही थी। लोगों का आजीविका का मुख्य जरिया पशु पालन के अलावा खेती बाड़ी था। क्योंकि जमीन के नीचे का पानी मीठा था इस लिए कुआं, और रहट द्वारा जमीन का पानी तालाब व बावड़ी में एकत्रित कर के इंसानों व जानवरों के पीने का काम चल जाता था। रहट व कुआं से थोड़ा बहुत खेती की सिचाई भी हो जाती थी। इस प्रकार गाँव में काफी खुशहाली थी। गाँव में तोमर राजपूत जाति की जनसंख्या थी। ये ढाणी दिल्ली के तोमर वंश के साम्राज्य के अधीन पड़ता था। जड़वा आजकल हरियाणा राज्य के महेंद्रगढ़ जिले में पड़ता है।

जैसा कि ऊपर बताया गया है कि माता ने लाल सिंह को वंश की सलामती के लिए दो सुझाव दिए थे। एक पीने का मीठा पानी के लिए जगह बदली करना और दूसरा वंश को आगे चलने के लिए गौत्र व जाति दोनों बदली करना। एक समस्या का तो समाधान हो गया था लेकिन दूसरी समस्या अभी तक सामने खड़ी थी। लाल सिंह चौहान राजपूत थे जबकि पूरी ढाणी तोमर राजपूत के लोगों की थी। दोनों में एक बात तो सामान्य थी और वह थी राजपूत जाति। दोनों अग्नि वंशी थे पर गौत्र अलग अलग थे। दूसरा इनकी उत्पति से ही राजपूतों के सभी चारों वर्ग चौहान, परमार, प्रतिहार और चालुक्य आपस में लड़ते रहते थे। परमार राजपूत चौहान राजपूतों को पसंद नहीं करते थे। इसी कारण से कुछ दिन के बाद लाल सिंह परिवार और परमार में झगड़ा होने लगा। लाल सिंह को गाँव छोड़ने केलिए दबाव पड़ने लगा। लाल सिंह मीठा पानी मिलने के कारण जड़वा छोड़ने को तैयार नहीं था। दुश्मनी बढ़ती गई। आखिर में लाल सिंह ने माता शाकंभरी के कहे अनुसार अपना जाति और गौत्र बदली करने का मन बना लिया। लाल सिंह ने अपने नाम से मिलता जुलता लुहाच गौत्र और जाति जाट रख लिया। इस प्रकार 860 ईस्वी में जड़वा गाँव में लाल सिंह चौहान का परिवार लाल सिंह लुहाच बन गया और जाति जाट अपना लिया।

कुलदेवी माता शाकंभरी के कहे अनुसार अब लाल सिंह को पीने के लिए मीठा पानी भी मिल गया और वंश आगे न चलने का श्राप भी उतर गया। परिवार सुख पूर्वक रहने लगा लेकिन तोमर राजपूतों से संबंध मधुर नहीं बन पाए। लाल सिंह का परिवार छोटा था और तोमर राजपूतों की संख्या ज्यादा थी। राजपूत चाहते थे कि लाल सिंह का परिवार गाँव छोड़कर कहीं और चला जाए। आए दिन लड़ाई झगड़ा होने लगा। लाल सिंह के परिवार में राजपूतों का सामना करने के लिए सिर्फ छः सदस्य, लाल सिंह स्वयं, उसकी पत्नी, दो बेटे बरदेस राम व लूँगा राम और उन दोनों की पत्नियाँ थी। लाल सिंह और उसकी पत्नी हालांकि बूढ़े हो चुके थे लेकिन बहू-बेटे जवान थे। दोनों बेटे बहुत बहादुर व लड़ाई में काफी सक्षम थे। फिर भी लाल सिंह आमने सामने की लड़ाई में इतने लोगों का सामना करने में

सक्षम नहीं था। इस लिए एक दिन लाल सिंह परिवार ने योजना बनाई जिसके तहत यह निर्णय लिया गया कि तोमर राजपूतों से पहले दोस्ती कर ली जाए। फिर जब इनसे संबंध थोड़े से नरम हो जाए तब उनको अपने बाड़ा में एक सभा के के लिए आमंत्रित किया जाए। जब सब बाड़ा में एकत्रित हो जाएं तब बाड़ा का गेट बन्द करके उन पर हमला किया जाए। इसी योजना के तहत लाल सिंह परिवार गाँव के लोगों से मिलजुल कर रहने लगा। जब माहौल नरम हुआ तब सब तोमर लोगों को ग्राम सभा के लिए बाड़ा में बुलाया गया। जब सब लोग एकत्रित हो गए तब लाल सिंह परिवार ने चालाकी से मुख्य द्वार बन्ध कर दिया। बाहर से लाल सिंह परिवार देसी हथियारों से लेस हमला करने लगा। इस लड़ाई में कुछ तोमर लोग तो अंदर ही जख्मी होकर मर गए और कुछ बाहर निकल कर भागने में सफल रहे। बरदेस राम बहुत ही तगड़ा व बहादुर था। उसने अकेले में ही कई लोगों को मार गिराया। इस झड़प में बरदेस राम भी शहीद हो गया। यह घटना 864 ईस्वी की है।

जो लोग सभा में नहीं आए थे वह डर के कारण अपने बच्चे, बूढ़े, औरतों और पशुओं के साथ भाग कर दूसरे गाँव में चले गए। जब लोग जान बचाकर दूसरे गाँव में शरण ले रहे थे तो उस में एक गर्भवती महिला भी थी। इस महिला का भी सारा परिवार खत्म हो चुका था। पूरा गाँव उजड़ बन गया। इसी घटना के कारण गाँव का नाम उजड़वा पड़ गया। बरदेस की बहादुरी के नाम पर बरदेस लुहाच की याद में एक छतरी बनाई गई जो आज भी उजड़वा गाँव में मौजूद है।

इस घटना के कुछ महीने बाद उस गर्भवती महिला ने एक लड़के को जन्म दिया। महिला अपने बेटे को अपने मायके में ही पालने लगी। एक दिन वह महिला हिम्मत करके उसी उजड़वा गाँव में आई। उसने लाल सिंह को कहा कि आप ने मेरा सुहाग उजाड़ा है। इस लिए में आप को श्राप देती हूँ कि अगर आपका परिवार इस गाँव में रहेगा तो आप के वंश का अंत हो जाएगा। अगर आप को अपना वंश बचाना है तो इस गाँव को छोड़कर कहीं और चले जाए। लाल सिंह भी इस घटना से काफी आहत हो गया था। साथ ही अपना बड़ा बेटा भी लड़ाई में खो दिया था। बेटे की मौत के कारण लाल सिंह की पत्नी भी चल बसी। परिवार किसको अच्छा नहीं लगता। इस लिए लाल सिंह ने गाँव छोड़ने का मन बना लिया और 865 ईस्वी में उजड़वा से चार कोस दूर जहां मीठा पानी भी था, सपरिवार चला गया। लाल सिंह के इस गाँव के छोड़ने के बाद भी कई सालों तक गाँव बिल्कुल उजड़ बना रहा। जब उस गर्भवती औरत जिसने लाल सिंह को श्राप दिया था का बेटा जवान हो गया तब वह अन्य परिवारों के साथ वापस अपने घर उजड़वा गाँव में आकर रहने लगी। इस प्रकार वही उजड़वा गाँव दोबारा आबाद हुआ और इसका नाम जड़वा पड़ा।

लाल सिंह लुहाच 865 ईस्वी (विक्रम संवत 922), महीना- वैशाख, पक्ष- शुक्लपक्ष, दिन- तेरस, वार- शनिवार, को उजड़वा गाँव छोड़कर पूर्व दिशा की ओर सपरिवार चल पड़े। चार कोस दूर एक टीबा जो कि उजड़वा की सीमा से बाहर पड़ता था, पर गाड़ी रोक कर डेरा डाल दिया। इस प्रकार इसी दिन लाल सिंह लुहाच ने लुहाच गौत्र नाम की छड़ी इसी टिब्बा पर गाड़ कर प्रथम लुहाच गाँव की नींव रखी। आगे चल कर इसी जगह का नाम नाँधा गाँव पड़ा।

इसी लिए आज भी नाँधा गाँव के लुहाच गौत्र के लोग तेरस की पूजा करते हैं। इस जगह पर उस समय कोई बस्ती नहीं थी। यहाँ आकर अब लाल सिंह परिवार को न वंश नहीं चलने की चिंता, न ही पीने के पानी की कोई समस्या और न ही किसी जाति विशेष के विरोध की चिंता थी। लाल सिंह का परिवार यहाँ सुख पूर्वक रहने लगा। पशुओं और खेती करने के लिए पीने का पानी भी मिल गया। कुआं व रहट से खेत की सिचाई के लिए पर्याप्त पानी भी


मिल गया। कृषि के लिए जमीन की कोई कमी नहीं थी। पशुओं और परिवार के लिए पानी कुछ दूर निचले इलाके में स्थित बावड़ी से पानी ऊंट गाड़ी से लाया जाता था। खेती के लिए वर्षा पर निर्भर रहना होता था। उस जमाने में नहर और नदी नहीं होती थी। इसी कारण लोग पानी की तलास में एक जगह से दूसरी जगह घुमकड़ की जिन्दगी जीते थे। लाल सिंह का परिवार भी अपने पूर्वज, राजा नरदेव के 721 ईस्वी में देहांत के बाद से अब तक घुमकड़ का जीवन व्यतीत कर रहे थे। अब सब समस्याओं से निजात मिलते देख लाल सिंह ने हमेशा के लिए इसी जगह को अपना स्थाई ठिकाना बना लिया।

टीबा जहां पर लाल सिंह ने लुहाच गौत्र के नाम से ध्वज सहित छड़ी गाड़ी थी उस जगह को आज भी नाँधा गाँव में खेड़ा के नाम से जाना जाता है। खेड़ा का हरियाणवी भाषा में अर्थ गाँव से होता है। इसका मतलब यह है कि इस गाँव की उत्पति इसी जगह से हुई थी। नाँधा गाँव का खेड़ा भी लुहाच गौत्र का है क्योंकि इस गाँव की नींव लुहाच गौत्र से पड़ी है। यह खेड़ा कई एकड़ जमीन में फेला हुआ था। इस खेड़े से कुछ दूर निचले इलाके में बावड़ी थी जहां बरसात के मौसम में पानी एकत्रित हो जाता था। आस पास के इलाके में यही पानी का स्रोत होता था जहां दूर दूर से लोग ऊंट गाड़ी पर पानी लेने आते थे। खेड़ा क्योंकि बहुत ऊंचाई पर था इस लिए वहाँ पर प्राकृतिक रूप से पानी एकत्रित होना असंभव था। लेकिन फिर भी लाल सिंह ने टीबा जिसे आज खेड़ा के नाम से जाना जाता है पर ही क्यों डेरा डाला ? इसका कारण यह रहा होगा कि प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़ से बचने के लिए इंसान हमेशा ऊंची जगह पर ही अपना बसेरा बनाता था। यही कारण है कि आज किसी भी पुराने गाँव का मध्य का भाग सबसे ऊंचा मिलता है। यही सोच कर लाल सिंह ने निचले इलाके में स्थित बावड़ी के नजदीक बसने की बजाय ऊंचे टीबा को चुना।

अब जीवन यापन की प्राथमिक आवश्यकता पानी की पूर्ति तो हो गई थी लेकिन खेती के लिए अब भी वर्षा पर ही निर्भर रहना पड़ता था। इसी समस्या को देखते हुए लाल सिंह परिवार ने टीबा के सबसे ऊंचे स्थान पर खुदाई करके एक कुआं खोद लिया। पानी मीठा व काफी मात्र में मिला। परिवार की खुशी की कोई सीमा न रही। कुछ दिन इसी पानी से चरस बना कर बैल की मदद से पानी खींच कर थोड़ा बहुत खेती करना शुरू कर दिया। बाद में इसे रहट में तबदील करके काफी बड़े भूभाग पर खेती की जाने लगी।

# एक वृक्ष, अनेक शाखाएँ — दादा लाल सिंह से 46 गाँव

लेखक के “वंशावली प्रथम पुरुष” चार्टों से बना वृक्ष: हर गाँव तक पहुँचने वाली कड़ी के मुख्य पड़ाव (नाम और पीढ़ी संख्या)। दाईं ओर गाँव।



# भाग 3 — गाँवों का इतिहास

नाँधा से निकली शाखाएँ — हर गाँव का इतिहास और उसकी “प्रथम पुरुष” वंशावली

# नाँधा गाँव का इतिहास

जन्म · 865 ईस्वी

नाँधा हरियाणा की तहसील बाढ़डा, जिला चरखी दादरी का एक बड़ा गाँव है। इस गाँव की नींव लाल सिंह लुहाच ने 865 ईस्वी (विक्रम संवत 922) में वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तेरस के दिन शनिवार को एक टीबा जिसे आज खेड़ा के नाम से जाना जाता है के स्थान पर रखी थी। इसी स्थान पर एक कुआं खोदा गया जिसको बाद में रहट का रूप दे दिया गया। पीढ़ी दर पीढ़ी जनसंख्या बढ़ती गई और गाँव का आकार भी बढ़ता गया। लगभग 11 वीं शताब्दी के अंत तक खेड़ा का आकार काफी विस्तृत हो चुका था। 12 वीं शताब्दी के आरम्भ से लोग धीरे धीरे बावड़ी के इलाके में आकर मकान बना कर रहने लगे। इस प्रकार 14 वीं शताब्दी के अंत तक खेड़ा बिल्कुल खाली हो गया और नाँधा गाँव उत्तर दिशा में निचले इलाके में बस चुका था। खेड़ा पूर्ण रूप से खंडर में परिवर्तित हो चुका था। जो कुआं लाल सिंह परिवार ने खेड़ा में खोदा था वह भी बंध हो गया। खेड़ा की जमीन को पंचायती जमीन में तबदील कर दिया गया। बाद में चकबंदी के कारण इस जमीन को गाँव के कुछ लोगों को दे दिया गया। इस जगह पर आज भी जमीन की खुदाई करने से पुराने अवशेष मिलते हैं।

इस गाँव की नींव लुहाच गौत्र के प्रथम पुरुष लाल सिंह ने रखी थी इस लिए नाँधा में लुहाच का खेड़ा माना जाता है। नाँधा के सीमावर्ती गाँव उत्तर में हँसवास कलाँ, हँसवास खुर्द, बाधड़ा, पूर्व में धनाश्रि, दक्षिण पूर्व में ढाणी ढोला, सोहासड़ा, दक्षिण में श्यामपुरा, पश्चिम में लाड़, खेड़, बीसलवास और उतर पश्चिम में भांडवा गाँव पड़ते हैं। नाँधा गाँव की सीमा बहुत बड़ी है। इस गाँव के पास लगभग 20,000 बीघा जमीन है जो कि आस पास के सब गाँव में सबसे ज्यादा है। नाँधा गाँव की सीमा में ही विक्रम संवत 1927 (1870 ईस्वी)में उत्तर-पूर्व दिशा में कादमा व चांदवास गाँव से श्योराण और थीलओड़ गौत्र के कुछ परिवार आकर बस गए थे। इस गाँव के पास लगभग 6200 बीघा जमीन है जो कि नाँधा की जमीन से ही दी गई थी। वैसे तो इलाका बारानी है लेकिन गाँव के उत्तर व दक्षिण दिशा से दो छोटी छोटी नहर भी गुजरती हैं जिनसे कुछ निचले इलाकों में सिचाई होती है। ऊँचे इलाकों में फवारा प्रणाली से सिचाई की जाती है। गाँव के बीच से बाधड़ा-सतनाली सड़क गुजरती है। सतनाली रेलवे स्टेशन महज 8 किलो मीटर की दूरी पर है। गाँव में 12 वीं कक्षा तक का स्कूल है। गाँव की आबादी लगभग 5000 लोगों की है। कुल आबादी का 50% लुहाच गौत्र के लोगों का है। लुहाच गौत्र के अलावा पुनिया, लांवा, खिचड़, पँगहाल, फलसवाल, सांगवान, मील, बलोदा, झाझड़िया, फोगाट, सहारण, ढाका, ढिल्लन, नहरा, कालीचरण, जाँगहू और जाखड़ गौत्र के जाट भी रहते हैं। गाँव से दो किलो मीटर पश्चिम में 20 वीं शदी के शुरू में कुछ परिवार खेतों में मकान बना कर रहने लग गए थे। आजकल आबादी बढ़ने के कारण इसने एक छोटे से गाँव का रूप ले लिया है। वैसे तो यह आबादी नाँधा गाँव का ही हिस्सा है और इसे ढाणी के नाम से जाना जाता है। गाँव के लोगों की धर्म के प्रति काफी आस्था है इसलिए गाँव में तीन पुराने मंदिर दादा पंचवीर, दादा भैया और भगवान शिव का मंदिर है।

16 वी शताब्दी के अंत तक लुहाच परिवार की 26 पीढ़ी हो चुकी थी। 865 ईस्वी से 1500 ईस्वी तक कोई भी परिवार गाँव छोड़ कर कहीं नहीं गया।

कई कई साल तक लगातार बारिश न होने के कारण लोगों ने पानी की तलाश में वर्तमान हरियाणा व पश्चिमी उतर प्रदेश के सतलज, यमुना और गंगा के तराई के इलाकों की तरफ विस्थापन करना शुरू कर दिया। पहला पहला विस्थापन 20 वी पीढ़ी से तीन भाई गुगन लुहाच, पहाड़ सिंह लुहाच और भैराज लुहाच ने किया। पहाड़ सिंह अपने परिवार के साथ पैंतावास चला गया। जबकि भैराज और गूगन दोनों भाई नाँधा से सपरिवार महम होते हुए फरमाना गाँव में आ गए। कुछ दिन यहाँ रहने के बाद दोनों भाई मोहला गाँव जो की आज कल हिसार जिले में पड़ता है में आकर रहने लगे। कुछ दिन के बाद गुगन अपने परिवार के साथ रोहतक जिले के गिरावड़ गाँव में आकर रहने लगा। फिर धीरे धीरे अलग अलग दिशाओं में विस्थापन आम बात हो गई। नाँधा से कब और कहाँ लुहाच परिवारों का विस्थापन हुआ यह निम्न प्रकार से है।

| कहाँ से | कहाँ गए | कौन गया | कब गया |
|---|---|---|---|
| नाँधा | मोहला | भैराज लुहाच | 1500 ईस्वी |
| नाँधा | गिरावड़ | गुगन लुहाच | 1500 ईस्वी |
| नाँधा | सिवाड़ा | लोदी राम व सावल राम | 1700 ईस्वी |
| नाँधा | नंगला | उग्रसेन उग्रसैन लुहाच | 1775 ईस्वी |
| नाँधा | भंडोली | होराम लुहाच | 1775 ईस्वी |
| नाँधा | ज्ञानपुर | जोहरी लुहाच | 1775 ईस्वी |
| नाँधा | उझाना | किशाली लुहाच | 1775 ईस्वी |
| नाँधा | ढुँढवा | किशाली लुहाच | 1775 ईस्वी |
| नाँधा | पाढ़ला | बागपत लुहाच | 1775 ईस्वी |
| नाँधा | भड़ताना | हीरा लाल लुहाच | 1775 ईस्वी |
| नाँधा | नली | हुसैनपुर भगवाना राम लुहाच | 1800 ईस्वी |
| नाँधा | सेहरा | राधा राम लुहाच | 1800 ईस्वी |
| नाँधा | भैंसाखुर | साधु राम लुहाच | 1800 ईस्वी |
| नाँधा | खाद | मोहन नगर ज्ञाना राम लुहाच | 1800 ईस्वी |
| नाँधा | अलखपुरा | राम सिंह लुहाच | 1850 ईस्वी |
| नाँधा | साहलेवाला | छीदा राम लुहाच | 1875 ईस्वी |

# वंशावली प्रथम पुरुष : कुम्भा राम (नान्धा)

गाँव के प्रथम पुरुष: **कुम्भा राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. **जय सिंह**
24. **कुम्भा राम**
25. महिपाल
26. भरथा राम
27. दुर्जन सिंह
28. गोविन्द राम
29. राधा राम
30. हरी राम
31. मेवा राम
32. बीजा राम
33. कालू राम
34. गंगादत
35. उदमी राम
36. चन्दन सिंह
37. नन्द राम
38. बलबीर सिंह
39. रविन्द्र सिंह
40. मोहित

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# वंशावली प्रथम पुरुष : रतना राम (नान्धा)

गाँव के प्रथम पुरुष: **रतना राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **रतना राम**
25. माना राम
26. पीरू राम
27. खींवा राम
28. सेवा राम
29. बिशना राम
30. जोधा राम
31. भूरा राम
32. प्रेमा राम
33. किशोरा राम
34. धारी राम
35. जशवन्त सिंह
36. जयमल सिंह
37. दया राम
38. वेदपाल सिंह
39. दिनेश कुमार
40. हितांश

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# वंशावली प्रथम पुरुष : तुलसी राम (नान्धा)

गाँव के प्रथम पुरुष: **तुलसी राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **तुलसी राम**
25. भेरु राम
26. कालू राम
27. नोपा राम
28. रामू सिंह
29. राम सिंह
30. बलराम सिंह
31. मनसा राम
32. केसा राम
33. शीतल
34. टिकू राम
35. मामचन्द
36. बीरबल सिंह
37. बदरी
38. किरपाल सिंह
39. अनिल कुमार
40. अभिषेक

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# गिरावड़ गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1500 ईस्वी

गिरावड़ हरियाणा के जिला रोहतक की महम तहसील में लगभग 10000 लोगों की आबादी का गाँव है। यह गाँव जिला मुख्यालय रोहतक से 21 किलो मीटर पश्चिम दिशा में स्थित है। इसके पूर्व में निडाना, समरगोपालपुर, भगवतीपुर, उत्तर में इन्द्रगढ़, चांदी, खरेंटी, पश्चिम में बैंसी, निदाना, अजायब, दक्षिण में मदीना और बहुअकबरपुर गाँव की सीमा लगती है। इस गाँव के उत्तर में खरेंटी रेलवे स्टेशन और दक्षिण में मदीना रेलवे स्टेशन पड़ता है। गिरावड़ गाँव से सभी सीमावर्ती गाँव पक्की सड़क से जुड़े हैं। गाँव की जमीन पूर्णतया नहरी है। इसके पूर्व में काहनौर नहर, पश्चिम में भिवानी नहर और दक्षिण में न्यू निदाना माइनर पड़ता है। गिरावड़ गाँव के पास 21000 बीघा जमीन है। इस गाँव में पाँच पाना हैं जैसे लुहाच, कालवाण, न्याथाण, मुण्डाण् और पिथाण। सभी पाना में बराबर बराबर जमीन है।

यह गाँव जाट बाहुल्य है जिसमें लुहाच के अतिरिक्त बलहरा, कुंडू, धाँधी और मालिक गौत्र के लोग बस्ते हैं। विदित जानकारी के अनुसार इस गाँव की नींव राठी गौत्र के एक परिवार ने लगभग 800 साल पहले रखी थी। 1300 ईस्वी में आई महामारी में इस गौत्र की एक बूढ़ी औरत व उसके पौत्र को छोड़कर सब लोग मारे गए। बूढ़ी औरत अपने पौत्र के साथ पास के गाँव बलमभा में आ गई। बलमभा गाँव में उस समय राठी गौत्र के लोग रहते थे। इस समय गिरावड़ में कोई राठी गौत्र का परिवार नहीं है। क्यों कि इस गाँव की नींव राठी गौत्र के परिवार ने रखी थी इस लिए इस गाँव का खेड़ा राठी का खेड़ा माना जाता है। इसके लगभग 30-40 साल बाद इस गाँव में धाँधी गौत्र का परिवार आकर रहने लगा। यह परिवार कहाँ से आया किसी को नहीं पता। लगभग सात शताब्दी बाद भी इस गाँव में धाँधी परिवार के केवल 10-12 परिवार ही हैं। इतने अंतराल के उपरान्त भी इनकी जनसंख्या में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, यह एक रहस्य का विषय है।

धाँधी गौत्र के बाद इस गाँव में लुहाच गौत्र का परिवार आया। लुहाच गौत्र की निकासी वर्तमान में चरखी दादरी जिले के नाँधा गाँव से लगभग 1500 ईस्वी में हुई थी। नाँधा गाँव का खेड़ा लुहाच गौत्र का है जिसकी नींव लाल सिंह लुहाच ने 865 ईस्वी में रखी थी। लाल सिंह के 19 वीं पीढ़ी के वंशज भैराज लुहाच के चार पुत्र भैराज सिंह लुहाच, पहाड़ सिंह लुहाच, गुगन सिंह लुहाच व नारायण सिंह लुहाच थे। इनमें नारायण लुहाच नाँधा में ही बस गए। पहाड़ सिंह पैंतावास चले गए। भैराज सिंह और गुगन सिंह दोनों भाई नाँधा से दादरी, भिवानी, महम होते हुए फरमाना गाँव में आ गए। कुछ दिन फरमाना में रुकने के बाद दोनों भाई वर्तमान मोहला गाँव में पन्नू गौत्र के लोगों के अनुरोध पर मोहला में आकर रहने लगे। कुछ समय बाद गुगन सिंह लुहाच मोहला गाँव से सपरिवार गिरावड़ में आकर रहने लगा। जब गुगन सिंह गिरावड़ में आया तब उस समय धाँधी गौत्र का एक ही परिवार था। अब धाँधी परिवार और लुहाच परिवार मिलकर रहने लगे। यह घटना लगभग 1525 ईस्वी की है।

उस जमाने में महामारी व भूखमरी ज्यादा होती थी। पानी का प्रबंध कम होता था। इस कारण जनसंख्या वृधि भी कम होती थी। जमीन की कोई कमी नहीं थी। लुहाच व धाँधी परिवार दूसरे गाँव जाकर पंडित व अन्य जाति के लोगों को गिरावड़ आकर बसने के लिए कहते जिसके उपरांत धीरे धीरे अन्य जाति के लोग भी रहने लगे।

लगभग 1600 ईस्वी में वर्तमान पंजाब के संगरूर जिले के बलरा गाँव से एक परिवार गिरावड़ में आया। यह परिवार भी पानी व जमीन की तलास में घूम रहा था। लुहाच व धाँधी परिवार ने इस परिवार को इसी जगह रहने के लिए आग्रह किया। इस परिवार में चार भाई थे जिनके नाम कालू, नत्थू, मुंडा और पिथू थे। पूरे गाँव के पास 21000 बीघा जमीन थी। लुहाच व धाँधी परिवार ने इस जमीन के पाँच हिस्से बना कर चार हिस्से इस महमान परिवार को दे दिया और एक हिस्सा अपने पास रख लिया। बलरा गाँव से आया परिवार सरोहा गौत्र से था। गिरावड़ में बसने के कुछ समय बाद इस गौत्र के लोग अपने आप सीमावर्ती गाँव बहूअकबरपुर में रहने वाले बलहरा गौत्र को अपना गौत्र मानने लगे। इस प्रकार सरोहा परिवार बलहरा बन गया। धीरे धीरे जनसंख्या बढ़ने लिगी। आगे चलकर इस बलहरा परिवार के चारों भाइयों के नाम से चार पाना बन गए। कालू के वंशज कालवाण, नत्थू के नाथाण, मूँडा के मूँडाण और पिथू के पिथाण कहलाने लगे। इस प्रकार आज गिरावड़ गाँव में कुल पाँच पाना लुहाच, कालवाण, नाथाण, मूँडाण और पिथाण हैं। मलिक और कुंडू गौत्र के भी कुछ परिवार हैं जो कि इस गाँव में 20 वीं सदी के मध्य में आए थे।

जैसा कि ऊपर बताया गया है गूगन लुहाच लगभग 1500 ईस्वी में नाँधा से फरमाना, मोहला होते हुए गिरावड़ पहुंचे थे। तब से अब तक लगभग 525 वर्ष में 21 पीढ़ी लुहाच गौत्र की हो चुकी हैं। पहली 5 पीढ़ी तक एक एक ही परिवार चलता रहा। 6 वीं पीढ़ी में मैदा लुहाच व हरभज लुहाच दो भाई हुए। हरभज का वंश 15 वीं पीढ़ी में आकर बीमारी के कारण समाप्त हो गया। मेदा का परिवार 9 वीं पीढ़ी तक एक एक ही रहा। 10 वीं पीढ़ी में 3 भाई किसना राम, छाजू राम और आशा राम पैदा हुए। किसना राम का वंश 14 वीं पीढ़ी में लुप्त हो गया। 12 वीं पीढ़ी में छाजू का पौत्र चन्द्रसेन और आशा राम का पौत्र नन्द किरण हुआ। 13 वीं पीढ़ी में चन्द्रसेन के दो पुत्र जस्सा राम व पीरू राम पैदा हुए जबकि नन्द किरण के एक पुत्र बाजवा पैदा हुआ। 14 वीं पीढ़ी में जस्सा राम के दो पुत्र महराम व सजीया राम और पीरू राम के एक पुत्र हंसनाक हुआ जबकि बाजवा के कन्हा राम पैदा हुआ। 15 वीं पीढ़ी लगभग 19 वीं सदी के अंत में चालू हुई थी जिसमें लुहाच परिवार में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी हुई। इस पीढ़ी में महराम से चैना राम, सजीया राम से राम दयाल व सुंडा राम पैदा हुए जब कि हंसनाक के आठ बेटे जवाहरा, श्योलाल, राम कला, हठी राम, दया राम, जोगा राम, जयमल और भोरा राम पैदा हुए और कन्हा राम के डूंगर सिंह और मोलड़ राम दो बेटे पैदा हुए।

इस प्रकार 15 वीं पीढ़ी में कुल 13 लुहाच पैदा हुए जिनके वंशज आज 21 वीं पीढ़ी में लगभग 150 परिवार बन चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हंसनाक के वंशज की हुई है। 1956 ईस्वी में 16 वीं पीढ़ी के गोधा राम के दो पुत्र चुन्नी लाल व फूल सिंह और 17वीं पीढ़ी के रामानन्द के दो पुत्र अमी सिंह व बीर सिंह पास के गाँव गुगाहेड़ी जाकर बस गए। 1965 ईस्वी में गोधा राम का सबसे छोटा बेटा जय किशोर भी गुगाहेड़ी आ गया। 1982 में गोधा राम के चौथे बेटे महीपत भी गुगाहेड़ी अपने भाइयों के पास आ गए। इसी तरह जवाहरा के वंशज 17 वीं पीढ़ी के मुंशी राम के बेटे मौजी राम 1971 ईस्वी में उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के कादराबाद गाँव में जाकर बस गए।

गिरावड़ में सात मंदिर हैं। इनके नाम बाढ़ी वाला, श्यामी वाला, रियाशी वाला, जोखा वाला, मुंडी वाला,जींद वाला और शिवालय हैं।

**बाढ़ी वाला मंदिर** यह मंदिर लगभग 400 साल पुराना है। यह मंदिर लुहाच परिवार की जमीन पर बना है। ऐसा माना जाता है कि जब गुगन लुहाच परिवार सहित इस गाँव में आकर रहने लगे उस समय पूरा इलाका बरानी था। खेती सिर्फ बारिश पर ही कुछ जमीन पर होती थी। बाकी जमीन पर घना जंगल होता था जिसमें जंगली जानवर घूमते थे। लगभग 17 वीं शताब्दी के आरम्भ में इस जंगल में एक साधु आकर तपस्या करने लगा। साधु ने सफेद कपड़ों में सफेद घोड़ी पर पर बैठ कर तपस्या की थी। साधु कहाँ से आया, कब आया और कब तपस्या शुरू की किसी को नहीं मालूम। जंगल बहुत ही गहन था। इस में एक बहुत ही पुराना जाल का दरखत था जिसकी टहनियाँ काफी बड़ी हो कर जमीन को छू रही थी। इस प्रकार इस जाल के नीचे एक गुफा नुमा आश्रम बन गया था। साधु इसी गुफा में तपस्या करता था। साधू कहाँ से भोजन लाता था यह भी किसी को नहीं पता क्योंकि साधु को किसी ने इतने समय कभी देखा ही नहीं। साधु ने इस प्रकार तपस्या पूरी कर इसी अवस्था में इसी जगह घोड़ी समेत समाधि ले ली। इसका पता तब लगा जब एक दिन लुहाच परिवार के एक आदमी ने इसी गुफानुमा जाल के पेड़ से धुआँ निकलता दिखाई दिया। यह साधू की तपस्या का असर ही रहा होगा कि इस से पहले कभी धुआँ दिखाई नहीं दिया था।

लोग एकत्रित हो कर धुआँ का रहस्य जानने के लिए जंगल में गए। जंगल काफी गहरा था। काफी खोजबीन के उपरान्त उन्हें एक जाल के दरखत के नीचे से धुआँ निकलता मिला। लोगों ने पास जाकर देखा कि एक साधु एक सफेद घोड़ी पर बैठ सफेद कपड़ों में आँखें बन्द कर साधना की अवस्था में है। घोड़ी की भी आँखें बन्द थी। ऐसा लग रहा था कि घोड़ी भी साधना कर रही हो। लोग हैरान थे। लोगों ने आवाज भी लगाई लेकिन न ही साधु ने और न ही घोड़ी ने आँखें खोली। लोग वापस अपने घर आ गए। यह बात गाँव व पास पड़ोस में आग की तरह फैल गई। कुछ दिन बाद सब लोग मिलकर फिर तपस्या स्थल पर गए और साधु को छू कर देखा तो साधु को मूर्छित अवस्था में पाया। घोड़ी भी मूर्छित अवस्था में मिली। लोगों ने हिन्दू विधि विधान के अनुसार साधु की अन्तिम क्रिया करने की योजना बनाई। घोड़ी क्योंकि एक जानवर है इस लिए उसे साधु की समाधि के पास ही जमीन में दफनाने की योजना बनाई। जब अगले दिन लोग साधु व घोड़ी की अन्तिम क्रिया करने पहुंचे तो नजारा देख हैरान रह गए। देखा कि साधु व घोड़ी उसी अवस्था में उसी जगह जमीन में समाधि ले चुके थे। यह दिन रविवार का दिन था। पूरा लुहाच परिवार उस दिन से इस जगह को अपने देवता के रूप में पूजा करने लगा। लोगों ने समाधि स्थल पर एक छोटी सी समाधि बना दी जिसे बाबा की मूढ़ी कहा जाने लगा।

लगभग एक सदी के बाद जब खेती के लिए जंगल कटने लगे तब लुहाच परिवार ने 30 बीघा जमीन बाबा के नाम पर छोड़ दी। बाकी जमीन पर खेती की जाने लगी। लोगों ने मिलकर इसी जमीन पर बाबा की मूढ़ी के पास ही एक बहुत बड़ा तालाब खोद दिया और इस तालाब की खुदाई से निकली मिट्टी तालाब के पूर्वी किनारे पर डाल दी जिसे बाबा की पाल के नाम से जाना जाने लगा। बाबा के नाम 30 बीघा जमीन छोड़ना व तालाब खोदने की घटना लुहाच परिवार की 14 वीं पीढ़ी के समय की है। यह पीढ़ी लगभग 1850 ईस्वी से चालू मानी जाती है। उस समय लगभग आधी जमीन जस्सा लुहाच के पुत्र महराम व सजिया और आधी जमीन पीरू लुहाच के पुत्र हंसनाक ने बाबा

के नाम छोड़ दी थी। बाढ़ी आला की जमीन का खसरा नम्बर 29 है। 20 वीं सदी के अंत तक इस जमीन पर बहुत ही गहरा जंगल था जिसमें बाबा की मूढ़ी के अलावा तालाब, पाल, एक धर्मशाला और एक पानी पीने के लिए कूई थी। 1960 ईस्वी के लगभग समाधि का आकार बड़ा कर दिया गया। 1995 ईस्वी की बाढ़ के बाद जंगल समाप्त हो गया और बाबा की पावन भूमि बंजर बन गई। 2015 ईस्वी में लुहाच परिवार ने मूढ़ी को मंदिर का रूप देना शुरू किया और अक्तूबर 2022 में मंदिर पूर्ण रूप से बन कर तैयार हो गया। 10 अक्तूबर 2022 को एक बड़ा भंडारा व हवन के साथ मंदिर में पूजा शुरू की गई।

बंजर हुई जमीन के सुधार व पहले जैसा बनाने और मंदिर के रख रखाव के इरादे से " बाबा बाढ़ी आला धाम" के नाम से ट्रस्ट बनाया गया। हजारों टन बाहर से मिट्टी लाकर परिसर में डाली गई। 22 टन जिप्सम डाला गया ताकि जमीन को पौधे रोपण के लायक बनाया जा सके। अप्रैल से जून 2024 में कर्नल कर्मबीर सिंह सुपुत्र महीपत लुहाच ने अपने खर्च पर पुराने तालाब की खुदाई करके पक्का कराया और हठी के वंशजों ने इस पर नहाने के लिए एक सुंदर घाट बनवाया जिसमें मास्टर ईश्वर सिंह लुहाच की अहम भूमिका थी। वन विभाग की मदद से अब तक 7000 पौधे भी लगाए जा चुके हैं। पौधों की रक्षा हेतु मंदिर की जमीन की तारबंदीभी की गई है।

**राधा स्वामी मंदिर** यह गाँव के बीच में सबसे ऊंचे स्थान पर छोटी ईंटों से चूना मसाला में बना गाँव का सबसे पुराना मंदिर है। राधा स्वामी मंदिर को श्यामी वाला मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर के वैरागी "महंत" चन्दगी राम थे। वह एक ऐसे संत थे जिन्होंने सांसारिक वस्तुओं से बिल्कुल मोह भंग कर रखा था। वह संसारी जीवन से विरक्त संत थे। यह मंदिर लगभग 250 साल पुराना है। मंदिर परिसर लगभग एक बीघा जमीन पर है। मंदिर की मजबूती इस बात से भी प्रमाणित होती है कि 20 वीं सदी के मध्य में सात बार लगातार आसमानी बिजली गिरने के बावजूद मंदिर की इमारत का नाम मात्र नुकसान हुआ था। जब मंदिर का निर्माण हुआ उस समय मंदिर के नाम कोई जमीन नहीं थी। उस समय भारत पर अंग्रेजों का आधिपत्य था। गाँव से अंग्रेज सरकार भूमि कर उसूल करती थी। जमीन बरानी थी। गाँव की जमीन को चार पाना में बांटा हुआ था। लुहाच पाना ने अपना कर का हिस्सा चुका दिया था। बाकी जमीन जो कालवाण, नाथाण, मूँडाण और पिथाण के पास थी उसका कर भुगतान नहीं हो पाया था। मंदिर के पास उस समय तक काफी संपदा हो चुकी थी। चारों बलहरा पाना के लोगों के अनुरोध पर मंदिर के महंत ने उनके नाम का कर अंग्रेज हकूमत को अदा कर दिया। इस पर कालवाण, नाथाण और मूँडाण पाना ने मिलकर अपने हिस्से से 300 बीघा जमीन मंदिर के नाम कर दी। इस से मंदिर की आमदनी में काफी वृद्धि हो गई। महंत चंदगी राम के बाद उनके शिष्य टोली राम मंदिर के उतराधिकारी बने। उनके समय में मंदिर की प्रतिष्ठा चरम पर थी। महंत टोली राम ने किन्ही अज्ञात कारणों से पूरी जमीन को 99 साल के लिए पट्टे पर बेच दी। लगभग 1990 के दशक में यह जमीन वापस मंदिर के नाम आ गई। अब यह जमीन ग्राम पंचायत के नाम है।

**शिवालय** यह मंदिर गाँव के सबसे बड़े जोहड़ करण सरोवर के किनारे बना है। यह भी 250 साल पुराना मंदिर है। यह लगभग तीन एकड़ जमीन पर बना है। इसके दक्षिणी किनारे पर करण सरोवर जोहड़ पर एक बहुत बड़ा व सुंदर घाट लोगों के नहाने के लिए बना हुआ है।इसका संचालन अबोहर स्थित बाबा मस्तनाथ पीठ से होता है।

**रीयाशी वाला** यह मंदिर गाँव से बाहर गिरावड़–अजायब सड़क पर स्थित है। इस जगह पर इसी गाँव के पंडित राम किशन ने गहन तपस्या कर समाधि ली थी। उसके बाद उसके अनुयायी चंद्रभान ने भी इसी जगह लगभग 20 साल तपस्या की थी। चंद्रभान भी अपने गुरु की तरह सिद्ध महंत थे। बाद में कुछ कारणों से इस मंदिर को छोड़ कर चंद्रभान ने अपने घर पर ही सत्संग शुरू कर दिया। उन्होंने करण सरोवर जो कि लगभग 150 बीघा में फैला गाँव का सबसे बड़ा तालाब है की खुदाई करवाई। उन्ही के प्रयत्नों से गाँव में मिडल स्कूल से माध्यमिक स्कूल बना।

**जोखा वाला** यह मंदिर गिरावड़-संरगोपालपुर मार्ग पर गाँव से लगभग एक किलो मीटर दूर स्थित है। यह मंदिर पंचायती जमीन पर बना है। इसका निर्माण जोधाण परिवार जो कि कालवाण पाना में आता है ने बनवाया था।

**मुंडी वाला** यह मंदिर भी गिरावड़ – समर गोपालपुर मार्ग पर जोखा वाला मंदिर से एक किलोमीटर दूर पूर्व दिशा में स्थित है। यह मंदिर भी पंचायती जमीन पर बना है। इसको मूँडाण पाना के लोगों ने बनाया था।

**जींद वाला** यह मंदिर गाँव के पश्चिम में गिरावड़-बैंसी मार्ग पर बना है। इसको न्याथाण पाना के लोगों ने पंचायती जमीन पर बनवाया था।

**तालाब (जोहड़)** गिरावड़ गाँव में छोटे-बड़े कुल 15 तालाब हैं। इनके नाम बाढ़ी वाला, करण सरोवर, रियाशी वाला, मेदा वाला, फलगंगा, जोखा वाला, प्याबला, मुंडी वाला, माणू वाला, इच्छा वाला, जींद वाला, डोभी वाली लेट, खेन्चा वाली लेट, काली वाला लेट और खूबी वाली लेट। इनमें करण सरोवर सबसे बड़ा जोहड़ है जो कि लगभग 125 बीघा में है। इस जोहड़ में पाँच घाट बने हैं। बाढ़ी वाला और रियासी वाला को छोड़ कर बाकी सब तालाब पंचायती जमीन पर बने हैं।

# वंशावली प्रथम पुरुष : गिरावड़

गाँव के प्रथम पुरुष: **गूगन सिंह**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. **गूगन सिंह**
21. राजा राम
22. भूरा राम
23. रूपा राम
24. जस्सा राम
25. मैदा राम
26. करणा राम
27. पन्ना राम
28. आजाद सिंह
29. छाजू
30. उमरा
31. चन्द्रसेन
32. पीरू सिंह
33. हँसनाक सिंह
34. हट्ठी राम
35. चन्दगी राम
36. केदार सिंह
37. ईश्वर सिंह
38. विरेन्द्र सिंह
39. ध्रुव अंकित

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# गुगाहेड़ी गाँव का इतिहास

निकासी · 1956 ईस्वी

गुगाहेड़ी गाँव रोहतक जिला की महम तहसील का एक छोटा सा गाँव है। यह जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में है। इसके पूर्व में बैंसी, खरक जाटान, उत्तर में किलाजफ्फरगढ, दौरड़,पश्चिम में फरमाना और दक्षिण में निडाना गाँव की सीमा लगती है। यह गाँव सभी सीमावर्ती गाँव से पक्की सड़क से जुड़ा हुआ है। इसका नजदीक रेलवे स्टेसन किला जफ्फरगढ लगभग 4 किलोमीटर दूर है। नारनौल-अम्बाला 352 डी ऐक्सप्रेस वे इसके पूर्व दिशा से होकर गुजरता है।इस गाँव में माध्यमिक स्तर का सरकारी स्कूल है। गाँव में एक बड़ा व एक छोटा तालाब है। इस गाँव में देश के बटवारे तक मुस्लिम धर्म को मानने वाले लोग रहते थे। इस गाँव के पास 9000 बीघा जमीन थी। पूरी जमीन बरानी होती थी। लोग खेती के लिए बारिश, कुआं व रहट पर ही निर्भर रहते थे। पानी के अभाव के कारण कई कई साल तक अकाल पड़ते थे। किसान अंग्रेजी हुकूमत को कृषि कर भी देने में समर्थ नहीं थे। सरकार ने कर की भरपाई नहीं होने पर जमीन को अपने कब्जे में लेने की योजना बनाई। उसी समय गाँव वालों की मदद के लिए हाँसी के रहने वाले एक हिन्दू सेठ महताब सिंह आगे आए। सेठ ने मुसलमानों की सारी जमीन का कर सरकार में जमा करा दिया। इसके बदले गाँव की सारी जमीन सरकार ने सेठ को दे दी। सेठ हाँसी से उसी समय पास के गाँव खरक जाटान जो कि हिन्दू बाहुल्य था में आकर रहने लगा। सेठ के तीन बेटे थे। उसने तीनों बेटों को बराबर बराबर जमीन दे दी। अब मुसलमानों के पास कोई जमीन नहीं रही थी।

सन 1947 में आजादी मिलने पर देश का धर्म के नाम पर बटवारा हो गया। इसी कारण इस गाँव में सदियों से रहने वाले मुसलमान परिवार पाकिस्तान चले गए। गाँव में सिर्फ कुछ हिन्दू हरिजन परिवार ही बचे थे। इसी दौरान सेठ महताब के दो बेटे वापस अपने पैतृक स्थान हाँसी चले गए और जमीन लेने से भी मना कर दिया। अब एक बेटा जो खरक जाटान रह गया था वह गुगाहेड़ी आकर रहने लगा। उसके नाम 3000 हजार बीघा जमीन थी। उसके भाइयों की 6000 बीघा जमीन पर सरकार ने कब्जा कर लिया। सरकार ने इस जमीन में से चार स्वतंत्रता सेनानियों को 125 बीघा प्रति सैनिक को मुरबा आबंटित कर दिया। ये स्वतंत्रता सेनानी मैना,भापड़ोदा, बुपनिया और मांडोठी गाँव से थे। इस प्रकार मुसलमानों के जाने के बाद ये चार परिवार सबसे पहले गुगाहेड़ी में आकर बसे। इसके बाद देश के बटवारे के दौरान पाकिस्तान से काफी हिन्दू श्रणार्थी भारत के विभिन्न शिविरों में रहने लगे। ये हिन्दू श्रणार्थी पाकिस्तान में पूरी जमीन जायदाद व घर मकान वहीं छोड़ कर आए थे। उनके पास सिर्फ जमीन के कागजात थे। जब इन श्रणार्थियों को बसाया गया तब कागजात के आधार पर मुसलमानों द्वारा छोड़ी गई जायदाद व घर आबंटित किए गए। इसी आधार पर 1948 ईस्वी में सेठ के दोनों बेटों की बची जमीन और मुसलमानों के खाली पड़े घर इन हिन्दू श्रणार्थियों को दे दिए गए। इस प्रकार गाँव दोबारा आबाद होना शुरू हुआ। क्योंकि सेठ के बेटे के पास अकेले एक तिहाई जमीन थी इस लिए वह गाँव का सबसे धनी परिवार बन गया। उसने गाँव में एक बहुत विशाल कोठी बनाई व 125 बीघा में विभिन फलों का बाग भी लगवाया। यह कोठी आज भी विराजमान है जिसको बाद में 1980 ईस्वी में अमी सिंह लुहाच ने खरीद लिया और सेठ अपनी सब जायदाद बेच कर दिल्ली चला गया। सेठ ने धीरे धीरे

जमीन बेचना शुरू कर दिया। उसने सबसे पहले गिरावड़ गाँव के लुहाच परिवार को जमीन बेची। इस प्रकार श्रणार्थियों के बाद इस गाँव में बाहर से आकर बसने वाला गिरावड़ से आया हुआ लुहाच परिवार ही था। इसके अलावा कुछ अन्तराल पर इस गाँव में अन्य गाँव से हिन्दू किसान जमीन खरीद कर रहने लगे। इनमें कटवाल से दूहन, मटिण्डू से दहिया और निंदाना से नेहरा शामिल हैं।

गिरावड़ गाँव के लुहाच वंश से 16 वीं पीढ़ी के गोधा राम लुहाच के चार बेटे चुन्नी लाल, फूल सिंह, महीपत सिंह और जयकिशोर थे। गोधा राम के पास गिरावड़ में 65 बीघा जमीन थी। सारी जमीन नहरी और काफी उपजाऊ थी। गोधा राम का बड़ा बेटा चुन्नी लाल काफी बुद्धिमान व होनहार था। पिता के देहांत के उपरान्त घर की सारी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। चुन्नी लाल पाँच कक्षा तक पढ़ाई करके ब्रिटिश भारतीय सेना में भर्ती हो गया। उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान इराक, सीरिया व मिश्र देशों में लड़ाई में हिस्सा लिया। अपनी प्रतिभा के कारण वह बहुत जल्द सूबेदार के पद तक पहुँच गया। परिवार की जिम्मेदारियों के कारण वह सूबेदार के पद से 1946 में स्वेच्छा से सेना से सेवा निवृत हो गया। उसे पता चला कि गुगाहेड़ी गाँव में सेठ महताब जमीन बेच कर हाँसी जाना चाहता है। चुन्नी लाल ने तुरन्त सेठ से 550 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से 22 एकड़ जमीन का सौदा तय कर लिया। परिवार में यह तय हुआ कि दो बड़े भाई सूबेदार चुन्नी लाल और फूल सिंह गुगाहेड़ी रहेंगे और दोनों छोटे भाई महीपत व जय किशोर गिरावड़ की जमीन को सम्हालेंगे। इस प्रकार 1956 ईस्वी में पहला लुहाच परिवार गुगाहेड़ी में आकर रहने लगा।

गोधा राम लुहाच के बेटों के साथ ही गिरावड़ से ही 17 वीं पीढ़ी के रामानन्द लुहाच के दोनों बेटों ने भी गुगाहेड़ी जाकर जमीन खरीदकर रहने की योजना बनाई। रामानन्द लुहाच के दो बेटे बीर सिंह और अमी सिंह थे। दोनों बहुत मेहनती थे। इस परिवार ने भी 19 एकड़ जमीन एक साथ खरीद ली। इस प्रकार 1956 ईस्वी में अब गिरावड़ से दो लुहाच परिवार इस गाँव में रहने लगे। 1965 ईस्वी में चुन्नी लाल का छोटा भाई जय किशोर भी गिरावड़ से गुगाहेड़ी सपरिवार आ गया। 1978 ईस्वी में महीपत का बड़ा बेटा सुखबीर सिंह भी गुगाहेड़ी आ गया। 1982 ईस्वी में चुन्नी लाल का चौथा भाई महीपत लुहाच भी गिरावड़ से पूरी जायदाद बेच कर गुगाहेड़ी आ गया। इस प्रकार गोधा राम का पूरा परिवार 1982 में गुगाहेड़ी गाँव में बस चुका था। दोनों परिवारों ने खूब मेहनत की और जमीन खरीदते गए। आज गोधा राम परिवार के पास 625 बीघा और रामानन्द परिवार के पास 500 बीघा जमीन है। रामानन्द और गोधा राम परिवार के अतिरिक्त 1958 ईस्वी में हीरा लाल का छोटा बेटा मौजी राम भी सपरिवार गिरावड़ से यहाँ आकर रहने लगा। मौजी राम ने 8 एकड़ जमीन 350 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से खरीद ली। लेकिन अगले ही साल किसी कारण से जमीन बेच कर वापस गिरावड़ आ गया। इस प्रकार आज गुगाहेड़ी में सबसे ज्यादा जमीन लुहाच परिवार के पास है। आज गुगाहेड़ी में सबसे ज्यादा जाट आबादी कटवाल गाँव से आए दूहन गोत्र के किसानों की है जो इस गाँव में 1957 ईस्वी में आए थे।

# वंशावली प्रथम पुरुष : गुगाहेड़ी




श्री चुन्नी लाल लुहाच

गाँव के प्रथम पुरुष: **अमी सिंह**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. **गूगन सिंह**
21. राजा राम
22. भूरा राम
23. रूपा राम
24. जस्सा राम
25. मैदा राम
26. करणा राम
27. पन्ना राम
28. आजाद सिंह
29. छाजू
30. उमरा
31. चन्द्रसेन
32. जस्सा राम
33. सजिया राम
34. राम दयाल
35. गोधा राम
36. **चुन्नी लाल**
37. रणबीर सिंह
38. जय सिंह
39. शुभम

32. पीरू
33. हँसनाक
34. हट्ठी
35. रामजी लाल
36. रामानन्द
37. **अमी सिंह**
38. उमेद सिंह
39. धर्म
40. कृष्ण

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# कादराबाद गाँव का इतिहास

निकासी · 1971 ईस्वी

कादराबाद उत्तर प्रदेश के बिजनोर जिले का एक छोटा सा गाँव है। 1954 ईस्वी से पहले बिजनोर जिले का बहुत बड़ा भू-भाग जंगल से ढका हुआ था। सरकार ने इस को साफ करके भूत पूर्व सैनिकों को बसाना शुरू किया। इस योजना के तहत 1954 ईस्वी में देश के विभिन्न राज्यों से 150 भूत-पूर्व सैनिकों को एक बीघा आवास के लिए और 50 बीघा खेती के लिए जमीन दे दी। इस प्रकार 150 भूत-पूर्व सैनिकों का यह गाँव अस्तित्व में आया जिसके पास कुल 5000 बीघा जमीन है। इस गाँव में एक मंदिर, एक गुरुद्वारा, एक माध्यमिक स्तर का सरकारी स्कूल, एक चिकित्सालय और एक पशु चिकित्सालय है। इस गाँव की जमीन नहरी व खूब उपजाऊ है जिसकी सिंचाई राम गंगा नहर से कालागढ़ रिजर्वेयर से निकली माइनर से होती है। तूरतपुर, मूरलीवाला, चोहड़वाला, चंडीका और खुशहालपुर इसके सीमावर्ती गाँव हैं। इन सब गाँव से सड़क मार्ग से संपर्क है। इस गाँव के लुहाच परिवार की निकासी हरियाणा के रोहतक जिले के गिरावड़ गाँव से 1954 ईस्वी में हुई थी।

गिरावड़ गाँव की 16 वीं पीढ़ी के झुण्डा लुहाच के तीन पुत्र हीरा सिंह, मुंशी राम और हजारी सिंह पैदा हुए। हीरा सिंह की शादी हुई थी जबकि बाकी के दो भाइयों की शादी नहीं हुई थी। मुंशी राम 1948 ईस्वी में भारतीय सेना में भर्ती हो गए। 1953 ईस्वी में शारीरिक अस्वस्थता के कारण उनको सेना की नौकरी छोड़नी पड़ी और उसे मेडिकल भत्ता मिलने लगा। इसके अगले ही साल बीजनोर जिले में जंगल साफ करके बारह नए गाँव बसाये गए जिसमें भूत-पूर्व सैनिकों को बसाया जाना था। इसी योजना के तहत मुंशी राम लुहाच को भी 50 बीघा जमीन व रहने के लिए मकान दिया गया। मुंशी राम इसी साल गिरावड़ से कादराबाद आकर रहने लगा। बाकी भाई गिरावड़ में ही रह गए। क्योंकि मुंशी राम निसन्तान था और बूढ़ा हो चला था इस लिए उसने अपने बड़े भाई हीरा राम के छोटे बेटे मौजी राम को अपने पास बुला लिया। हीरा राम का बड़ा बेटा जागे राम भी सेना में सेवारत था इस लिए उसका परिवार गिरावड़ में ही रह गया।

10 जून 1971 ईस्वी को मौजी राम का परिवार गिरावड़ से कादराबाद आ गया। मौजी के चार पुत्र थे। परिवार काफी मेहनती था। जमीन काफी उपजाऊ थी। परिवार ने आगे चल कर और जमीन खरीद ली। अब इस परिवार के पास 95 बीघा जमीन है। इस समय कादराबाद में चार लुहाच परिवार रहते हैं।

# वंशावली प्रथम पुरुष : कादराबाद

गाँव के प्रथम पुरुष: **मौजी राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. **गूगन सिंह**
21. राजा राम
22. भूरा राम
23. रूपा राम
24. जस्सा राम
25. मैदा राम
26. करणा राम
27. पन्ना राम
28. आजाद सिंह
29. छाजू
30. उमरा
31. चन्द्रसेन
32. पीरू सिंह
33. हँसनाक सिंह
34. दया राम
35. झुण्डा राम
36. हीरा लाल
37. **मौजी राम**
38. राज कुमार
39. दीपक

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# मोहला गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1500 ईस्वी

मोहला हरियाणा के हिसार जिले की बांस पेटवाड़ तहसील का एक काफी बड़ा गाँव है जो कि हांसी-जुलाना सड़क पर तहसील मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर स्थित है। यह गाँव तीन जिलों हिसार, जींद और रोहतक की सीमा पर बसा हुआ है। इस गाँव के पूर्व में बढ़छपर, उत्तर में खेड़ा राँगड़ान, भाकलाना, दक्षिण में पूठी और पश्चिम में बांस पेटवाड़ गाँव हैं। इस गाँव के पास 1800 एकड़ जमीन है। गाँव की जमीन नहरी है जिसकी सिंचाई सुंदर ब्रांच नहर से होती है। सुन्दर ब्रांच नहर किसान नेता सर छोटू राम ने उस समय के सैनिक अधिकारी जनरल सुंदर सिंह के नाम पर 1942 ईस्वी में बनवाई थी। इस नहर की पानी की क्षमता 1800 क्युसिक है। इस नहर से इसी गाँव की सीमा से दो अन्य नहर जुई फीडर व मिथाथल फीडर और तीन रजबाहा (माइनर) भकलाना माइनर, उगालन माइनर और माली माइनर भी निकलती हैं। इस गाँव में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय, एक पशुओं का अस्पताल, तीन आंगनवाड़ी, दो तालाब, एक मंदिर (शिवालय), एक धर्मशाला और पाँच चौपाल हैं। मोहला गाँव की कुल आबादी लगभग 3100 लोगों की है। इस गाँव में 300 लुहाच परिवार और 150 पन्नू परिवार रहते हैं।

वर्तमान चरखी दादरी के नाँधा गाँव में 19 वीं पीढ़ी के भैराज लुहाच के चार बेटे पैदा हुए। इनके नाम पहाड़ सिंह, गुगन सिंह, भैराज सिंह और नारायण सिंह थे। लगभग 1500 ईस्वी में पहाड़ सिंह पैंतावास चले गए। भैराज सिंह और गूगन सिंह महम होते हुए फरमाणा गाँव में आ गए। यहाँ पर कुछ समय गुजरा। उसी समय जींद जिले के उगालन गाँव में खरब गौत्र के लोग रहते थे। उनके पास कई हजार एकड़ का रकबा पड़ा था। इतना बड़ा रकबा सम्हालना खरब परिवार के लिए कठिन था। खरब परिवार की दो बेटियाँ लुहाच गौत्र और पन्नू गौत्र में ब्याही थी। इस नाते लुहाच व पन्नू गौत्र खरब गौत्र का भाणजा माना जाता था। इस लिए उगालन के खरब भाइयों ने पंजाब के गाँव नौसेरा पनवा में रहने वाले अपने पन्नू भाणजे को 18000 बीघा जमीन दे दी और मोहला गाँव में एक खेड़ा पर बसा दिया। इस प्रकार मोहला में खरब का खेड़ा माना जाता है। पन्नू परिवार को कुछ दिन ही आए हुए थे कि पड़ोस के गाँव पूठी से कुछ ब्राह्मण समाज के लोग मोहला आकर लूट पाट करते और उनकी बहू बेटियों को गलत नजर से देखने लगे। क्योंकि पूठी के लोग संख्या में ज्यादा व मजबूत थे इस लिए मोहला का पन्नू परिवार उनका मुकाबला करने में असमर्थ था। उसी समय पन्नू परिवार को पता चला की नाँधा से एक लुहाच परिवार चल कर फरमाना गाँव में रुका हुआ है। क्योंकि लुहाच भी पन्नू की तरह खरब के भाणजे हैं इस लिए फरमाना से लुहाच परिवार को अनुरोध कर अपने पास बसाया जाए ताकि पूठी के शरारती तत्वों से राहत मिल जाए। इस प्रकार मोहला के पन्नू भाइयों ने फरमाना आकर लुहाच परिवार को सब कहानी बताकर मोहला में बसने के लिए राजी कर लिया।

लुहाच परिवार ने एक शर्त यह रखी कि उनको कुल जमीन का 60% हिस्सा चाहिए और बचा 40% हिस्सा पन्नू परिवार के पास रहे। फिर पन्नू परिवार ने शर्त रखी कि हम आप को जमीन पूठी गाँव की सीमा की तरफ देंगे। इस प्रकार दोनों पक्ष सहमत हो गए।

इस प्रकार दोनों लुहाच भाई लगभग 1500 ईस्वी में नाँधा से चलकर फरमाना होते हुए मोहला गाँव में आकर बस गए। इस परिवार में भैराज लुहाच बड़े और गूगन सिंह लुहाच छोटे थे। दोनों भाई काफी ताकतवर व दिलावर थे। पन्नू और लुहाच परिवार मिलने से अब गाँव की ताकत और बढ़ गई। पूठी के शरारती ब्राह्मण पहले की तरह मोहला गाँव में आकर जोहड़-कुआं पर मोहला गाँव की बहू-बेटियों को गलत नजर से देखते और असामाजिक भाषा का प्रयोग करते। इस पर लुहाच व पन्नू परिवार ने उनको दोबारा इस गाँव में न आने की चेतावनी दी लेकिन शरारती लोग इस चेतावनी को अनसुना करके चले गए। फिर अगले दिन भी यही कहानी हुई। इस पर दोनों गाँव में खूब लड़ाई हुई। गूगन लुहाच बहुत ज्यादा गुसैल व निडर था। उसने एक शरारती तत्व को मार गिराया और बाकी सब लोग भाग गए। इसके बाद पूठी गाँव से भविष्य में कोई खतरा नहीं हुआ। पूठी गाँव में भी कुछ पन्नू रहते थे। इस घटना के बाद मोहला के पन्नू और पूठी के पन्नू, लुहाच गोत्र के बहुत आभारी हो गए। इसी कारण आज भी दोनों गाँव में बहुत ज्यादा भाई चारा है। लगभग एक साल बाद गूगन सिंह लुहाच वापस फरमाना होते हुए गिरावड़ गाँव में आकर बस गए। उस समय गिरावड़ में सिर्फ धाँधी गोत्र का परिवार ही रहता था।

# वंशावली प्रथम पुरुष : मोहला

गाँव के प्रथम पुरुष: **भैराज सिंह**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. **भैराज सिंह**
21. गोवर्धन
22. तेजा सिंह
23. कुरड़िया राम
24. हुकमा राम
25. बिंजा राम
26. सदा राम
27. गोधू राम
28. बीरम राम
29. नवाजे
30. चन्दा राम
31. आशा राम
32. हरी राम
33. बख्तावर
34. शादी राम
35. रलदू राम
36. सुरजा राम
37. जयपाल सिंह
38. मनवीर सिंह
39. रणविजय

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# उझाणा गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1775 ईस्वी

उझाणा गाँव हरियाणा के जींद जिले की नरवाना तहसील का एक बहुत बड़ा गाँव है जो कि जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर उत्तर दिशा में दिल्ली-पटियाला राष्ट्रीय राज मार्ग पर स्थित है। इस गाँव के उत्तर में पिपलथा, गढ़ी, नेपेवाला, पूर्व में ढूँढ़वा, कोल, कराड़, अंभरसर, दक्षिण में बेलरखा और पश्चिम में खरल गाँव की सीमा लगती है। इस गाँव में लुहाच गौत्र के अतिरिक्त चहल, सीहमार, ढीलायन, मलिक, गिल, चौहान, मोर और खरटे गौत्र के लोग भी रहते हैं। इस गाँव का खेड़ा सिहमार गौत्र का है। इस गाँव की आबादी लगभग 25000 लोगों की है जिसमें से 25 परिवार लुहाच गौत्र के हैं। गाँव के पूर्व में कैथल की जिला सीमा और उत्तर में पंजाब की प्रांतीय सीमा लगती है। गाँव की पूरी जमीन नहरी है जिसकी सिंचाई धनतान माइनर व दरोधी माइनर से होती है। उझाणा में एक लड़कों के लिए और एक लड़कियों के लिए सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एक हस्पताल और एक पशु चिकित्सालय, चार जोहड़, एक उझाणा की खाप पंचायत घर के अलावा आठ अन्य पंचायत घर और दो बड़े मंदिर हैं।

चरखी दादरी जिले के नाँधा गाँव के 31 वीं पीढ़ी के हुक्मा राम लुहाच का पुत्र किसाली (ख्याली) राम नाँधा से अपने परिवार के साथ पानी की तलास में महम होते हुए लाखनमाजरा के पास चिड़ी गाँव में आ गया। चिड़ी गाँव मुस्लिम बाहुल्य था। इस गाँव की जमीन समतल व उपजाऊ थी। खेती के लिए जमीनी पानी भी मीठा था। इसलिए किशाली ने गाँव के लोगों से चिड़ी में रहने के लिए जमीन मांगी लेकिन गाँव वालों ने किशाली को हिन्दू परिबर होने के नाते यहां रहने के लिए मना कर दिया। इस किए किशाली राम यहाँ से जींद होते हुए नरवाना के पास उझाणा गाँव में आ गया। यह गाँव पंजाब का तराई का इलाका था। पानी की कोई कमी नहीं थी। गाँव में सब हिन्दू परिवार के सिहमार, चहल, ढिल्लन गौत्र के लोग रहते थे। इस लिए लोगों ने खुशी से इस महमान परिवार को रहने के लिए जमीन और खेती के लिए भी जमीन दे दी। इस प्रकार किशाली का परिवार यहीं पर बस गया।

इस प्रकार लगभग 1775 ईस्वी में पहला लुहाच परिवार उझाणा गाँव में आकर बस। किसाली का उप नाम ख्याली राम था। खयाली राम के दो बेटे बुध राम और मामराज थे। लगभग अगले 100 साल तक दोनों भाइयों के वंशज इसी गाँव में रहे। उसके बाद 1875 ईस्वी में दोनों भाइयों ने पास के गाँव ढुँढवा में जमीन खरीद ली और बाद में दोनों भाइयों के कुछ वंशज ढुँढ़वा में रहने लगे। इस प्रकार दोनों भाइयों के वंशज दोनों गाँव में रहते हैं।

# वंशावली प्रथम पुरुष : उड्राणा

गाँव के प्रथम पुरुष: **हुकमा राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **कुम्भा राम**
25. महिपाल
26. भरथा राम
27. दुर्जन सिंह
28. गोविन्द राम
29. **हुकमा राम**
30. किशाली(खयाली)
31. बुद्धा राम
32. जीरम
33. तूनती राम
34. धर्मा
35. श्री चन्द
36. महेंद्र सिंह
37. रोहताश
38. हिमांशु

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# ढुँढवा गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1825 ईस्वी

ढुँढवा गाँव हरियाणा के कैथल जिले की कलायत तहसील का एक काफी बड़ा गाँव है। यह जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके पश्चिम में जींद जिले की और उत्तर में पंजाब राज्य की सीमा लगती है। इसके पूर्व में कोलेखा, खेड़ी लाबा, पश्चिम में उझाणा, अंबरसर, उत्तर में कुराड़ और दक्षिण में गुरुसर गाँव की सीमा लगती है। इस गाँव में सिहमर गौत्र का खेड़ा है। इस गाँव में लुहाच के अलावा सिहमर, दीनदाण, सिंधू, सहरावत, चौहान, खूंगा और नरवाल गौत्र के लोग रहते हैं। ढुँढवा एक सम्पन्न गाँव है। इस गाँव के पास लगभग 13000 बीघा जमीन है जिसमें से 1000 बीघा अकेले लुहाच गौत्र के पास है। पूरी जमीन नहरी है जिसकी सिचाई दो रजबाहों (माइनर) द्वारा होती है। इस गाँव की कुल आबादी लगभग 4000 लोगों की है जिसमें से 25 परिवार लुहाच गौत्र के हैं। इसमें एक उच्च माध्यमिक स्कूल, दो प्राथमिक शिक्षा स्कूल, एक सरकारी दवाखाना, पाँच जोहड़ (तलाब)

चरखी दादरी जिले के नाँधा गाँव के 31 वीं पीढ़ी के हुक्मा राम लुहाच का पुत्र किसाली (ख्याली) राम नाँधा से अपने परिवार के साथ पानी की तलास में महम होते हुए लाखनमाजरा के पास चिड़ी गाँव में आ गया। चिड़ी गाँव मुस्लिम बाहुल्य था। इस गाँव की जमीन समतल व उपजाऊ थी। खेती के लिए जमीनी पानी भी मीठा था। इसलिए किशाली ने गाँव के लोगों से चिड़ी में रहने के लिए जमीन मांगी लेकिन गाँव वालों ने किशाली को हिन्दू परिबर होने के नाते यहां रहने के लिए मना कर दिया। इस किए किशाली राम यहाँ से जींद होते हुए नरवाना के पास उझाणा गाँव में आ गया। यह गाँव पंजाब का तराई का इलाका था। पानी की कोई कमी नहीं थी। गाँव में सब हिन्दू परिवार के सिहमार, चहल, ढिल्लन गौत्र के लोग रहते थे। इस लिए लोगों ने खुशी से इस महमान परिवार को रहने के लिए जमीन और खेती के लिए भी जमीन दे दी। इस प्रकार किशाली का परिवार यहीं पर बस गया।

इस प्रकार लगभग 1775 ईस्वी में पहला लुहाच परिवार उझाणा गाँव में आकर बस। किसाली का उप नाम ख्याली राम था। खयाली राम के दो बेटे बुध राम और मामराज थे। लगभग अगले 100 साल तक दोनों भाइयों के वंशज इसी गाँव में रहे। उसके बाद 1875 ईस्वी में दोनों भाइयों ने पास के गाँव ढुँढवा में जमीन खरीद ली और बाद में दोनों भाइयों के कुछ वंशज ढुँढ़वा में रहने लगे। इस प्रकार दोनों भाइयों के वंशज दोनों गाँव में रहते हैं।

# वंशावली प्रथम पुरुष : ढुँढवा

गाँव के प्रथम पुरुष: **हुकमा राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **कुम्भा राम**
25. महिपाल
26. भरथा राम
27. दुर्जन सिंह
28. गोविन्द राम
29. **हुकमा राम**
30. किशाली(खयाली)
31. बुद्धा राम
32. गूगन सिंह
33. मातू राम
34. मामला
35. नत्थू राम
36. जगदीश
37. अनिल कुमार
38. निशान्त

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# पाडला गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1775 ईस्वी

पाडला गाँव जिला कैथल का एक बहुत बड़ा गाँव है। यह गाँव कैथल से संगरूर सड़क पर जिला मुख्यालय से 10 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। इसके पूर्व में गढ़ी पाडला, मानस पश्चिम में दिलोंवाली, गूणा, दूदरेहड़ी, मालखेड़ी, उत्तर में बावा लडाना, बूढ़ा खेड़ा, चक पाडला और दक्षिण में छोद, भानपुरा और दवाल गाँव की सीमा लगती है। सभी गाँव से पक्की सड़क द्वारा संपर्क है। इस गाँव की लगभग 8000 लोगों की आबादी है जिसमें 14 परिवार लुहाच गौत्र के हैं। पाडला की सीमा काफी बड़ी है जिसके तहत 52000 हजार बीघा जमीन है। इसमें से 500 बीघा जमीन लुहाच गौत्र के लोगों के पास है। जमीन बहुत उपजाऊ है। सिचाई ट्यूबवेल और नहर के पानी से होती है। गाँव में दो स्कूल, एक डिस्पेंसरी,एक पशु अस्पताल, पाँच जोहड़ और तीन मंदिर हैं। पाडला में लुहाच के अलावा गिल, सिंदर, सिवाच, गोयत, बेनीवाल, गोड़िए और राजपूत जाति की जनसंख्या भी है।

इस गाँव के लुहाच पूर्वज वर्तमान चरखी दादरी जिले के नाँधा गाँव से आए थे। नाँधा की 30 वीं पीढ़ी के गोविंद राम के बेटे बाग़पत का परिवार लगभग 1775 ईस्वी में पानी की तलास में उत्तर दिशा में चल पड़ा। उस समय पानी की तलास में नाँधा से यमुना पार और सुतलज की तराई के इलाकों की तरफ बहुत सारे लुहाच परिवार विस्थापन कर चुके थे। बागपत का परिवार भी दादरी, महम होते हुए वर्तमान रोहतक जिले के चिड़ी गाँव में आकर रुक गया। यह गाँव मुस्लिम बाहुल्य था इस कारण कुछ दिन यहां रुक कर कैथल की तरफ चल पड़ा। कैथल से लगभग 11 किलो मीटर पहले एक ऊंची जगह पर एक छोटा सा गाँव पारावीक में आकर रुक गया। इस गाँव में विभिन्न गौत्र के लोग रहते थे। यहाँ कई साल रहने के बाद एक प्राकृतिक आपदा की घटना हुई जिसके कारण यह गाँव बर्बाद हो गया। ऐसा माना जाता है कि शायद भूकंप आया होगा जिसके करण सब मकान गिर गए होंगे। इस घटना के उपरान्त जो परिवार बचे थे वह अलग अलग दिशाओं में चले गए। बागपत के वंशज एक किलोमीटर दूर उत्तर दिशा में आकर रहने लगा। उनके साथ कुछ अन्य परिवार भी वहाँ आकर बस गए। इस नए गाँव का का नाम पाडला रखा गया। आजकल पाडला में लुहाच के अतिरिक्त राजपूत और कई अन्य जाति व गौत्र के लोग रहते हैं।

एक अन्य मत के अनुसार पाडला गाँव की नींव 1488 ईस्वी में पड़ी थी। उस समय गाँव में राजपूत व मुसलमान परिवार रहते थे। कार्तिक की बीमारी के दौरान लगभग गाँव की सारी आबादी समाप्त हो गई। ऐसा इस लिए हुआ माना जाता है कि टोहाना के पास के एक बुनकर ने गाँव को श्राप दे रखा था कि गाँव एक बार उजड़ होकर फिर दोबारा आबाद होगा।

इस लिए बाद में फिर एक लुहाच लड़की जो गिल गौत्र की बहू थी और दो भाई जो लुहाच गौत्र से थे इस गाँव में आकर रहने लगे। दोनों भाइयों ने एक तिहाई जमीन अपनी बहन को दे दी और दो तिहाई अपने पास रख ली। आगे चल कर लड़की के वंशज की बढ़ोतरी ज्यादा हो गई और लुहाच की कम हुई। इसी कारण आज लुहाच गौत्र के केवल 14 परिवार हैं जबकि गिल गौत्र के तीन गुना है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : पाडला

गाँव के प्रथम पुरुष: **बागपत**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **कुम्भा राम**
25. महिपाल
26. भरथा राम
27. दुर्जन सिंह
28. गोविन्द राम
29. **बागपत**
30. सेंधा राम
31. पनधत
32. दारम
33. मुगला
34. मोरख
35. हरी सिंह
36. ईश्वर सिंह
37. कृष्ण कुमार
38. अरनव

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# भड़ताना गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1775 ईस्वी

भड़ताना हरियाणा के जींद जिले की सफीदों तहसील का एक मध्यम आबादी का गाँव है। यह तहसील मुख्यालय से 15 किलो मीटर और जिला मुख्यालय से 19 किलो मीटर दूर है। इसके पूर्व में लुदाना मोरखी, दक्षिण में ललित खेड़ा, भैरों खेड़ा, पश्चिम में चाबरी, खरक रामजी, आसन, सिवाहा और उत्तर में धड़ोली और गांगोली गाँव की सीमा लगती है। सभी गाँव से सड़क मार्ग से संपर्क है। गाँव में लुहाच के अतिरिक्त नरवाल, मलिक, ढांडा, खटकड़, दहिया, चहल और धुल गौत्र के परिवार भी रहते हैं। गाँव की कुल आबादी लगभग 4000 लोगों की है जो कि 700 परिवार हैं और इन में से 75 परिवार लुहाच गौत्र के हैं। गाँव के लोगों का मुख्य पेशा खेती-बाड़ी है। लुहाच परिवार के पास 270 एकड़ जमीन है। सारी जमीन नहरी है। गाँव के साथ से सुंदर ब्रांच जो कि बहुत बड़ी नहर है गुजरती है जिसमें से एक नंबर-3 रजबाहा और दूसरा छाबरी रजबाहा निकलते हैं जिन से पूरे गाँव की सिचाई होती है।

भड़ताना गाँव दो राजमार्ग के बीच पड़ता है। एक जींद-सोनीपत ग्रीन फील्ड हाइवै 352 ए और दूसरा नारनौल-इस्माइलाबाद हाइवै 352 डी। गाँव में एक माध्यमिक स्कूल, एक पशु चिकित्सालय, एक 15 साल पुराना गुरुकुल जिसका नाम आत्मा नन्द श्रुति धाम है। इसमें लगभग 300 विद्यार्थी है। इसके अलावा गाँव में तीन मंदिर और चार जोहड़ भी हैं।

इस गाँव के प्रथम लुहाच पुरुष लगभग 1775 ईस्वी में चरखी दादरी के नाँधा गाँव से आए थे। नाँधा वंशावली के मुताबिक 29 वीं पीढ़ी में कालू राम लुहाच के दो बेटे नोपा राम और हीरा लाल थे। नोपा राम नाँधा में ही रह गया जबकि हीरा लाल अपने परिवार के साथ महम के पास खेड़ी महम आ गया। यहाँ कुछ समय रुकने के बाद वह चिड़ी गाँव में आ गया। चिड़ी मुसलमान बाहुल्य गाँव था। यहाँ पर भी गाँव के लोगों ने हीरा लाल को रहने की अनुमति नहीं दी। हीरा लाल यहाँ से उतर पश्चिम की तरफ चल पड़ा और तत्कालीन जींद रियासत के छोटे से गाँव भड़ताना पहुँच गया। गाँव में पहले से कई जाट गौत्र के लोग रहते थे। उन्होंने हीरा लाल को न केवल यहाँ बसने की अनुमति दी बल्कि लगभग 270 एकड़ जमीन भी दे दी। हीरा लाल के बाद से अब तक भड़ताना में 10 वीं पीढ़ी चल रही है। इसी दौरान अब से लगभग 100 साल पहले जींद जिले के ही निरजन गाँव में पता चला कि एक लुहाच परिवार रहता है। भड़ताना के लुहाच भाई इस परिवार को भी अपने पास ले आए और अपनी जमीन से कुछ जमीन भी दे दी। क्योंकि हीरा लाल लुहाच का परिवार खेड़ी महम में कुछ साल रुका था इस लिए आज भी भड़ताना में लुहाच परिवार को खेड़ी वाला के नाम से जाना जाता है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : भड़ताना

गाँव के प्रथम पुरुष: **हीरा लाल**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज सिंह
23. जय सिंह
24. **तुलसी राम**
25. भैरू राम
26. कालू राम
27. **हीरा लाल**
28. अमर सिंह
29. हरदयाल सिंह
30. जगरूप सिंह
31. आरधन सिंह
32. कन्हैया लाल
33. जयलाल
34. धर्मपाल सिंह
35. अजय सिंह
36. अक्षिता

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# सिवाड़ा गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1800 ईस्वी

सिवाड़ा गाँव हरियाणा के भिवानी जिले की बवानी खेड़ा तहसील का एक बड़ा गाँव है। यह तहसील मुख्यालय से 10 किलो मीटर और जिला मुख्यालय से 28 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। भिवानी- हाँसी मार्ग 10 किलो मीटर दूर है। गाँव का कुल रकबा 13000 बीघा है जिसमें से लगभग 4100 बीघा लुहाच परिवार के पास है। सारी जमीन नहरी और उपजाऊ है। सुंदर ब्रांच और उस के सब माइनर तालू-सिवाड़ा लिंक द्वारा पूरी जमीन की सिचाई होती है। लोगों का मुख्य कारोबार खेती बाड़ी है। इसके अलावा सेना, पुलिस और अन्य सरकारी नोकरी पर काफी लोग कार्यरत हैं। सिवाड़ा के पूर्व में तालू, पश्चिम में खेड़ी, उतर में कूण्ड और दक्षिण में पुर गाँव की सीमा लगती है। सब गाँव से पक्की सड़क से संपर्क है। गाँव की कुल आबादी लगभग 10000 लोगों की है जिसमें से लगभग 250 परिवार लुहाच गौत्र के हैं। गाँव में वैसे तो राजपूत, पंडित, सिंगरोहा और राड़ गौत्र के लोग भी हैं लेकिन लगभग 50% आबादी लुहाच गौत्र की है। गाँव में पाँच मंदिर, एक माध्यमिक स्कूल, एक दवाखाना, एक पशु चिकित्सालय, एक पुस्तकालय और तीन जोहड़ हैं।

इस गाँव के प्रथम लुहाच पुरुष (पूर्वज) चरखी दादरी के नाँधा गाँव से आए थे। तब से अब तक लुहाच गौत्र की 10 वीं पीढ़ी चल रही है। नाँधा की वंशावली के अनुसार 30 वीं पीढ़ी में भूरा राम लुहाच के तीन पुत्र थे। जिनके नाम प्रेमा राम, लोदी राम और सावल राम थे। 17 वीं शताब्दी के अन्त और 18 वीं शताब्दी के आरम्भ में नाँधा गाँव से लुहाच गौत्र के लोगों का बहुत तादाद में पानी की तलास में विस्थापन हुआ था। इसी दौरान लगभग 1800 ईस्वी में बड़ा भाई प्रेमा राम नाँधा में ही रह गया जबकि लोदी राम और सावला राम सपरिवार बाढ़डा, दादरी होते हुए बवानी खेड़ा के पास सिवाड़ा गाँव में आ गए। उस समय राजपूतों के थोड़े से परिवार थे। समय के साथ साथ लुहाच गौत्र की आबादी में काफी बढ़ोतरी हुई जबकि राजपूतों की आबादी तुलनात्मक कम हुई। यही कारण है कि आज इस गाँव में 50% आबादी लुहाच गौत्र की है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : सिवाड़ा

गाँव के प्रथम पुरुष: **रतना राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **रतना राम**
25. माना राम
26. पीरू राम
27. खींवा राम
28. सेवा राम
29. बिशना राम
30. जोधा राम
31. भूरा राम
32. सावल राम+लोदी राम
33. नयन सुख
34. हरराज सिंह
35. मसानिया
36. देवा राम
37. मुवासी राम
38. देसराज
39. बलजीत सिंह
40. आकाश

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# अलखपुरा गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1850 ईस्वी

अलखपुरा गाँव हरियाणा के भिवानी जिले की तोशाम तहसील का एक मध्यम आबादी वाला गाँव है। यह तहसील मुख्यालय से 5 किलो मीटर और जिला मुख्यालय से 26 किलो मीटर दूर स्थित है। यह गाँव हाँसी-तोशाम मार्ग पर पड़ता है। गाँव का सारा रकबा नहरी होने के कारण काफी उपजाऊ है। सुंदर ब्रांच नहर के भूड़ताना रजबाहा से पूरे रकबे की सिचाई होती है। गाँव का कुल रकबा 10000 एकड़ है जिसमें से 25 एकड़ लुहाच गौत्र के लोगों की है। गाँव की कुल आबादी लगभग 3200 लोगों की है जिसमें से 10 परिवार लुहाच गौत्र के लोगों के हैं। इस गाँव में लुहाच के अतिरिक्त दलाल, महला और कादियान गौत्र के लोग भी रहते हैं। इसके पूर्व में सागवान, दक्षिण में तोशाम, पश्चिम में केरावड़ और उतर में भूड़ताना गाँव की सीमा लगती है। सब गाँव पक्की सड़क से जुड़े हैं। गाँव में एक माध्यमिक स्कूल, एक पशु चिकित्सालय, दो मंदिर और एक जोहड़ है।

अलखपुरा के लुहाच पूर्वज चरखी दादरी के नाँधा गाँव से आए थे। नाँधा एक बरानी गाँव था। भोगोलिक स्थिति राजस्थान जैसी थी। खेती और पीने के पानी की किल्लत थी। इसी कारण कालांतर में उतर और पूर्व दिशा में काफी परिवारों का विस्थापन हुआ। नाँधा की वंशावली के अनुसार 31 वीं पीढ़ी के किशोरा राम के तीन पुत्र थे। इनके नाम धारीराम, रामसुख और राम रतन थे। धारी राम का बेटा गीदा राम सालहेवाल चला गया और बाकी परिवार नाँधा में ही रह गया। राम रत्न का परिवार भी नाँधा में ही रह गया जबकि राम सुख अपने परिवार समेत लगभग 1850 ईस्वी में तोशाम के पास अलखपुरा में आ गया। हालांकि अलखपुरा की जमीन भी उस समय बारानी होती थी लेकिन पानी के हिसाब से नाँधा से बेहतर थी। सुंदर ब्रांच नहर के आने के बाद से इस गाँव का पूरा रकबा नहरी बन गया है। हालांकि अलखपुरा में लुहाच गौत्र के लोगों की कम आबादी है लेकिन जमीन और नोकरी पेशा के हिसाब से खुशहाली है। राम सुख लुहाच से अब तक इस गाँव में लुहाच परिवार की 7 वीं पीढ़ी चल रही है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : अलखपुरा

गाँव के प्रथम पुरुष: **प्रेमा राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **रतना राम**
25. माना राम
26. पीरू राम
27. खींवा राम
28. सेवा राम
29. बिशना राम
30. जोधा राम
31. भूरा राम
32. **प्रेमा राम**
33. किशोरा
34. रामसुख
35. खेमा राम
36. दया राम
37. रूप चन्द
38. प्रिथी सिंह
39. राजेश कुमार
40. जयदीप

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# साहलेवाला गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1875 ईस्वी

साहलेवाला गाँव हरियाणा के भिवानी जिले की तोशाम तहसील का एक मध्यम आबादी वाला गाँव है। यह तहसील मुख्यालय से तोशाम-बहल मार्ग पर 22 किलो मीटर और जिला मुख्यालय से 40 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। इस गाँव के पूर्व में हसाण और देवराला, पश्चिम में रोढा, उतर में पटोधी और बुसाण व दक्षिण में संडवा और धारवाण बास गाँव की सीमा लगती है। सभी गाँव का पक्की सड़क से संपर्क है। गाँव का रकबा 2500 एकड़ है जिसमें से लुहाच परिवार के पास 25 एकड़ जमीन है। इस गाँव की कुल आबादी लगभग 5000 लोगों की है जिसमें से लुहाच परिवार के 30 लोग रहते है। गाँव की जमीन नहरी है जिसकी सुंदर ब्रांच से निकले दो रजबाहे सदवा माइनर और बास माइनर से सिचाई होती है। खेती बाड़ी लोगों का मुख्य धंधा है हालांकि सरकारी नौकरी पर भी इस गाँव के काफी लोग हैं। इस गाँव में लुहाच के अतिरिक्त कालीरावणा, जाखड़, गोदारा, कसमा, मूँड और खरब गौत्र के लोग रहते हैं। साहलेवाला में एक 8 वीं कक्षा तक का स्कूल और दो मंदिर हैं। गाँव में कोई जोहड़ नहीं है पशुओं के लिए सरकारी पानी की सप्लाई से सामूहिक खोल बना के पानी पिलाया जाता है।

साहलेवाला में लुहाच गौत्र के प्रथम पुरुष छिददा राम लुहाच चरखी दादरी के नाँधा गाँव से आए थे। छिददा राम सपरिवार लगभग 1875 ईस्वी में साहलेवाला गाँव आ गया। साहलेवाला गाँव तोशाम-बहल सड़क पर तोशाम से 22 किलो मीटर की दूरी पर है। छिददा राम लुहाच के साहलेवाला में आने के बाद अब तक 6 वीं पीढ़ी चल रही है।

छिददा राम लुहाच के चार बेटे थे। इनके नाम खूबी राम, बल्ला राम, चेत राम और राम रत्न थे। खूबी राम और बल्ला राम अविवाहित थे जबकि बाकी दो भाई विवाहित थे जिनके वंशज आज भी साहलेवाला में रहते हैं। खूबी राम दूसरे विश्व युद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज के सैनिक थे। आजादी की लड़ाई में अग्रिम मोर्चे पर रहने के कारण वह अंग्रेजी हकूमत की नजरों में चढ़ गए। इस कारण उनको अंग्रेजों ने गिरफ्तार करके अंडमान व निकोबार जिसे उस समय काला पानी कहा जाता था भेज दिया। वहाँ खूबी राम ने बहुत पड़ताड़ना झेली। क्योंकि खूबी राम आजादी के मतवाले और सच्चे देश भगत थे इस कारण अंग्रेजों ने उसको सैलूलर जेल में फांसी पर लटका दिया। इस प्रकार भारत माँ के एक सपूत ने हँसते हँसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। राम रतन स्वतंत्रता के बाद भारतीय सेना में भर्ती हो गया। वह एक बहुत ही अच्छा निशाने बाज सैनिक था। वह भारतीय सेना की सर्विसिज की निशाने बाजी की टीम का हिस्सा था। उसने अंतर राष्ट्रीय निशाने बाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर न केवल अपने गौत्र का नाम रौशन किया बल्कि अपने गाँव, राज्य, भारतीय सेना और देश का नाम रोशन किया।

# वंशावली प्रथम पुरुष : साहलेवाला

गाँव के प्रथम पुरुष: **छिददा राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **रतना राम**
25. माना राम
26. पीरू राम
27. खींवा राम
28. सेवा राम
29. बिशना राम
30. जोधा राम
31. भूरा राम
32. प्रेमा राम
33. किशोरा राम
34. धारी राम
35. **छिददा राम**
36. चेत राम
37. हरी सिंह
38. सुनील कुमार
39. अनिल कुमार

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# रानीला गाँव का इतिहास

निकासी · 1839 ईस्वी

रानीला गाँव हरियाणा के चरखी दादरी तहसील और जिला का एक बहुत बड़ा गाँव है जो कि जिला मुख्यालय से 20 किलो मीटर दूर है। यह गाँव दादरी-रोहतक रोड पर स्थित सांजरवास से लिंक रोड पर 5 किलो मीटर दूर स्थित है। इसके पूर्व में पिलाना, बास, दक्षिण-पूर्व में अचिणा, दक्षिण में भागेश्वरी, पश्चिम में साँवड, सांजरवास-फौगाट, उतर-पश्चिम में बोंद कला और उतर-पूर्व में ऊण गाँव की सीमा लगती है। सब गाँव से पक्की सड़क से संपर्क है। गाँव के पास 44000 बीघा जमीन है जिसमें से 300 बीघा लुहाच परिवार के पास है। सब जमीन नहरी है जिसकी सिचाई बोंद नहर से निकली भागेश्वरी रजबाहा और सांजरवास रजबाहा से होती है। गाँव की आबादी 15000 लोगों की है जिसमें से 20 परिवार लुहाच गौत्र के लोगों के हैं। गाँव में 5 बड़े जोहड़, 21 मंदिर जिसमें से आदि नाथ जैन मंदिर सबसे मुख्य है। इसके अलावा एक प्राइमेरी स्कूल, दो सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एक हस्पताल, एक पशु हस्पताल, 6 चौपाल और 15 आंगनबाड़ी हैं। गाँव में लुहाच के अतिरिक्त पवार राजपूत, साहू, गिल, लोहचब, राठी, कादियान, लोर, मान और बुधवार गौत्र के लोग रहते हैं। इनके अतिरिक्त 20 अन्य जाति के लोग भी रहते हैं।

रानीला गाँव के प्रथम लुहाच पुरुष बालको राम नीमली गाँव से आए थे। बालको राम 1839 ईस्वी में सपरिवार नजदीक के गाँव रानीला में आकर बस गया। बालको के एक मात्र बेटा दया राम ने 1850 ईस्वी में इस नए गाँव में जमीन खरीद ली। दया राम के दो बेटे थे। उनके नाम थे विजय लुहाच और नर सिंह लुहाच। दोनों के वंशज ने धीरे धीरे और जमीन खरीद ली और आज लुहाच परिवार के पास लगभग 300 बीघा जमीन है। बालको के वंशज की रानील में 8 वीं पीढ़ी चल रही है। लुहाच परिवार में इस गाँव की दूसरी पीढ़ी के विजय लुहाच का पोता राम स्वरूप बहुत ही बहादुर और ताकतवर था। ऐसी कहावत है कि वह अकेला 20 लोगों से लड़ाई में सामना करने का मादा रखता था। उसका बेटा राम कुमार भी एक बहुत नामी पहलवान था जिसका दूर दूर तक पहलवानी में नाम था। आगे चल कर 5 वीं पीढ़ी के दीप चंद लुहाच का परिवार भी बहुत पढ़ा लिखा था। इनका बेटा शुभ राम काफी होनहार व शिक्षित था। उसने अपनी प्रतिभा के दम पर रोहतक में भूतपूर्व विधायक राज सिंह के सिनेमा घर संगीता को 30 साल चलाया। आगे चल कर उसनें अपनी मेहनत के दम पर न केवल रानीला में बल्कि राजस्थान और छतीसगढ़ में सैकड़ों एकड़ खेती की जमीन खरीद ली। दूसरा बेटा महाबीर सिंह भी कम प्रतिभाशाली नहीं था। उसनें 1981 में पंजाब यूनिवर्सिटी से एम ए बी एड की पढ़ाई कर अध्यापक बन गए। वह चौधरी चरण सिंह के अनुयायी हैं।

# वंशावली प्रथम पुरुष : रानीला

गाँव के प्रथम पुरुष: **बाल्को**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **नींबू उर्फ नेम सिंह**
25. **थाना राम**
26. मानकू
27. दयाला
28. राम सिंह
29. गजे सिंह
30. जगदेव
31. मोखा
32. **बाल्को**
33. विजय
34. मोती राम
35. मन्दरूप
36. दीप चन्द
37. शुभराम
38. परवीन
39. हेमन्त

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# रेवाड़ी खेड़ा गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1775 ईस्वी

रेवाड़ी खेड़ा गाँव हरियाणा के झज्जर जिले की बहादुरगढ़ तहसील का एक मध्यम आबादी वाला गाँव है। यह जिला मुख्यालय और तहसील मुख्यालय दोनों से लगभग 20 किलो मीटर की दूरी पर बेरी-बहादुरगढ़ मार्ग पर स्थित है। इसके पूर्व में मातन, खरमाण और छुडाणी, दक्षिण में खेड़ी आसरा, पश्चिम में छारा और उतर में खरहर गाँव की सीमा लगती है। इन सब गाँव से पक्की सड़क से संपर्क है सिवाय खरमाण और खरहर गाँव के जिन का संपर्क कच्चे रास्ते से है। इस गाँव के पास लगभग 6000 बीघा जमीन है जिसमें से 860 बीघा जमीन लुहाच गौत्र के लोगों के पास है। गाँव की सारी जमीन नहरी है जिसकी सिचाई खरहर रजबाहा और छारा रजबाहा से होती है। गाँव की कुल आबादी लगभग 4000 लोगों की है जिसमें से 50 परिवार लुहाच गौत्र के लोगों के हैं। इस गाँव में लुहाच के अतिरिक्त दलाल गौत्र के लोग रहते हैं जो कि आसोदा गाँव से आए थे। इस गाँव में एक प्राथमिक स्कूल, एक माध्यमिक स्कूल, एक दवाखाना, एक पशु अस्पताल, तीन चौपाल, दो जोहड़, चार बड़े मंदिर जिसमें दादा सहनू वाला और दादा गूगनवाला मुख्य हैं।

रेवाड़ी खेड़ा के लुहाच प्रथम पुरुष चरखी दादरी जिले के निमली गाँव से थे। निमली गाँव की वंशावली के अनुसार भवाण पाना में 28 वीं पीढ़ी के धानी राम लुहाच के तीन पुत्र थे। इनके नाम थे हरभगत, बीर सिंह उर्फ बीरू राम और आनन्द सिंह। धानी राम ने बीरू राम की शादी बहादुरगढ़ के पास आसोदा गाँव की पातो नाम की लड़की से कर दी। पातो देवी का पिता काफी बड़ा जमींदार था। जमीन नहरी व समतल होने के कारण बहुत उपजाऊ भी थी। नीमली की जमीन बरानी थी। सिचाई का कोई साधन नहीं था। खेती बारिश पर निर्भर होती थी। जमीन ऊबड़ खाबड़ थी। बेरी, जांटी, कीकर व झाड़ के पेड़ मुख्य वनस्पति होती थी। पशुओं के चारे के लिए लोग भरूठ नाम की काटेदार घास जंगल से लाकर काम चलाते थे। पातो देवी अपने दो भाइयों में अकेली बहन थी और सबसे छोटी होने के कारण बहुत लाड़ली भी थी। शादी के बाद से ही पातो देवी का अपने ससुराल में कभी मन नहीं लगा। समय बीतता गया। इसी दौरान पातो देवी के तीन पुत्र पैदा हुए जिनके नाम घासी राम, महानन्द और नन्द राम थे। घासी राम और नन्द राम की शादी नहीं हुई जबकि महानन्द की शादी हुई थी।

एक बार पातो देवी अपने मायके आ गई। उसने अपने पिता से कहा कि में निमली नहीं जाऊँगी क्योंकि वहाँ खेतों में बहुत काँटेदार भरूठ हैं। मुझे पशुओं के लिए जंगल से भरूठ लाने पड़ते हैं जिससे मुझे बहुत तकलीफ होती है। मैं अपने बच्चों के साथ यहीं रहूँगी।

पातो के पिता ने समझाया कि बेटी तो ससुराल में ही ठीक लगती है। आप यहाँ रहोगी तो गाँव में मेरी क्या इज्जत रहेगी। लेकिन पातो देवी नहीं मानी और ससुराल न जाने की हठ पर अड़ी रही। हार कर पिता ने बेटी की बात मान ली और उसे अपने साथ रखने का आश्वासन देकर नीमली भेज दिया। इसके उपरान्त पातो के पिता ने गाँव में अपनी इज्जत भी बनी रहे और बेटी का घर भी बस जाए इस इरादे से आसोदा की जमीन बेचकर रेवाड़ी खेड़ा में जमीन

लेकर रहने का मन बना लिया। रेवाड़ी खेड़ा उस समय तक आबाद नहीं था। उस जमाने में यह एक उजड़ खेड़ा था जो कभी मुसलमानों का गाँव रहा था और किन्ही अज्ञात कारणों से उजड़ गया था। जमीन की उस जमाने में कोई कीमत नहीं थी।

जमीन बोने वाला कोई नहीं होता था। वैसे भी पैसा बहुत था इस लिए उसने 6000 हजार बीघा जमीन कोड़ी के भाव में खरीद ली। इधर से पातो का पिता सपरिवार रेवाड़ी खेड़ा आ गया। उसी दौरान पिता ने अपने दामाद बीरू राम लुहाच को भी लगभग 1775 ईस्वी में सपरिवार रेवाड़ी खेड़ा में बुला कर 860 बीघा जमीन दे दिया। क्योंकि पातो के पिता दलाल गौत्र से थे और बीरू राम लुहाच गौत्र से था इस लिए आज भी इस गाँव में दलाल और लुहाच गौत्र के लोग ही रहते हैं। 1977-82 की स्कीम में सूबेदार रामभज लुहाच,सेवानिवृत गाँव का सरपंच भी रह चुका है। इस गाँव में बीरू राम से अब तक 11 वीं पीढ़ी चल रही है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : रेवाड़ी खेड़ा

गाँव के प्रथम पुरुष: **बीरू राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **नींबू उर्फ नेम सिंह**
25. **भाऊ राम**
26. दोद राम
27. रामधन
28. माला राम
29. धानी राम
30. आनन्द
31. **बीरू राम**
32. महानन्द
33. दिलसूख
34. जीराम
35. हरगोविंद
36. तूती राम
37. जागे राम
38. धूप सिंह
39. राजबीर सिंह
40. मानबीर सिंह

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# रिटोली गाँव का इतिहास

निकासी · 1860 ईस्वी

रिटोली गाँव हरियाणा के रोहतक जिले का एक मध्यम आबादी वाला गाँव है जो कि जिला मुख्यालय से रोहतक-बेरी मार्ग पर 14 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। इसके पूर्व में डीघल, उतर में बालन्द, पश्चिम में सुण्डाणा और दक्षिण में कबूलपुर गाँव की सीमा लगती है और इन सब गाँव से पक्की सड़क से संपर्क है। इस गाँव का कुल रकबा 4000 बीघा है जिसमें से लुहाच गौत्र के पास 250 बीघा है। सब जमीन नहरी है जिसकी सिचाई जवाहर लाल नहरु नहर से निकले भूतिया रजबाहा से होती है। इस गाँव की आबादी लगभग 4000 लोगों की है जिसमें से लुहाच गौत्र के 4 परिवार हैं। गाँव में लुहाच के अतिरिक्त सिगरोहा (सूघड़) और कालीरमण गौत्र के लोग रहते हैं। सिगरोहा गौत्र के पाना को सूघड़ पाना और कालीरमण गौत्र के पाना को गिरावड़ पाना बोला जाता है। लुहाच गौत्र सिगरोहा गौत्र का भाणजा है इस लिए यह भी सिगरोहा पाना में ही आता है। इस गाँव में एक प्राथमिक स्कूल, एक सीनियर सैकेडरी स्कूल, एक डिस्पेंसरी, एक पशु चिकित्सालय, छः चौपाल और पाँच जोहड़ हैं।

इस गाँव के प्रथम लुहाच पुरुष प्रेम सुख लगभग 1860 ईस्वी में झज्जर जिले के मारोत गाँव से आए थे। मारोत गाँव की वंशावली के 33 वीं पीढ़ी के प्रेम सुख लुहाच की शादी रिटोली गाँव की सुधी कुमारी नाम की लड़की से हुई थी। सुधी कुमारी अपने माता-पिता की इकलोती संतान थी। उसके पिता के पास 250 बीघा जमीन थी। प्रेम सुख व उसकी पत्नी सुधी देवी से चार लड़के पैदा हुए। इनके नाम पूरण सिंह, मल्ला सिंह, हजारी सिंह और धन्ना सिंह थे। क्योंकि इतनी बड़ी जायदाद का कोई वारिस नहीं था इस लिए सुधी के पिता ने अपनी बेटी को अपने पास बुलाकर सारी जायदाद उसके नाम कर दी। इस प्रकार रिटोली के लुहाच पूर्वज मारोत से रिटोली आए प्रेम सुख से अब तक लुहाच गौत्र की 7 वीं पीढ़ी चल रही है। रिटोली की वंशावली के किताब सिंह लुहाच के दो बेटे अजित सिंह लुहाच और हरेन्द्र सिंह लुहाच थे। दोनों होनहार व पढे लिखे थे। हरेन्द्र सिंह ने बी ए बी एड करके अध्यापक की नोकरी कर ली। अजित सिंह का होनहार बेटा अरविंद लुहाच हरियाणा सरकार में नायब तहसीलदार के पद पर है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : रिटोली

गाँव के प्रथम पुरुष: **प्रेम सुख**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **छू छू उर्फ छबीला**
25. मोला राम
26. किशना राम
27. बिशना राम
28. शेरा राम
29. नारायण
30. जयमल
31. राजे राम
32. सुरता राम
33. जयराम
34. काना राम
35. **प्रेम सुख**
36. मल्ला राम
37. नारायण
38. किताब सिंह
39. अजित सिंह
40. अरविन्द सिंह

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# कबूलपुर गाँव का इतिहास

निकासी · 1875 ईस्वी

कबूलपुर गाँव हरियाणा के रोहतक जिले का एक बड़ा गाँव है। यह जिला मुख्यालय से रोहतक-बेरी मार्ग पर महज 15 किलो मीटर दूर स्थित है। इसके पूर्व में गोछी, पश्चिम में मसूदपुर और सूडाणा, उतर में रिटोली और दक्षिण में बेरी गाँव की सीमा लगती है। सभी सीमावर्ती गाँव से पक्की सड़क मार्ग से संपर्क है। गाँव की सीमा बहुत बड़ी है। इसका रकबा 20000 बीघा है जबकि लुहाच गौत्र के लोगों के पास 120 बीघा जमीन है। गाँव में दो पाना हैं जिनको दरकान पाना और भगत पाना के नाम से जाना जाता है। दरकान पाना के पास 900 बीघा और भगत पाना के पास 1100 बीघा जमीन है। सारा रकबा नहरी है जिसकी सिचाई जवाहर लाल नेहरू नहर और उससे निकला बसाण-भूतान रजबाहा से होती है। गाँव की कुल आबादी लगभग 5000 लोगों की है जिसमें से 10 परिवार लुहाच गौत्र के लोगों के हैं। गाँव में लगभग 3500 वोट हैं। 2021-26 की योजना के तहत अमर सिंह लुहाच इस गाँव का सरपंच चुना गया। गाँव में लुहाच के अलावा डागर, नहरा, धनखड़ और कालीरमण गौत्र के लोग भी रहते है। गाँव में एक 10 वीं कक्षा तक लड़कों का और एक लड़कियों का स्कूल है। इसके अतिरिक्त एक हस्पताल, एक पशु हस्पताल, पाँच आंगनबाड़ी, पाँच चौपाल, पाँच मंदिर और दो जोहड़ हैं।

नीमली गाँव की वंशावली के मुताबिक थानाण पाना में 32 वीं पीढ़ी के दानी राम लुहाच के छः बेटे थे। उनमें से तीसरे नम्बर के बेटे बाल्को राम के दो बेटे हुए थे। छोटे बेटे सरभू राम की शादी रोहतक जिले के कबूलपुर गाँव में डागर गौत्र की श्यामा कुमारी से हुई थी। सरभू राम व श्यामा देवी से नीमली में रहते दो बेटे पैदा हुए थे। बड़े बेटे का नाम नन्द राम और छोटे बेटे का नाम बलकारा था। श्यामा देवी के परिवार में लोगों की कमी महसूस होती थी। आए दिन पड़ोसी श्यामा देवी के परिवार वालों को डराते धमकाते रहते थे। इस कारण से उसके पिता ने अपने दामाद को सपरिवार कबूलपुर में बुलाकर 120 बीघा जमीन देकर बसा लिया। इस प्रकार कबूलपुर के लुहाच गौत्र के प्रथम पुरुष सरभू राम लगभग 1875 ईस्वी में नीमली गाँव से आए थे और तब से अब तक इस गौत्र की 8 वीं पीढ़ी चल रही है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : कबूलपुर

गाँव के प्रथम पुरुष: **सरभू राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **नींबू उर्फ नेम सिंह**
25. **थाना राम**
26. मानकू
27. दयाला
28. राम सिंह
29. गजे सिंह
30. जगदेव
31. भेराम
32. दानी राम
33. बाल्को राम
34. **सरभू राम**
35. झुण्डा राम
36. सूंडवा राम
37. चन्दगी राम
38. राम भगत
39. विनोद कुमार
40. अमर सिंह

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# नीमली गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1600 ईस्वी

नीमली गाँव हरियाणा के जिला चरखी दादरी का एक मध्यम आबादी वाला गाँव है। यह गाँव जिला मुख्यालय से लगभग 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके पूर्व में मातनहेल, नौगाँव और रुलियावास, पश्चिम में दहरोड, दक्षिण में मालियावास और उत्तर में सातौर व सरूपगढ़ गाँव पड़ते हैं। सब गाँव से पक्की सड़क से संपर्क है। गाँव का कुल रकबा 12350 बीघा है जिस में से 7000 बीघा लुहाच गौत्र के लोगों के पास है। जमीन तकरीबन बरानी है। 1970 के दशक के आरम्भ में बंसीलाल सरकार ने जवाहर लाल नेहरू नहर का निर्माण कराया था। उससे पहले पूरा रकबा बरानी होता था। खेती व पीने के लिए कुआं व रहट के पानी पर निर्भर रहना पड़ता था। इस नहर से तीन रजबाहा निकाले गए जिन से लगभग 30% जमीन की ही सिचाई हो पाती है। इन रजबाहों के नाम हैं नीमली रजबाहा, काकरौली रजबाहा और पातूवास रजबाहा। बाकी की जमीन की सिचाई आज भी ट्यूबवेल के पानी से की जाती है। काफी रकबा में आज भी रेत के टीले हैं जिन पर फवारा प्रणाली से सिंचाई की जाती है। इसकी कुल आबादी लगभग 7000 लोगों की है जिसमें से लगभग 2000 लोग 450 परिवार के रूप में लुहाच गौत्र के रहते हैं।

लुहाच के आलावा इस गाँव में अहलावत, जाखड़, दलाल, सांगवान, धनखड़, ढीलन और फ़ौगाट गौत्र के लोग भी रहते हैं। इस गाँव में लुहाच का खेड़ा है। इसमें गाँव का सरपंच तकरीबन हर स्कीम में लुहाच गौत्र से ही चुना जाता है। इस गाँव में 6 जोहड़, 1 शिव मंदिर और एक दादा भैया का मंदिर है। दादा भैया की काफी मान्यता है। इसे सब धर्म व जाति के लोग मानते हैं। पहले यह धर्म स्थल गाँव के अंदर होता था। ऐसी मान्यता है कि दादा ने लोगों को कहा कि यहाँ साफ सफाई नहीं है और आबादी के बीच में है इस लिए मेरा मंदिर गाँव से बाहर बनाया जाए। इस लिए बाद में गाँव से बाहर दो किलोमीटर की दूरी पर वर्तमान मंदिर का निर्माण किया गया। इस मंदिर में ठंडी जोत जिसे सीली जोत भी कहते हैं लगती है। वैसे तो हर महीने की चौदस के दिन दादा की पूजा होती है लेकिन सालाना मेला होली से पहले वाली चौदस को लगता है। इसके अलावा 3 चौपाल, एक 12 वीं तक लड़कों का स्कूल, एक 8 वीं तक लड़कियों का स्कूल, 1 आयुर्वेदिक अस्पताल, 1 पशु अस्पताल, 1 दवाखाना और 5 आंगणबाड़ी भी हैं।

इस गाँव के प्रथम लुहाच पुरुष पैंतावास से आए थे। पैंतावास में भी लुहाच गौत्र का खेड़ा है लेकिन इस समय वहाँ पर कोई लुहाच आबादी नहीं है। पैंतावास में इस समय सांगवान गौत्र के लोग रहते है। पैंतावास के लुहाच पूर्वज नाँधा गाँव से आए थे। नाँधा गाँव की वंशावली के मुताबिक 19 वीं पीढ़ी के महाराज लुहाच के चार पुत्र थे। इनके नाम पहाड़ सिंह, भैराज सिंह,गूगन सिंह और नारायण सिंह थे।

इसमें से नारायण सिंह नाँधा में ही रह गया जब कि भैराज सिंह मोहला गाँव चले गए। गूगन सिंह बाद में गिरावड़ गाँव चला गया। चौथा भाई पहाड़ सिंह भी लगभग 1500 ईस्वी में पानी की तलास में सपरिवार पैंतावास आ गया। उस समय पैंतावास में कोई आबादी नहीं थी। पहाड़ सिंह ने ही इस गाँव की नींव रखी थी इस लिए उसके नाम से मिलता-जुलता नाम पैंतावास पड़ा। यही कारण है कि इस गाँव का खेड़ा लुहाच गौत्र का है। आज भी इस गाँव में

लुहाच गौत्र की कोई शादी नहीं होती। इस गाँव में लुहाच परिवार के लोग लगभग 100 साल तक रहे थे। इसी दौरान इस गाँव में अन्य गौत्र के लोग भी आकर बस गए। इनमें सांगवान गौत्र के लोगों की आबादी सबसे ज्यादा थी। वैसे तो पूरे पैंतावास का रकबा लुहाच गौत्र के नाम था लेकिन अन्य गौत्र के लोगों को खेती करने के लिए कुछ जमीन दे रखी थी। जींद रियासत के तहत इस गाँव की सीमा थी। राजा के पास भूमि कर जमा होता था।

नीमली गाँव की वंशावली के अनुसार 23 वीं पीढ़ी में ओनाड़ा राम लुहाच पूरे गाँव की जमीन का मालिक था। उसने सांगवान गौत्र के एक किसान को कर जमा करने की जिम्मेदारी दी जिसे उसने बखूबी से निभाया। क्योंकि पैंतावास के अलावा बाकी गाँव से भूमि कर की उगाही समय पर नहीं हो पाती थी इस लिए राजा ने पैंतावास के इस सांगवान किसान को पुरस्कृत करने के लिए बुलाया और उसके नाम सारे गाँव की जमीन कर दी। सांगवान किसान ने यह बात काफी दिन तक ओनाड़ा लुहाच से छुपा कर रखी। जब अगली बार कर उगाही सांगवान किसान के नाम से आई तब ओनाड़ा के परिवार को इसका पता चला जिससे उसको काफी दुख हुआ। ओनाड़ा ने उसको कहा कि आप ने हम से धोखा किया है इस लिए हम अब यहाँ नहीं रहेंगे।

इस प्रकार पहाड़ सिंह के वंशज 4 पीढ़ी पैंतावास में रहकर लगभग 1600 ईस्वी में ओनाड़ा के दोनों बेटे नींबू राम (नेम सिंह) व छू छू राम (छबीला राम) और उनका भानजा रुलिया राम नीमली आ गए। भाणजा रुलिया राम चहार गौत्र से था। नीमली में कुछ दिन रुककर वह भी नीमली से लगभग 2.5 किलोमीटर दूर जाकर रहने लगा। बाद में उसी के नाम पर उस जगह का नाम रुलियावास पड़ गया। आज रुलियावास एक मध्यम आबादी का गाँव है जिसमें चहार गौत्र के अलावा कुछ अन्य गौत्र के लोग भी रहते हैं। क्योंकि रुलियावास गाँव के प्रथम पुरुष रुलिया राम ने रखी थी इस लिए कालांतर में इसका नाम रुलियावास पड़ गया। रुलिया राम नीमली के लुहाच परिवार का भाणजा होने के कारण आज भी नीमली और रुलियावास के बीच भाईचारा का संबंध है और दोनों गाँव में कोई शादी नहीं होती है।

ओनाड़ा राम का छोटा बेटा छू छू राम उर्फ छबीला राम भी कुछ समय नीमली में रहने के बाद परिवार सहित छुछकवास जो कि उस समय एक मुस्लिम रियासत हुआ करती थी में रहने के इरादे से वहाँ आ गया। राजा से वहाँ रहने और परिवार के गुजारे के लिए कुछ जमीन मांगी जिसको राजा ने स्वीकृति नहीं दी। छू छू राम वहाँ से आगे झज्जर के नजदीक मारोत गाँव में आ गए और यहीं पर बस गए।

नीमली गाँव की वंशावली पीढ़ी संख्या 24 के मुताबिक नींबू राम उर्फ नेम सिंह के दो बेटे थाना राम और भाऊ राम थे। आज इन दोनों भाइयों के वंशज इस गाँव में रहते हैं। गाँव आज इन्हीं के नाम से दो भागों में जाना जाता है। थाना राम के नाम से थानाण और भाऊ के नाम से भावाण पाना बना। कालांतर में फिर इन पाना से छोटे छोटे मोहल्ले बन गए। थानाण से चैनापुरी, बिचलापुरी, लाईहापुरी, मोडापूरी और भावाण से छतरी वाला, सीलूपुरी और भोलापुरी मोहला बने। इस गाँव में शिक्षा का स्तर काफी ऊंचा रहा है। खेती बाड़ी के अलावा सरकारी नौकरी खासकर सेना, पुलिस और राजकीय विभाग में ऊंचे पदों पर काफी लोग सेवारत हैं।

यह गाँव आड़िया पहलवान के नाम से भी जाना जाता है। आड़िया पहलवान अविवाहित था। उसके मुकाबले का दूर दूर तक कोई पहलवान नहीं था। वह बहुत निडर और एक लड़ाकू इन्सान था। कहा जाता है कि उसके जमाने में

ओड़ जनजाति के लोग जो कि भेड़ बकरी व पशु पालन करते थे समय समय पर आकर गाँव में लूट पाट करते और बहू बेटियों को तंग करते थे। आड़िया पहलवान ने अकेले ही सब को मार भगाया। दूसरी कहावत के मुताबिक पास के गाँव से एक राजपूत पहलवान ने जाटों के प्रति अपशब्द बोलते हुए सब जाट पहलवानों को दंगल में आने के लिए ललकारा। आड़िया पहलवान ने उसको दंगल में ही कुश्ती करते वक्त पटक कर मार दिया था। इसके अलावा और भी आड़िया पहलवान के बहुत सारे किस्से हैं।

इस गाँव से समय समय पर कई गाँव में लोगों का विस्थापन होता रहा है। सबसे पहले भावाण पाना से 29 वीं पीढ़ी के बीरू राम लुहाच 1775 ईस्वी में सपरिवार रेवाड़ी खेड़ा में जाकर बस गए थे। उसके बाद नीमली के ही थानाण पाना से 34 वीं पीढ़ी के सरभू राम भी सपरिवार 1875 ईस्वी में कबूलपुर जाकर बस गए थे। इसी प्रकार थानाण पाना से ही नीमली की 32 वीं पीढ़ी के बाल्को राम भी सपरिवार 1839 ईस्वी में रानीला गाँव में जाकर बस गए थे।

# वंशावली प्रथम पुरुष : नीमली (थानाण पाना)

गाँव के प्रथम पुरुष: **थाना राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **नींबू उर्फ नेम सिंह**
25. **थाना राम**
26. मानकू
27. दयाला
28. राम सिंह
29. गजे सिंह
30. जगदेव
31. मोखा
32. लाइया
33. माइया
34. उधमी
35. मंगली
36. बनी सिंह
37. बिजेंद्र सिंह
38. रचित

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# वंशावली प्रथम पुरुष : नीमली (भावाण पाना)

गाँव के प्रथम पुरुष: **भाऊ राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **नींबू उर्फ नेम सिंह**
25. **भाऊ राम**
26. दोद राम
27. रामधन
28. माला राम
29. धानी राम
30. हरभगत
31. शीलू राम
32. केहरी राम
33. खेमा राम
34. सेवक राम
35. गंगा राम
36. नहानिया
37. सूरजभान
38. वेद प्रकाश
39. शिवम

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# मारोत गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1600 ईस्वी

मारोत गाँव हरियाणा के झज्जर जिले की मातनहेल तहसील का मध्यम आबादी वाला गाँव है। यह जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके पूर्व में ग्वालीसन, दक्षिण में भिंडावासी, सूरतगढ़, पश्चिम में छूछकवास, इस्लामगढ़ और उत्तर में फोर्टपुरा और टामसपुरा गाँव की सीमा लगती है। सब गाँव से पक्की सड़क से संपर्क है। इस गाँव की कुल आबादी लगभग 6000 लोगों की है जिसमें से लगभग आधी आबादी लुहाच गौत्र के लोगों की है। इस गाँव में बांगड गौत्र का खेड़ा है। हालांकि गाँव में लुहाच और बांगड गौत्र मुख्य हैं लेकिन दलाल, पणजेटा, जाखड़, टोकस, ढाका, सांगवान और पूनिया गौत्र के लोग भी रहते हैं। गाँव में 1 उच्च माध्यमिक स्कूल,1 प्राईमरी स्कूल, 1 पशु हस्पताल, 1 दवाखाना, 3 जोहड़, 3 चौपाल और 3 अंगनबाड़ी केंद्र हैं।

इस गाँव के पास शुरू में 9000 बीघा जमीन का रकबा था। बाद में 1970 के दशक में पास के गाँव छुछकवास के बीड़ की 9000 बीघा जमीन भी गाँव के किसानों ने खरीद ली। छुछकवास के पास एक बहुत बड़ा जंगल हुआ करता था जिसको बीड़ छुछकवास के नाम से जाना जाता था। यह जमीन वन विभाग के तहत पड़ती थी। इस बीड़ के आस पास मारोत के आलावा इस्लामगढ़, ग्वालिसन, खेड़ी, मिंडावास, खेतावास, सूरजगढ़, आजाद नगर, भानगढ़ और खापड़वास गाँव पड़ते थे। इन गाँव में हरिजन व बावरिया जाति के लोगों की अधिकता थी जिनके पास पूस्तेनी जमीन नहीं थी।

1970 के दशक में हरियाणा में चौधरी बंसी लाल की सरकार थी। चाँद राम जी केंद्र में जहाज रानी मंत्री थे जो कि हरियाणा के रहने वाले थे। उनके सुझाव पर हरियाणा सरकार ने इस बीड़ को साफ करवा कर सब हरिजन व बावरिया जाति के लोगों को 1.5 एकड़ के हिसाब से जमीन नाम कर दी। सरकार का यह निर्णय तो ठीक था लेकिन आगे चलकर दो समस्या आ गई। पहली यह कि हर किसान को उसके खेत तक जाने का रास्ता नहीं मिला। यह संभव भी नहीं था। जिसकी वजह से ये नए किसान अपने खेत में कैसे जाते। दूसरी समस्या यह हुई कि ये छोटे छोटे किसान सरकार को उगाही जमा नहीं कर सके। सरकार और इन छोटे किसानों के सामने समस्या खड़ी हो गई। सरकार को वितीय घाटा होने लगा। इस हालत के कारण आस पास के जाट और यादव किसानों ने इन किसानों का भूमि कर जमा कर के जमीन अपने नाम करा ली। इस प्रकार मारोत गाँव के पास कुल 18000 बीघा जमीन हो गई।

गाँव की सारी जमीन बरानी है। कोई नहर या रजबाहा नहीं है। खेती बारिश के आलावा ट्यूबवेल के पानी पर निर्भर है। गाँव से कुछ दूर से 8 नम्बर ड्रैन गुजरती है। इस से कुछ और दूर जवाहर लाल नेहरू नहर भी गुजरती है। 8 नंबर ड्रैन में 12 महीने पानी रहता है।

सरकार की अनुमति से किसान जमीन के नीचे पाइप लाइन बिछा कर ड्रैन के पानी से अपने खेतों की सिचाई करते हैं। यह तरीका काफी सफल हुआ है। किसान इसके लिए उगाही भी देते है।

इस गाँव के प्रथम लुहाच पुरुष पैंतावास से आए थे। पैंतावास में भी लुहाच गौत्र का खेड़ा है लेकिन इस समय वहाँ पर कोई लुहाच आबादी नहीं है। पैंतावास में इस समय सांगवान गौत्र के लोग रहते है। पैंतावास के लुहाच पूर्वज नाँधा गाँव से आए थे। नाँधा गाँव की वंशावली के मुताबिक 19 वीं पीढ़ी के महाराज लुहाच के चार पुत्र थे। इनके नाम पहाड़ सिंह, भैराज सिंह,गूगन सिंह और नारायण सिंह थे। इसमें से नारायण सिंह नाँधा में ही रह गया जब कि भैराज सिंह मोहला गाँव चले गए। गूगन सिंह बाद में गिरावड़ गाँव चला गया। चौथा भाई पहाड़ सिंह भी लगभग 1500 ईस्वी में पानी की तलास में सपरिवार पैंतावास आ गया। उस समय पैंतावास में कोई आबादी नहीं थी। पहाड़ सिंह ने ही इस गाँव की नींव रखी थी इस लिए उसके नाम से मिलता-जुलता नाम पैंतावास पड़ा। यही कारण है कि इस गाँव का खेड़ा लुहाच गौत्र का है। आज भी इस गाँव में लुहाच गौत्र की कोई शादी नहीं होती।

पैंतावास में लुहाच परिवार के लोग लगभग 100 साल तक रहे थे। इसी दौरान इस गाँव में अन्य गौत्र के लोग भी आकर बस गए। इनमें सांगवान गौत्र के लोगों की आबादी सबसे ज्यादा थी। वैसे तो पूरे पैंतावास का रकबा लुहाच गौत्र के नाम था लेकिन अन्य गौत्र के लोगों को खेती करने के लिए कुछ जमीन दे रखी थी। जींद रियासत के तहत इस गाँव की सीमा थी। राजा के पास भूमि कर जमा होता था। नीमली गाँव की वंशावली के अनुसार 23 वीं पीढ़ी में ओनाड़ा राम लुहाच पूरे गाँव की जमीन का मालिक था। उसने सांगवान गौत्र के एक किसान को कर जमा करने की जिम्मेदारी दी जिसे उसने बखूबी से निभाया। क्योंकि पैंतावास के अलावा बाकी गाँव से भूमि कर की उगाही समय पर नहीं हो पाती थी इस लिए राजा ने पैंतावास के इस सांगवान किसान को पुरस्कृत करने के लिए बुलाया और उसके नाम सारे गाँव की जमीन कर दी।

सांगवान किसान ने यह बात काफी दिन तक ओनाड़ा लुहाच से छुपा कर रखी। जब अगली बार कर उगाही सांगवान किसान के नाम से आई तब ओनाड़ा के परिवार को इसका पता चला जिससे उसको काफी दुख हुआ। ओनाड़ा ने उसको कहा कि आप ने हम से धोखा किया है इस लिए हम अब यहाँ नहीं रहेंगे। इस प्रकार पहाड़ सिंह के वंशज 4 पीढ़ी पैंतावास में रहकर लगभग 1600 ईस्वी में ओनाड़ा के दोनों बेटे नींबू राम (नेम सिंह) व छू छू राम (छबीला राम) और उनका भानजा रुलिया राम नीमली आ गए। भाणजा रुलिया राम चहार गौत्र से था। नीमली में कुछ दिन रुककर वह भी नीमली से लगभग 2.5 किलोमीटर दूर जाकर रहने लगा। बाद में उसी के नाम पर उस जगह का नाम रुलियावास पड़ गया।

ओनाड़ा राम का छोटा बेटा छू छू राम उर्फ छबीला राम भी कुछ समय नीमली में रहने के बाद परिवार सहित छुछकवास जो कि उस समय एक मुस्लिम रियासत हुआ करती थी में रहने के इरादे से वहाँ आ गया। राजा से वहाँ रहने और परिवार के गुजारे के लिए कुछ जमीन मांगी जिसको राजा ने स्वीकृति नहीं दी। ओनाड़ा राम वहाँ से मारोत गाँव में आ गया जो कि झज्जर से मात्र 10 किलोमीटर पहले था। इस गाँव में पहले से बाँगड़ गौत्र के लोग रहते थे। उन्होंने छू छू राम लुहाच को अपने संग बसने की सहमति दे दी। इस प्रकार छू छू लुहाच यहीं पर बस गए। छू छू राम से अब तक मारोत में 22 वीं पीढ़ी चल रही है। इस गाँव से कालांतर में दो विस्थापन हुए। पहला 30 वीं पीढ़ी के भींवा राम जो कि राजस्थान के नागौर जिले के भींवपुरा जिसे उस समय ठिकरिया की ढाणी के नाम से जाना जाता था गाँव में और दूसरा 32 वीं पीढ़ी के प्रेम सुख हरियाणा के रोहतक जिले के रिटोली गाँव में आकर बस गए।

# वंशावली प्रथम पुरुष : मारोत

गाँव के प्रथम पुरुष: **छू छू उर्फ छबीला**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. लाल सिंह
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. छू छू उर्फ छबीला
25. मोला राम
26. किशना राम
27. बिशना राम
28. शेरा राम
29. नारायण
30. जयमल
31. राजे राम
32. सुरता राम
33. जयराम
34. काना राम
35. कुरड़ा राम
36. सुख राम
37. भोला राम
38. प्यारे लाल
39. धर्मपाल
40. हरीश

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# भींवपुरा गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1800 ईस्वी

भींवपुरा गाँव राजस्थान के नागौर जिले की नावाँ तहसील का एक मध्यम आबादी वाला गाँव है। यह जिला मुख्यालय से 180 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय से 43 किलोमीटर दूर स्थित है। यह राजस्थान के तीन जिलों नागौर, जयपुर और सीकर की सीमा के तिराहा पर स्थित है। इसके पूर्व में सलहदीपुरा, रामजीपुरा, उत्तर में किशनगढ़ रेनवाल, दक्षिण में मांडा भीम सिंह और पश्चिम में मिंडा गाँव की सीमा लगती है। सलहदीपुरा, रामजीपुरा और मिंडा गाँव पक्की सड़क से और किशनगढ़ रेनवाल और मांडा भीम सिंह गाँव कच्चे रास्ते से जुड़े हैं। इस गाँव की कुल आबादी लगभग 2000 लोगों की है जबकी लुहाच गौत्र के लगभग 150 लोग रहते हैं। इसमें लुहाच गौत्र के अलावा नेटवाल, बीजारनिया, जांघू, फुलफकर, औंला और ऊड़ी गौत्र के लोग रहते हैं। इस गाँव में एक माध्यमिक स्कूल है जिसका नाम शहीद बंसी लाल माध्यमिक स्कूल है। बंसी लाल भींवा राम लुहाच के दूसरे नम्बर के बेटे थे। वह केन्द्रीय सुरक्षा बल पुलिस की 7 वीं बटालियन में सिपाही के पद पर सेवारत थे। बंसी लाल 2006 ईस्वी में असम के तिनसुकिया में उग्रवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। गाँव में उनकी स्मृति में शहीदी स्मारक बना हुआ है। इस गाँव में इसके अतिरिक्त 3 मंदिर, 1 चौपाल, 2 जोहड़ और 2 आंगनवाड़ी केंद्र भी हैं।

सन 1992 से पहले इस गाँव का नाम भींवपुरा नहीं था। इसको ठिकरिया खुर्द की ढाणी के नाम से जाना जाता था जो कि मिंडा ग्राम पंचायत के तहत पड़ती थी। उस समय तक मिंडा ग्राम पंचायत के तहत छः गाँव आते थे। ठाकरिया खुर्द की ढाणी में भीवा राम नाम का एक अध्यापक होता था। उसका नाम समाज और प्रशासन दोनों में चर्चित था क्योंकि वह बहुत ईमानदार और शिक्षित होने के साथ साथ लगनशील इन्सान भी थे। वह मिंडा ग्राम पंचायत के लगातार तीन बार सरपंच भी रहे थे। उसने न केवल अपनी ढाणी के लिए बल्कि उसकी जिम्मेदारी के तहत जितने भी गाँव थे उन सबके उत्थान के लिए प्रशासन से मिलकर बहुत काम कराए थे। बाद में अपने अध्यापक के व्यवसाय से त्यागपत्र देकर राजनीति में उतर गए। अपने सामाजिक व राजनीतिक काम के कारण उसने अपनी ढाणी को एक स्वतंत्र गाँव का दर्जा दिलाने में सफलता हासिल की। इस प्रकार ठिकरिया की ढाणी का नाम बदलकर सरकार ने उसी के नाम से भींवपुरा रख दिया। इस लिए इस गाँव के जनक भींवा राम जी को माना जाता है।

इस गाँव के प्रथम लुहाच पुरुष पांचों राम लुहाच हरियाणा के झज्जर जिले के मारोत गाँव से चलकर लोहागढ़, बाजियावास और लाडनू होते हुए लगभग 1800 ईस्वी में सपरिवार ठिकरिया की ढाणी पहुचे थे। मारोत गाँव की वंशावली के अनुसार पीढ़ी संख्या 29 में जन्मे नारायण सिंह लुहाच के तीन बेटे थे। इनके नाम जयमल, भूरा राम और पाँचू राम थे।

जयमल और भूरा राम मारोत में ही रह गए जबकि पाँचू राम सपरिवार राजस्थान के लोहागढ़, बाजियावास, लाडनू होते हुए ठिकरिया की ढाणी जो कि नागौर जिले के मिंडा गाँव का हिस्सा था में आकर रहने लगे। पाँचू राम के चार

बेटे थे जिसमे से सिर्फ रूपा राम ही शादी शुदा था। उसी के वंशज आज इस गाँव में रहते हैं। पाँचू राम से अब तक इस गाँव में लुहाच गौत्र की 11 वीं पीढ़ी चल रही है। आगे चलकर इस गाँव से आसपास के पाँच अन्य गाँव में लुहाच परिवार के लोगों का विस्थापन हुआ। ये गाँव हैं सीकर जिले के धींगपुर की सूरत राम की ढाणी, खाटू श्याम और सारगोंठ और जयपुर जिले का किशानगढ़ रेनवाल और पुनाना।




शहीद श्री बंशीलाल लुहाच स्मारक स्थल, भींवपुरा (नागौर)




भींवपुरा में स्व. चौधरी भीवाराम जी लुहाच (पूर्व सरपंच) की मूर्ति, अनावरण 22.10.2015

# वंशावली प्रथम पुरुष : भींवपुरा

गाँव के प्रथम पुरुष: **पाँचू राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **छू छू उर्फ छबीला**
25. मोला राम
26. किशना राम
27. बिशना राम
28. शेरा राम
29. नारायण
30. **पाँचू राम**
31. रूपा राम
32. लूणा राम
33. रूड़ा राम
34. धर्मा राम
35. जोधा राम
36. मांगू राम
37. तुलच्छा राम
38. खेमा राम
39. राम निवास
40. अर्शित

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# पुनाना गाँव का इतिहास

निकासी · 1900 ईस्वी

पुनाना गाँव राजस्थान के जयपुर जिले की जालसू तहसील का एक मध्यम आबादी का गाँव है। यह जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय से 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके पूर्व में बिसनपुरा, नांगल लाडी, दक्षिण में बीचपड़ी, मानपूरिया, बुगालिया, पश्चिम में भैंसावा, बांसडी कला और उत्तर में विजयपुरा व रामूला गाँव की सीमा लगती है। पुनाना का इन सब गाँव से पक्की सड़क से संपर्क है। इस गाँव की कुल आबादी लगभग 4000 लोगों की है जिसमें से लगभग 25 लोग लुहाच गौत्र के हैं। इस गाँव में लुहाच के अलावा डूडी, डोगीवाल, जीला, जाखड़, सामोता और डीडैल गौत्र के लोग रहते हैं। इस गाँव में 1 उच्च माध्यमिक स्कूल, 1 हस्पताल, 1 पशु चिकित्सालय, 6 मंदिर, 1 जोहड़ और 3 आंगनवाड़ी केंद्र हैं। इस गाँव का कुल रकबा लगभग 12000 एकड़ का है जिसमें से 20 एकड़ लुहाच गौत्र के लोगों के पास है। जमीन समतल व बरानी है। सिचाई के लिए ट्यूबवेल का पानी माइक्रो ईरीगेसन की स्प्रींकल प्रणाली से इस्तेमाल किया जाता है। जमीनी पानी मीठा है। पीने का पानी गाँव में बने जल घर जिसकी पूर्ति पाइप लाइन से होती है।

इस गाँव के प्रथम लुहाच पुरुष किशना राम लुहाच नागौर जिले के भींवपुरा गाँव से आए थे। भींवपुरा गाँव की वंशावली की पीढ़ी संख्या 34 के धर्मा राम लुहाच के 8 बेटे थे। उनमें से 7 वें नम्बर के बेटे किशना राम लगभग 1900 ईस्वी में सपरिवार जयपुर जिले के पुनाना गाँव में आकर बस गए थे। किशना राम से अब तक यहाँ लुहाच गौत्र की 5 वीं पीढ़ी चल रही है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : पुनाना

गाँव के प्रथम पुरुष: **किशना राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **छू छू उर्फ छबीला**
25. मोला राम
26. किशना राम
27. बिशना राम
28. शेरा राम
29. नारायण
30. **पाँचू राम**
31. रूपा राम
32. लूणा राम
33. रूड़ा राम
34. धर्मा राम
35. **किशना राम**
36. बिरदी राम
37. लाल चन्द
38. राजेश कुमार
39. अधिराज

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# किशनगढ़ रेनवाल गाँव का इतिहास

निकासी · 1950 ईस्वी

किशनगढ़ रेनवाल राजस्थान के जयपुर जिले की एक तहसील है। यह लगभग दो लाख आबादी वाला बहुत बड़ा कस्बा व तहसील मुख्यालय है जो कि जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसके उत्तर पश्चिम में सीकर और दक्षिण में नागौर जिले की सीमा लगती है। इस शहर के पूर्व में मूँडियागढ़, डूंगरी, बांसडी, रलावता, उत्तर पूर्व में बधाल, उत्तर में पचार, उत्तर पश्चिम में श्यामपुरा, पश्चिम में कुली, खत्रियावास, दक्षिण पश्चिम में कल्याणपुरा, मूण्डली, बालियावास, दक्षिण में प्रताप पुरा और मिंडी गाँव की सीमा लगती है। तहसील मुख्यालय व मुख्य कस्बा होने के कारण इन सब सीमावर्ती गाँवों से पक्की सड़क से संपर्क है। इस कस्बे का कुल क्षेत्रफल लगभग 340 वर्ग किलोमीटर है। कस्बे की कुल आबादी लगभग दो लाख लोगों की है जिसमें से लुहाच गौत्र के लगभग 25 लोग रहते हैं। लुहाच गौत्र के लोगों के पास 20 एकड़ जमीन है। इस कस्बे में 85 स्कूल हैं जिसमें से 55 सरकारी और 30 गैर सरकारी हैं। इसके अलावा 1 सरकारी अस्पताल, 20 गैर सरकारी अस्पताल, 1 पशु अस्पताल, 15 अंगनबाड़ी केंद्र, 50 मंदिर व 5 मस्जिद है। हिन्दू मत के मानने वालों के अतिरिक्त मुसलमान मत का अनुसरण करने वाली आबादी भी है। कस्बे का सम्पूर्ण रकबा समतल है लेकिन नहर के अभाव में बरानी है। जमीनी पानी मीठा होने के कारण ट्यूबवेल से माइक्रो इरीगेसन प्रणाली के तहत पूरे इलाके की सिचाई होती है। आबादी और पशुओं के लिए शहर में जगह जगह जल घर बने हुए हैं जहां से पानी की आपूर्ति होती है।

इस कस्बे में लुहाच गौत्र का पहला परिवार नागौर जिले के भींवपुरा गाँव जो कि 1992 ईस्वी से पहले मिंडा गाँव की ठिकरिया की ढाणी नाम से जाना जाता था से लगभग 1900 ईस्वी में आया था। भींवपुरा गाँव की वंशावली के अनुसार पीढ़ी संख्या 37 के हेमा राम का एक बेटा पदमा राम हुआ। पदमा राम लगभग 1900 ईस्वी में सपरिवार किशनगढ़ आकर बस गया तब से अब तक इस कस्बे में लुहाच परिवार की 4 वीं पीढ़ी चल रही है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : किशनगढ़ रेनवाल

गाँव के प्रथम पुरुष: **पदमा राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **छू छू उर्फ छबीला**
25. मोला राम
26. किशना राम
27. बिशना राम
28. शेरा राम
29. नारायण
30. **पाँचू राम**
31. रूपा राम
32. लूणा राम
33. रूड़ा राम
34. धर्मा राम
35. गोधू राम
36. हेमा राम
37. **पदमा राम**
38. लाला राम
39. सरदार सिंह
40. राहुल सिंह

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# सूरत राम की ढाणी (धींगपुर)

निकासी · 1900 ईस्वी

सूरत राम की ढाणी धींगपुर पंचायत का राजस्थान के सीकर जिले की दाता राम गढ़ तहसील का की एक छोटी सी ढाणी है जो कि धींगपुर से 3 किलोमीटर, जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके पूर्व में लाडपुर, खाटू श्याम, झामावास, दक्षिण में गीलों की ढाणी, पूरोहित की ढाणी, दक्षिण पूर्व में चैनपुरा, पश्चिम में हरितवाल की ढाणी, सामेर, उत्तर में आनोदा, माओलियों की ढाणी और पलसाना गाँव की सीमा लगती है। ढाणी से सब सीमावर्ती गाँव के लिए कच्चे रास्ते से संपर्क है। सूरत राम की ढाणी धींगपुर ग्राम पंचायत के तहत आती है। इसकी कुल आबादी लगभग 250 लोगों की है जिसमे से 150 लोग लुहाच गौत्र से हैं। इस ढाणी में लुहाच के आलावा कुछ राजपूत और कुलड़िया, माओलिया, भामू और तायल गौत्र के लोग रहते हैं। ढाणी का कुल रकबा 500 बीघा है जिसमें से 250 बीघा लुहाच गौत्र के लोगों के पास है। पूरा रकबा बरानी है जिसकी ट्यूबवेल से माइक्रो ईरीगेसन प्रणाली से फवारा तकनीक द्वारा सिचाई होती है। पास के धींगपुर गाँव में 2 सरकारी ट्यूबवेल हैं जिससे पशुओं व लोगों के लिए पीने का पानी मिलता है। इसके आलावा धींगपुर में 1 हस्पताल, 1 पशु हस्पताल और 1 सरकारी स्कूल है।

इस ढाणी के लुहाच प्रथम पुरुष नागौर जिले के भींवपुरा गाँव से आए थे। भींवपुरा गाँव की वंशावली पीढ़ी संख्या 36 के बालू राम लगभग 1900 ईस्वी में सपरिवार सीकर जिले के धींगपुर गाँव के पास खेतों में आकर बस गया। बाद में इस जगह ने ढाणी का रूप ले लिया और सूरत राम की ढाणी के नाम से जाना जाने लगा। इस ढाणी में आज लुहाच गौत्र के लोगों की अधिकता है जिसमें लगभग 60% जनसंख्या लुहाच गौत्र के लोगों की है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : सूरत राम की ढाणी (धींगपुर)

गाँव के प्रथम पुरुष: **बालू राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **छू छू उर्फ छबीला**
25. मोला राम
26. किशना राम
27. बिशना राम
28. शेरा राम
29. नारायण
30. **पाँचू राम**
31. रूपा राम
32. दूधा राम
33. **बालू राम**
34. चौथमल
35. भगवान सहाय
36. बंसी लाल
37. विकास

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# सारगोथ गाँव का इतिहास

निकासी · 1900 ईस्वी

सारगोथ गाँव राजस्थान के सीकर जिले की खडेला तहसील का एक घनी आबादी का गाँव है जो कि जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके पूर्व में सींगोथ, इटावा, उत्तर में सीमाला, दक्षिण में ढ़ोडसर और पश्चिम में रींगस कस्बा की सीमा लगती है। रींगस इस गाँव का नजदीकी रेलवे स्टेशन है। यह गाँव जयपुर-सीकर मार्ग पर सीकर से 40 किलोमीटर की दूरी पर है। इस गाँव की आबादी लगभग 12000 लोगों की है जिसमें से लुहाच गौत्र के लगभग 55 लोग रहते हैं। इस गाँव में लुहाच के आलावा बागड़िया, बाजिया, कुड़ी, हरितवाल, महरिया, कलवानिया, बलोदा और बेनीवाल गौत्र के लोग भी रहते हैं। इस गाँव की सीमा बहुत बड़ी है जिसका रकबा लगभग 52000 पक्का बीघा है जिसमें लुहाच परिवार के पास 70 बीघा जमीन है। सारी जमीन बरानी है जिसकी सिचाई बोरिंग वेल से माइक्रो इरिगेसन तकनीक की फवारा प्रणाली से सिचाई होती है। इस गाँव में 10 मंदिर, 2 तालाब, 1 स्कूल, 1 हस्पताल, 1 पशु हस्पताल, 1 चौपाल और 10 आंगनबाड़ी केंद्र हैं।

इस गाँव के प्रथम लुहाच पुरुष गोलू राम नागौर जिले की ठाकरिया की ढाणी से 1850 ईस्वी में सपरिवार आए थे। ठाकरिया की ढाणी जिसका नया नाम भींवपुरा है कि वंशावली के मुताबिक 33 वीं पीढ़ी में दीपा राम लुहाच पैदा हुए। उसका एक ही बेटा था जिसका नाम गोलू राम था। गोलू राम सपरिवार सारगोथ गाँव में आकर बस गए थे। बाद में गोलू राम का पोता राधू राम 1950 ईस्वी में खाटू श्याम में आकर बस गया था।

# वंशावली प्रथम पुरुष : सारगोथ

गाँव के प्रथम पुरुष: **गोलू राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **छू छू उर्फ छबीला**
25. मोला राम
26. किशना राम
27. बिशना राम
28. शेरा राम
29. नारायण
30. **पाँचू राम**
31. रूपा राम
32. लूणा राम
33. दीपा राम
34. **गोलू राम**
35. देवा राम
36. भूरा राम
37. रघुनाथ
38. रामेश्वर
39. धन्ना राम
40. मनोज कुमार

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# खाटू श्याम गाँव का इतिहास

निकासी · 1950 ईस्वी

खाटू श्याम कस्बा राजस्थान के सीकर जिले की ताता रामगढ़ तहसील का एक मध्यम आबादी वाला धार्मिक स्थल है जो कि खाटू श्याम बाबा के मंदिर के लिए जाना जाता है। यह जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर स्थित है। इस कस्बे के पूर्व में चोमू, पश्चिम में धींगपुर, उत्तर में मंडा और दक्षिण में लामिया की सीमा लगती है। इसका सभी सीमावर्ती गाँव से पक्की सड़क से संपर्क है। इस कस्बे का क्षेत्रफल लगभग 30 वर्ग किलोमीटर है। इस कस्बे की कुल आबादी लगभग 20000 लोगों की है। लुहाच परिवार के पास महज 40 बीघा जमीन है। लुहाच परिवार कस्बे से बाहर लगभग दो किलोमीटर दूर खेतों में मकान बना कर रहता है। पूरा इलाका बरानी है जिसकी सिचाई ट्यूबवैल के पानी से फवारा प्रणाली से होती है।

खाटू श्याम हिन्दू धर्म के लोगों की आस्था का स्थल रहा है। ऐसी मान्यता है कि महाभारत काल में महाबली भीम के पोते बर्बरीक ने युद्ध में हारते हुए पक्ष की तरफ से लड़ने का मन बनाया। जब कृष्ण को इसका पता चला तो वह उसकी परीक्षा लेने के इरादे से ब्राह्मण के भेष में बर्बरीक से एक पेड़ के सब पत्तों को तीर से भेद कर अपनी तीरंदाजी का प्रमाण देने को कहा। बर्बरीक ने एक ही तीर से यह सब कर दिखाया। कृष्ण ने सोचा कि यह तो धर्म की लड़ाई करने वाले पांडव पक्ष को हरा देगा जिससे अधर्म पक्ष के कौरवों की जीत हो जाएगी। इस लिए उसने बर्बरीक से वचन मांगा। बर्बरीक ने साधु रूप में कृष्ण को वर मांगने को कहा। कृष्ण ने वर में बर्बरीक का सिर मांगा। बर्बरीक ने कहा कि ठीक है में अपना सिर देता हूँ लेकिन पूरी लड़ाई देखना चाहता हूँ।

कृष्ण ने बर्बरीक का सिर युद्धक्षेत्र में ऊंची जगह रख दिया जिससे उसने सब लड़ाई को देखा। कृष्ण ने बर्बरीक को बदले में वरदान दिया कि कलयुग में आप को श्याम (कृष्ण का उपनाम) के नाम से पूजा जाएगा। बर्बरीक का सिर युद्ध के बाद खाटू नगर में दफनाया गया। इसी जगह को बाद में खाटू श्याम के नाम से जाना जाने लगा। खाटू श्याम बाबा की पूजा विश्व विख्यात है। सारगोठ गाँव की वंशावली पीढ़ी संख्या 36 के मुताबिक राधू राम लुहाच सपरिवार 1950 ईस्वी में खाटू श्याम आ गया।

इस कस्बे में लुहाच गौत्र के प्रथम पुरुष राधू राम 1950 ईस्वी में सीकर जिले के सारगोथ गाँव से में आए थे। राधू राम से अब तक खाटू श्याम में लुहाच गौत्र की 4 वीं पीढ़ी चल रही है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : खाटू श्याम

गाँव के प्रथम पुरुष: **राधू राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. पहाड़ सिंह
21. देबीया
22. रूप राम
23. ओनाड़ा
24. **छू छू उर्फ छबीला**
25. मोला राम
26. किशना राम
27. बिशना राम
28. शेरा राम
29. नारायण
30. **पाँचू राम**
31. रूपा राम
32. लूणा राम
33. दीपा राम
34. गोलू राम
35. देवा राम
36. **राधू राम**
37. जुठा राम
38. महाबीर सिंह
39. वेदान्त

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# जाट रियासत कुचेसर

कुचेसर जाट रियासत का इतिहास अब से लगभग 250 वर्ष पहले वजूद में आया था। कुचेसर पश्चिमी उत्तर प्रदेश का हापुड़ के नजदीक एक छोटा सा कस्बा है। 18 वीं शताब्दी के अन्त में यही कस्बा एक विख्यात जाट रियासत के रूप में उभरा और भारत की आजादी के समय तक इस पर दलाल गौत्र के लोगों का सम्राज्य रहा था। इसके अंतर्गत 360 गाँव आते थे जो कि जाट बाहुल्य क्षेत्र हुआ करता था। दलाल जाट गोत्र के भुआल, जगराम, जटमल और गुरबा नामक चार भाई थे जिन्होंने इस राज्य की नींव डाली थी। मुग़ल साम्राज्य जब जाटों और मराठों के प्रबल प्रताप के कारण पतन की ओर जा रहा था और जाट संघ के अनेक घरानों ने छोटी-बड़ी रियासतें स्थापित कर ली थीं। उस समय रोहतक जिले के मांडौठी गांव के दलाल वंश के चार जाट जिनके नाम ऊपर लिखे हैं, उत्तर प्रदेश में चले गए। भुआल, जगराम और जटमल ने चितसौना और अलीपुर में प्रथम बस्ती आबाद की जबकि चौथे भाई गुरबा ने परगना चंदौसी (जिला मुरादाबाद) पर अधिकार कर लिया।

भुआल के पुत्र मौजीराम थे। इनके दो पुत्र रामसिंह और छतरसिंह थे। छतरसिंह ने बहुत सा इलाका जीत लिया। छतरसिंह के दो पुत्र मगनीराम और रामधन थे। जब महाराजा जवाहर सिंह ने अपने पिता की मृत्यु का बदला लेने के लिए दिल्ली पर चढ़ाई की तो उस समय छतरसिंह, मगनीराम और रामधन ने महाराजा जवाहर सिंह की 25000 जाट सेना की बड़ी मदद की थी। दिल्ली के नवाब नजीबुद्दौला ने एक चाल चली। उसने छतर सिंह को अपने पक्ष में मिला लिया। उसको राव का खिताब दिया गया और साथ ही कुचेसर की जागीर और 9 परगने का 'चोर मार' का ओहदा भी दिया।

छतर सिंह ने अपने पुत्रों और सैनिकों को महाराजा जवाहर सिंह से अलग कर लिया। दिल्ली की ओर से अलीगढ़ में उन दिनों असराफिया खां हाकिम था। इस युद्ध के बाद उसने कुचेसर पर चढ़ाई कर दी। उसको खतरा था कि कुचेसर के जाट बढ़ते ही गए तो अलीगढ़ को जीत लेंगे। इस युद्ध में दलाल जाट हार गए। राव मगनी राम और रामधन कैद कर लिये गये। कोयल के किले में उन्हें बन्द कर दिया गया, किन्तु वे दोनों भाई कैद से निकलने में सफल हो गये। इन दोनों ने पहले भरतपुर के महाराजा से अपनी गलती के लिए क्षमा याचना की फिर मुरादाबाद में सिरसी के मराठा हाकिम को प्रभावित किया, फिर मराठा और जाट सेनाओं के साथ मिलकर 1782 ई० में कुचेसर पर चढ़ाई कर दी।

मुग़ल हाकिम इस आक्रमण से भयभीत होकर भाग निकला। मगनी राम और रामधन उसका पीछा करते रहे और अन्त में उसे पकड़कर राजमहल लाया गया जहां उसका सिर कुचल दिया। इसी से किले का नाम कुचेसर पड़ गया। इस अवसर पर जाटों ने इस घटना का भारी समर्थन किया। इस प्रकार दलाल घराना इस रियासत कअ अधिकारी बना और रियासत का नाम कुचेसर रखा गया।

राव मगनी राम अपनी दो पत्नियां और सात पुत्र छोड़कर स्वर्गवासी हो गया। कहा जाता है कि बहादुर नगर में एक खजाने का नक्शा छोड़ जाने पर विवाद होने से राव रामधन ने अपने दो-तीन भतीजों को मरवा डाला, शेष ईदनगर

चले गए। नक्शे के अनुसार विशाल खज़ाना मिल जाने पर कुचेसर का भण्डार भरपूर हो गया। 1790 ई० में राव रामधन पूर्णरूप से कुचेसर के शासक बने। उस समय दिल्ली का बादशाह शाह आलम था। उसने सैदपुर, दतियाना, पूठ, सियाना, थाना और फरीदा के विस्तृत क्षेत्र कुचेसर को ही इस्तमुरारी पट्टे पर दे दिए।

इस इस्तमुरारी पट्टे के बदले 40,000 मालगुजारी देनी होती थी। बाद में 1794 ईस्वी में अकबर शाह ने तथा 1803 ईस्वी में ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भी इस इलाके पर कुचेसर का ही शासन स्वीकार कर लिया था। किन्तु अंग्रेजों का भविष्य अनिश्चित समझकर राव रामधन ने मालगुजारी करनी बन्द कर दी। इस पर अंग्रेज सरकार ने इन्हें कैद कर लिया। 1816 ईस्वी में मेरठ की जेल में इनकी मृत्यु हो गई। इनके पुत्र राव फतेह सिंह रियासत के मालिक बन गए। फतेह सिंह ने उदारतापूर्वक अपने चाचा के लड़कों का खान-पान मुक़र्रर कर दिया। उनको रियासत का कुछ भाग भी दे दिया। उनमें राव प्रताप सिंह भी थे। 1839 ईस्वी में राव फतेह सिंह का स्वर्गवास हो गया। उनके बाद उनके पुत्र बहादुर सिंह जी राज सिंहासन पर बैठा। इन्होंने 26 गांव खरीदकर रियासत में शामिल कर लिये। इनकी दो पत्नियां थीं, जाट स्त्री से लक्ष्मण सिंह व गुलाबसिंह और राजपूत स्त्री से उमराव सिंह पैदा हुए। लक्ष्मण सिंह का स्वर्गवास अपने पिता के ही आगे हो गया था। राव बहादुर सिंह के मरने पर राज का अधिकारी कौन बने इस बात पर काफी झगड़ा चला। यह भी कहा जाता है कि जाट बिरादरी के कुछ लोगों ने उमराव सिंह को दासी-पुत्र ठहरा दिया और गुलाब सिंह को राज्य का अधिकारी ठहराया। इस प्रकार गुलाब सिंह को राजा बनाया गया। सन् 1857 ईस्वी में गुलाब सिंह ने अंग्रेजों की खूब सहायता की। इसके बदले में ब्रिटिश सरकार ने उसको कई गांव तथा राजा साहब का खिताब प्रदान किया। राजा गुलाब सिंह का सन् 1859 ई० में स्वर्गवास हो गया। इन्होंने सियाना के समीप साहनपुर किले का निर्माण कराया था।

राजा साहब का कोई पुत्र न था। एक पुत्री थी जिसका नाम बीबी भूप कुमारी था। रानी जसवन्त कुमारी के बाद उनकी पुत्री बीबी भूप कुमारी राजगद्दी पर बैठी। सन् 1861 में वह भी निःसंतान मर गई। भूप कुमारी की शादी बल्लभगढ़ के राजा नाहरसिंह के भतीजे राव खुशहाल सिंह से हुई थी। पत्नी की मृत्यु के बाद वह ही उत्तराधिकारी शासक हुए। किन्तु फतेह सिंह के चचेरे भाई प्रताप सिंह, उमराव सिंह ने अपने अधिकार का दावा किया। 1868 ईस्वी में मुकदमे के फैसले में निर्णय हुआ कि पांच आना राव प्रताप सिंह, छः आना राव उमराव सिंह और पांच आना खुशहाल सिंह को बांट दिया जाये। राव उमराव सिंह ने अपनी लड़की की शादी खुशहाल सिंह से कर दी। 1879 ईस्वी में खुशहाल सिंह निःसंतान मर गया। इसलिए दोनों हिस्सों का प्रबन्ध उसके ससुर उमराव सिंह जी के हाथ में आ गया।

सन् 1898 ईस्वी में उमराव सिंह का भी स्वर्गवास हो गया। उनके तीन लड़के पहली रानी से और एक लड़का दूसरी रानी से था। सबसे बड़े राव गिरिराज सिंह को अपने भाइयों से 1/16 भाग अधिक मिला। मुकदमेबाजी ने इस घराने को बरबाद कर रखा था। साहनपुर की रानी श्रीमती रघुवीर कुंवरी ने राजा गिरिराज सिंह जी तथा उनके भाइयों पर तीन लाख मुनाफे का अपना हक बताकर दावा किया था। पिछले बन्दोबस्त में पूरे 60 गांव और 16 हिस्से इस रियासत के जिला बुलन्दशहर में थे। इसकी मालगुजारी सरकार को सन् 1903 से पहले सलाना 118292 रुपये दी जाती थी। रियासत साहनपुर और कुचेसर का वर्णन प्रायः सम्मिलित है। श्रीमान् कुंवर ब्रजराज सिंह रियासत साहनपुर के मालिक थे। इन रियासतों का संयुक्त प्रदेश के जाटों में अच्छा सम्मान था।

# नाँधा से पश्चिमी उत्तर प्रदेश विस्थापन: पहला जत्था

नाँधा गाँव से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए पहला बड़ा विस्थापन लगभग 1775 ईस्वी में हुआ था। नाँधा से निकले इस पहले जत्थे में नाँधा गाँव की वंशावली के अनुसार पीढ़ी संख्या 29 के दुलारो राम के तीन बेटे थे। इनके नाम उग्रसैन, होराम और जोहरी थे। नाँधा की भोगोलिक स्थिति और पानी की किल्लत के चलते जीवन बसर मुश्किल हो गया था। नाँधा के लोगों ने सुन रखा था कि यमुना पार हापुड़ के पास कुचेसर नाम की एक जाट रियासत है जिस पर दलाल गौत्र के राजा का राज है। इसके अलावा यह सुन रखा था कि यह इलाका यमुना का तराई का इलाका है। पीने और खेती के लिए पानी की कोई कमी नहीं है।

इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए तीनों भाई उग्रसैन, होराम और जोहरी अपने परिवार के साथ ऊंट गाड़ी का कारवां बनाकर दिल्ली की तरफ चल पड़े। दिल्ली के पास यमुना को पार कर कुचेसर के किला से थोड़ी दूर नली हुसैनपुर गाँव पहुँचकर डेरा डाल दिया। इस गाँव में उस समय त्यागी ब्राह्मण समुदाय के लोग रहते थे। कुछ दिन यहाँ रुकने के बाद तीनों भाइयों ने और आगे चलने का मन बनाया। कारवां नली हुसैनपुर से कुछ दूरी पर एक वीरान जगह पर रुक गया। यह जगह इस परिवार को रहने के लिए सही लगी।

तीनों भाइयों ने योजना बनाई कि उग्रसैन का परिवार यहीं रहेगा। बाकी दो भाई ओर आगे बढ़ने के इरादे से कारवां बुलन्दशहर के पास भंडोली पहुँच गया। होराम ने यहाँ रुकने का मन बना लिया। अब जोहरी ने ओर आगे चलने की सोचा। जोहरी गहना होते हुए गंगा पार कर मुरादाबाद के पास ज्ञानपुर पहुँच गए। जमीन उपजाऊ व खेती के लायक देख यहीं पर डेरा डाल दिया। इस प्रकार नाँधा से निकले पहले जत्था के तहत तीनों भाई क्रमश नंगला उग्रसैन, भंडोली और ज्ञानपुर में बस गए।

# नाँधा से पश्चिमी उत्तर प्रदेश विस्थापन: दूसरा जत्था

नाँधा से निकला पहला जत्था के परिवार को लगभग 60 साल बीत चुके थे। तीनों परिवार बहुत खुशहाल जीवनयापन कर रहे थे। तीनों परिवार के लोग भी तक समय समय पर अपने पैतृक गाँव में आना जाना लगा रहता था। ये लोग नाँधा के लोगों के उत्तर प्रदेश की खुशहाली की कहानी सुनाया करते थे। नंगला उग्रसैन का परिवार कुचेसर के राजा से मिले सहयोग की गाथा भी सुनता था। साथ ही इन परिवार के लोग नाँधा के बाकी लोगों को भी कुचेसर के आसपास चलकर बसने के लिए बोलते थे। नाँधा के लोग पहले से ही जीवन यापन के लिए संघर्ष कर रहे थे इस लिए कुछ और लोग भी चलने के लिए त्यार हो गए।

# नली हुसैनपुर गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1835 ईस्वी

नली हुसैनपुर गाँव उत्तर प्रदेश के जिला व तहसील हापुड़ का एक मध्यम आबादी का गाँव है। यह गाँव जिला मुख्यालय हापुड़ से 15 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24 जो कि दिल्ली को लखनऊ से जोड़ता है पर स्थित है। यह गाँव गंगा-यमुना के बीच की तराई के भूभाग में है। इस गाँव का देश के अन्य स्थानों से रेल व सड़क मार्ग से संपर्क है। राष्ट्रीय राज मार्ग-24 गाँव से महज 5 किलोमीटर दूर है जबकि कुचेसर रोड स्टेशन 5 किलोमीटर और बाबूगढ़ छावनी स्टेशन 7 किलोमीटर दूर है। निर्माणाधीन हवाई अड्डा जेवर महज 40 किलोमीटर दूर है। इस गाँव का पिन कोड 245201 है। इसकी समुद्रतल से ऊंचाई 222 मीटर है। इसके पूर्व में बनखण्डा, रसूलपुर, दक्षिण में नंगला कटक, नंगला उग्रसैन, पश्चिम में भड़ंगपुर, होशियारपुर गढ़ी, उत्तर में डपेन्डा, बछलोता और अलीपुर गाँव की सीमा लगती है। इसका सब गाँवों से पक्की सड़क से संपर्क है। इस गाँव का कुल रकबा लगभग 10000 बीघा है जिसमें से 2000 बीघा लुहाच परिवार के पास है। इस गाँव की कुल आबादी लगभग 8000 लोगों की है जिसमें से लुहाच गौत्र के लोगों की संख्या लगभग 2000 लोगों की है। इस गाँव में 6 मंदिर, 4 जोहड़, 2 चौपाल, 2 आंगनबाड़ी केन्द्र, 1 हस्पताल, 1 पशु हस्पताल, 1 उच्च माध्यमिक स्कूल, 2 प्राथमिक स्कूल हैं। इस गाँव में लुहाच के अलावा दहरान, रेड़ू और गुलईया गौत्र के लोग भी रहते हैं। लुहाच गौत्र के पूर्वज हरियाणा के नाँधा गाँव से जबकि दहरान गौत्र के पूर्वज गाजियाबाद जिले के मोदी नगर के पास खपराना गाँव से आए थे। ऐसा माना जाता है कि दोनों गौत्र के पूर्वज लगभग 1900 ईस्वी के मध्य में आए थे।

नली हुसैनपुर का इतिहास 1900 ईस्वी से ही शुरू नहीं होता है। वास्तव में वर्तमान गाँव के पूर्व में गाँव से कुछ ही मीटर दूरी पर एक खेड़ा हुआ करता था जो कि मुगल काल में एक विकसित कस्बा रहा होगा। किन्ही अज्ञात कारणों से यह कस्बा उजड़ गया था। इस कस्बे का नाम हुसैनपुर होता था। बाद में त्यागी ब्राह्मण समुदाय के लोग वहाँ से थोड़ी दूर पश्चिम दिशा में आकर बस गए थे। इस कारण से नली हुसैनपुर को त्यागियों का खेड़ा भी माना जाता है। जहां पर हुसैनपुर का खेड़ा था उस जगह पर लगभग 1975 ईस्वी में सरकार ने एक सरकारी ट्यूबवेल लगवाया ताकि गाँव को पीने के पानी की पूर्ति की जा सके। इसी योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए इसी खेड़ा के बीचों-बीच खुदाई कराई गई। खुदाई के दौरान इस जगह से पुरातत्व विभाग को काफी सारे चांदी के सिक्के, टूटे बर्तन व चूड़ियाँ मिली। इन सब प्राप्त अवशेष से यह निस्कर्ष निकलता है कि मुगल काल में इस जगह पर हुसैनपुर नाम का कोई विकसित कस्बा रहा होगा जो कि अज्ञात कारणों से विलुप्त हो गया था। इसी के नाम पर बाद में आबाद जगह को नली हुसैनपुर नाम दिया गया होगा।

कुचेसर आजादी से पहले दलाल गौत्र के जाट हिन्दू राजा की रियासत हुआ करती थी। इस रियासत में 360 गाँव आते थे। राजा ने आजादी से कुछ समय पूर्व पटियाला की राजकुमारी से शादी की थी जिससे तीन राजकुमार रणजीत सिंह, सरजीत सिंह और तेजपाल सिंह पैदा हुए। सरजीत ने सिख धर्म अपना लिया जबकि रणजीत हिन्दू

धर्म का अनुयायी रहा। तेजपाल का वंश आगे नहीं चला। आज कल कुचेसर फोर्ट में इन दोनों भाइयों के वंसज रहते हैं।

नली हुसैनपुर के लुहाच पूर्वज नाँधा से निकले पहले और दूसरे जत्थे का हिस्सा थे। पहला जत्था में 30 वीं पीढ़ी के होराम लुहाच भंडोली जा कर बस गए थे। इन्ही होराम के 34 वीं पीढ़ी के वंशज साहब सिंह सपरिवार नली हुसैनपुर आकर बस गए थे। दूसरे जत्थे के 31 वीं पीढ़ी के मनसा राम का बेटा ज्ञाना राम खाद मोहन नगर जाकर बस गया था। ज्ञाना राम का पौता राम सिंह भी सपरिवार नली हुसैनपुर आकर बस गया था।

मनसा राम के दो बेटे भगवाना राम और नयन सिंह दूसरे जत्था का हिस्सा थे। दूसरा जत्था नाँधा से चलकर नली हुसैनपुर रुका था। नयन सिंह कुछ दिन नली हुसैनपुर रुकने के बाद सपरिवार पास के गाँव भड़ंगपुर चल गया जबकि भगवाना राम नली हुसैनपुर में ही बस गया। कालान्तर में नयन सिंह के दो पौते वापस नली हुसैनपुर आकर रहने लगे। इनमें से एक 34 वीं पीढ़ी के लक्ष्मण सुपुत्र भूप सिंह और इसी पीढ़ी के कल्लू सिंह सुपुत्र रामबक्स सिंह थे। आजकल इनके वंशज भी इसी गाँव में रहते हैं।

नाँधा से दूसरे जत्थे में 32 वीं पीढ़ी से बृजराज लुहाच के चार पुत्र बलराम, शादी राम, रामबक्स और कंडेरा भी नली हुसैनपुर आकर बस गए। इस परिवार के सब वंशज अब इसी गाँव में रहते हैं।

32 वीं पीढ़ी के भगवाना राम का परिवार भी नली हुसैनपुर में ही बस गया था। भगवाना राम के तीन पुत्र सज्जन सिंह, हरचैन सिंह और धूम सिंह थे। इनमें से सज्जन सिंह और हरचैन सिंह के वंशज आज भी नली हुसैनपुर में ही रहते हैं। धूम सिंह के पाँच पुत्र थे। इनके नाम गुलाब सिंह, शेर सिंह, मान सिंह, झँडू राम और बसाऊ थे। बसाऊ को छोड़ कर सब भाई गढ़ी गुलडहर चले गए। इनमें से शेर सिंह और झँडू सिंह अविवाहित थे।

बसाऊ का बेटा नारायण सिंह नली हुसैनपुर में ही रहा। नारायण सिंह ने अपने बेटे रामदास की शादी अमरपुर गाँव में कर दी। उसके सुसराल पक्ष में कोई लड़का न होने के कारण वह भी बाद में सपरिवार अमरपुर चला गया। इस प्रकार नली हुसैनपुर से तीन गाँवों गढ़ी गुलडहर, भड़ंगपुर और अमरपुर में विस्थापन हुआ जबकि इस गाँव में अलग अलग समय पर नाँधा, भंडोली, खाद मोहन नगर और भड़ंगपुर से लुहाच परिवार आकर बसे थे।

लुहाच पैदा हुआ। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। अगली पीढ़ी में दो बेटे उमरा राम और मनसा राम पैदा हुए। 32 वीं पीढ़ी में उमरा राम के चार बेटे और मनसा राम के तीन बेटे पैदा हुए। इस प्रकार बलराम के कुल सात पोते पैदा हुए जिनके नाम थे ठण्डू राम, राधा राम, साधु राम, नैन सिंह, ज्ञाना राम, भगवाना राम और केसा राम। गाँव की भोगोलिक स्थिति जीवनयापन के अनुकूल नहीं थी। इसी कारण से लगभग 25 साल पहले इसी गाँव से यमुना पार की तरफ तीन परिवारों का पलायन हो चुका था। उन परिवारों से पता चला कि यमुना पार पानी की कोई कमी नहीं है। जीवनयापन के हिसाब से यह इलाका काफी अनुकूल है। इसी कारण से ठण्डू राम और केसा राम को छोड़ कर बाकी सब भाई भी सपरिवार दिल्ली-हापुड़ होते हुए नली हुसैनपुर गाँव पहुँच गए। यह इलाका कुचेसर रियासत के तहत पड़ता था। कुचेसर एक जाट राजा की रियासत हुआ करती थी। इस इलाके में थोड़ी थोड़ी दूर बहुत कम आबादी के गाँव थे। लोगों की कमी थी। इसलिए लोग चाहते थे कि कोई हिन्दू भाई यहाँ आकर रहे। इस प्रकार सभी भाई इस नई जमीन पर आकर काफी संतुष्ट हुए।

क्योंकि कारवां काफी बड़ा था इसलिए सभी भाइयों के लिए एक ही गाँव में बसना उचित नहीं लगा। सभी भाइयों ने आस पास के गाँवों में एक एक परिवार जाकर रहने की योजना बनाई। इसी योजना के तहत भगवाना राम का परिवार नली हुसैनपुर में ही रुक गया। नैन सिंह का परिवार दो किलोमीटर दूर भड़ंगपुर चला गया। साधु राम का परिवार पाँच किलोमीटर दूर भैंसाखुर चला गया जब की राधा राम का परिवार भैंसाखुर से दो किलोमीटर दूर सेहरा में रुक गया। ज्ञाना राम के परिवार को कुछ ज्यादा दूर चलना पड़ा और खाद मोहन नगर पहुँच गया।

नली हुसैनपुर में लुहाच वंश के पूर्वजों ने हरियाणा के नानधा गाँव से चलकर लगभग 1800 ईस्वी में कदम रखा था। इस कारवां में पाँच चचेरे भाई सपरिवार आए थे। इनमें से चार भाई क्रमश भड़ंगपुर, भैसाखुर, सेहरा और खाद मोहन नगर जाकर बस गए, लेकिन भगवाना राम का परिवार नली हुसैनपुर में ही बस गया। इसके अलावा भड़ंगपुर की वंशावली के पेज संख्या 1 के मुताबिक पीढ़ी संख्या 2 में नैन सिंह के छः बेटे पैदा हुए। इसमें से दूसरे नम्बर के बेटे रामबक्श के तीन बेटे गंगा राम, जहांगीर सिंह और कल्लू राम थे। गंगा राम अविवाहित था। जहांगीर सिंह भड़ंगपुर में ही बस गया जबकि कल्लू राम सपरिवार वापिस नली हुसैनपुर आ गया। इस प्रकार अब नली में भगवाना राम के वंशज के अलावा नैन सिंह के पोते कल्लू राम के वंशज भी रहने लगे। इन दो परिवारों के अतिरिक्त एक तीसरा लुहाच परिवार खाद मोहन नगर से आकर बस गया।

खाद मोहन नगर की वंशावली के पेज संख्या 1 के मुताबिक ज्ञान सिंह का बेटा राम सिंह लगभग 1825 ईस्वी में नली आकर बस गया। इस प्रकार आज नली हुसैनपुर में भगवाना राम, उसके चचेरे भाई नैन सिंह के पोते कल्लू राम और सगे भाई ज्ञाना राम के बेटे राम सिंह के वंशज रह रहे है।

कालांतर में नली हुसैनपुर से हापुड़ के भड़ंगपुर, गाजियाबाद के गढ़ीगुलडहर और मेरठ के अमरपुर में लुहाच गौत्र के लोगों का विस्थापन हुआ। क्योंकि नैन सिंह, भगवाना राम का चचेरा भाई था और नाली हुसैनपुर में कुछ दिन ही रुककर भड़ंगपुर चल गया था इस लिए उसका नाम नली हुसैनपुर की वंशावली में नहीं है। इसी कारण से नली हुसैनपुर की वंशावली से भड़ंगपुर की निकासी नहीं दिखाई गई है। गढ़ी गुलडहर की निकासी के लिए नली हुसैनपुर की वंशावली के पेज संख्या 3 पर पीढ़ी संख्या 1 में शादी राम लुहाच के तीन बेटे तोता राम, भगवान सहाय और सुरजमल पैदा हुए। भगवान सहाय और सुरजमल का परिवार नली हुसैन में ही रह गया जबकि तोता राम का बेटा मान सिंह लगभग 1875 ईस्वी में गाजियाबाद के पास गढ़ी गुलडहर जा कर बस गया। इसी प्रकार नल हुसैनपुर से दो परिवार अलग अलग समय पर मेरठ जिले के अमरपुर गाँव में जाकर बस गए। नली हुसैनपुर की वंशावली पेज संख्या 4 से पीढ़ी संख्या 3 पर होशियार सिंह का बेटा रामजी लाल लगभग 1900 ईस्वी में और इसी पेज पर पीढ़ी संख्या 4 के प्रह्लाद का बेटा राम दास लुहाच भी लगभग 1925 ईस्वी में सपरिवार अमरपुर में जाकर बस गए थे।

# वंशावली प्रथम पुरुष : नली हुसैनपुर

गाँव के प्रथम पुरुष: **भगवाना**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **तुलसी राम**
25. भेरु राम
26. कालू राम
27. नोपा राम
28. रामू राम
29. राम सिंह
30. बलराम सिंह
31. मनसा राम
32. **भगवाना**
33. सज्जन सिंह
34. मुन्सी राम
35. जहान सिंह
36. ओमपाल सिंह
37. बाबी
38. अर्थव

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# भड़ंगपुर गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1835 ईस्वी

भड़ंगपुर गाँव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हापुड़ जिले का एक मध्यम आबादी वाला गाँव है जो कि जिला मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में स्थित है। इसके पूर्व में भीम्बारी, दक्षिण में नूरपुर ककोड़ी, पश्चिम में गढ़ी और उत्तर में नली हुसैनपुर गाँव की सीमा लगती है। इसका सब सब पड़ोसी गाँवों से पक्की सड़क से संपर्क है। गाँव की कुल आबादी लगभग 5000 लोगों की है जबकि इसमें से 1000 लोग लुहाच गौत्र के रहते हैं। इस में लुहाच के अलावा तेवतिया और राणा गौत्र के लोग भी रहते हैं जिसमें लुहाच और राणा गौत्र के लोगों की संख्या लगभग बराबर है। गाँव का कुल रकबा लगभग 5000 बीघा का है जिसमें से लुहाच गौत्र के लोगों के पास लगभग 800 बीघा जमीन है।

पूरा रकबा समतल व उपजाऊ है। इसके थोड़े से भाग की सिचाई परतापुर रजबाहा से होती है जबकि बाकी सब जमीन की सिचाई ट्यूबवेल से होती है। जमीन बहुत ही उपजाऊ है। मुख्य फसलें गन्ना, गेहूँ, चावल, ज्वार, बाजरा और आलू की सब्जी की होती है। गन्ना बहुतायत मात्रा में होता है जिसकी पिराई के लिए लगभग 12 किलोमीटर दूर सीमभोली गन्ना मील में होती है इसके आलावा लोग कोल्हू द्वारा भी गूड़, शक्कर व अन्य मिठाई की चीजें बनाते हैं। लोग बहुत ज्यादा मेहनतकस व ईमानदार हैं। गाँव में एक सरकारी जल घर है जिससे घर घर पीने के पानी की व्यवस्था है। इस गाँव में 4 मंदिर, 1 माध्यमिक स्कूल, 1 प्राथमिक स्कूल और 2 जोहड़ हैं।

इस गाँव की वंशावली में अब तक कई महान विभूतियाँ पैदा हुई हैं। जो कि इस प्रकार से हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| बलवन्त सिंह लुहाच | 33 वीं पीढ़ी | उमराव सिंह लुहाच | 34 वीं पीढ़ी |
| वदाम सिंह लुहाच | 34 वीं पीढ़ी | कनक सिंह लुहाच | 34 वीं पीढ़ी |
| शीश राम लुहाच | 36 वीं पीढ़ी | डाक्टर योगेंद्र लुहाच | 36 वीं पीढ़ी |
| मंटूर सिंह लुहाच | 36 वीं पीढ़ी | तेजपाल सिंह लुहाच | 37 वीं पीढ़ी |
| डाक्टर जय पाल सिंह | 37 वीं पीढ़ी | शीशपाल लुहाच | 37 वीं पीढ़ी |

इसमें 33 वीं पीढ़ी के बलवन्त सिंह लुहाच, 34 वीं पीढ़ी के उमराव सिंह लुहाच, 36 वीं पीढ़ी के डाक्टर योगेंद्र सिंह लुहाच, 37 वीं पीढ़ी के डाक्टर जय पाल सिंह लुहाच मुख्य हैं।

## बलवन्त सिंह लुहाच

नैन सिंह लुहाच के छःपुत्र थे। इन में से बलवन्त सिंह लुहाच तीसरे नम्बर पर थे। बलवन्त सिंह का जन्म लगभग 1826 ईस्वी में भड़ंगपुर में हुआ था। उस समय भारत पर ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन था। 1857 ईस्वी में भारत

के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय सेना ने देश की आजादी के लिए विद्रोह कर दिया था। विद्रोह का केन्द्र दिल्ली के आस पास था। यह इलाका जाट बाहुल्य था। जाट समुदाय के लोग अपनी बहादुरी के लिए हमेशा से ही जाने जाते रहे हैं। इस लिए अंग्रेजों ने इसका सामना करने के इरादे से इस इलाके के जाट नौजवानों को भर्ती कर एक बटालियन बना दी। हालांकि इस बटालियन का काम उस समय के अंग्रेज सैनिक अधिकारी मुर्रे के नाम से रखा गया और इसकी कमान एक भारतीय अधिकारी को सौंप दी गयी। इस प्रकार इस नई बटालियन का नाम 14 मुर्रे जाट लाँसर्स कर दिया गया। इस बटालियन में दिल्ली के आस पास के देहात के जिलों से भर्ती की गई। ये जिले हैं हाथरस, मथुरा, बुलंदशहर, अलीगढ़, खुर्जा, पलवल और होडल। इसमें 250 पैदल सिपाही और 120 घुड़सवार होते थे।

बलवन्त सिंह भी इस बटालियन में घुड़सवार के पद पर भर्ती हो गए। वह एक बहुत बहादुर और एक तेज कुशल सवार थे। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई के बाद इस बटालियन को अंग्रेज-गोरखा युद्ध में नेपाल की देवनगरी की लड़ाई में तैनात किया गया। लड़ाई में बहादुरी के लिए बरतानी हुकूमत ने सवार बलवन्त सिंह लुहाच को 1866 ईस्वी में भारतीय आर्डर आफ मेरीट के पदक से सम्मानित किया।

## उमराव सिंह लुहाच

उमराव सिंह लुहाच का जन्म लगभग 1840 ईस्वी में भीम सिंह लुहाच के घर भड़ंगपुर में हुआ था। अपने दादा बलवन्त सिंह की तरह वह भी 14 मुर्रे जाट लांसर्स जो जाट समुदाय के लोगों की भारतीय घुड़सवार पलटन हुआ करती थी में 20 साल की उम्र में भर्ती हो गए थे। इस पलटन को 1879-82 के ब्रिटिश-अफ़गान युद्ध में अफगानिस्तान में तैनात किया गया था।

उमराव सिंह एक बहुत ही उच्च दर्जे के सैनिक थे। उनके सैनिक अनुभव और युद्ध कौशल को देखते हुए उसे जल्द ही वर्दी मेजर की उपाधि से सम्मानित किया गया। इसके अलावा ब्रिटिश-अफ़गान युद्ध में हिस्सा लेने वाले हर सैनिक को 1879 का अफ़गान मेडल भी दिया गया। इस प्रकार उमराव सिंह लुहाच को वर्दी मेजर के अलावा ब्रिटिश-अफ़गान युद्ध का तगमा भी मिला हुआ था। उमराव सिंह के दो बेटे थे। छोटा बेटा शेर सिंह जवान आयु में ही स्वर्गवासी हो गया जिसके कारण पोते योगेंद्र सिंह का लालन पोषण व पढ़ाई उन्ही की देख रेख में हुआ। उमराव सिंह 1929 ईस्वी में परलोक सिधार गए।

## वदाम सिंह लुहाच

वदाम सिंह नैन सिंह के पोते और बलवन्त सिंह के बेटे थे। वदाम सिंह का जन्म भी लगभग 1840 ईस्वी में हुआ था। वह अपने माता- पिता की इकलोती संतान थी। वह अविवाहित था और धार्मिक प्रवृति के इंसान थे। जवान उम्र में ही वह स्वर्ग सिधार गए थे। उन्ही के हम उम्र उसके चाचा के बेटे कनक सिंह उसके अच्छे मित्र थे। वदाम सिंह की मृत्यु के उपरान्त कनक सिंह उसका घोड़ा बन गए। घोड़ा बनने का अभिप्राय यह है कि वदाम सिंह की आत्मा देवता रूप में कनक सिंह में आने लगी। इसी कारण से आज भी भड़ंगपुर के लोग वदाम सिंह को बड़ा देवता के रूप में पूजते हैं।

## कनक सिंह लुहाच

कनक सिंह लुहाच बलदेव सिंह के चौथे नम्बर के बेटे थे। वह वदाम सिंह के बचपन के अच्छे दोस्त थे। उनके संग खेलना कूदना और पढ़ाई करते थे।

वदाम सिंह की मृत्यु के बाद उसकी आत्मा कनक सिंह में आने लगी। गाँव के लोग कनक को वदाम सिंह का घोड़ा कहने लगे। कनक सिंह के रूप में वदाम सिंह की पूजा करने लगे। भड़ंगपुर में आज भी बड़े देवता की पूजा होती है।

## शीश राम लुहाच

शीश राम लुहाच पद्म सिंह के पोते और मुख्तियार सिंह के बेटे थे। कनक सिंह उसके दादा लगते थे। क्योंकि कनक सिंह में वदाम सिंह की देव आत्मा आती थी इस लिए उसकी पूजा होती थी। कनक सिंह की मृत्यु के बाद वही देव आत्मा अब शीश राम में आने लगी। इस प्रकार शीश राम अपने दादा कनक सिंह का घोड़ा कहलाने लगे।

## मन्टूर सिंह लुहाच

मन्टूर सिंह लुहाच उमराव सिंह के पोते और टिकम सिंह के बीच वाले बेटे थे। उनकी भी कम उम्र में मौत हो गई थी। मंटूर में किसी की देव आत्मा नहीं आती थी लेकिन गाँव में मंटूर को छोटा देवता के रूप में पूजा जाता है।

## तेजपाल सिंह लुहाच

तेजपाल सिंह वर्दी मेजर उमराव सिंह के वंशज हैं। रोहतास सिंह लुहाच के छः बेटों में सबसे बड़े हैं। शीश राम की मृत्यु के बाद अब देव आत्मा तेजपाल सिंह में आती है। इस प्रकार तेजपाल सिंह भड़ंगपुर के लुहाच परिवार के वर्तमान घोड़ा के रूप में जाने जाते हैं।

## डाक्टर योगेन्द्र सिंह लुहाच

डाक्टर योगेन्द्र सिंह लुहाच वर्दी मेजर उमराव सिंह लुहाच के पौत्र और शेर सिंह लुहाच के इकलौते बेटे थे। उनका जन्म 1901 ईस्वी में हापुड़ के भड़ंगपुर गाँव में हुआ था। बचपन में ही दोनों माता पिता की मौत हो गई थी। इस लिए योगेन्द्र का लालन पालन, पढ़ाई सब दादा उमराव की देख रेख में हुआ। क्योंकि घर में माँ नहीं थी, दादी बूढ़ी हो चली थी इस लिए दादा ने महज 15 साल की उम्र में करतारी नाम की 12 वर्षीय लड़की से शादी कर दी। योगेन्द्र पढ़ाई में बहुत होनहार लड़का था। दादा सेना में अधिकारी के पद पर था। इस लिए दादा ने अपने पोते को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए कड़ी मेहनत की जिसके फलस्वरूप 1920 ईस्वी में उसने अगरा मेडिकल कॉलेज में दाखिला ले लिया और 1924 ईस्वी में सनातक की डिग्री प्राप्त कर ली। अगरा मेडिकल कालेज उस समय भारतीयों को भारतीय अंग्रेजी सेना के लिए लाइसेंस प्राप्त मेडिकल परेकटिशनर बनने के लिए प्रशिक्षित करता था ताकि प्रशिक्षण के बाद उनको सेना की मेडिकल कोर में भर्ती किया जा सके। इस प्रकार डिग्री लेने के बाद डाक्टर योगेन्द्र सिंह ब्रिटिश भारतीय सेना में डाक्टर के रूप में भर्ती हो गए।

डाक्टर योगेन्द्र सिंह ने उस समय के देश के विभिन्न सैनिक ठिकानों में नौकरी की। ये जगह हैं झोब, कवेटा, लखनऊ और जबलपुर। 1929 ईस्वी में 89 साल की उम्र में इनके दादा वर्दी मेजर उमराव सिंह का देहांत हो गया। योगेन्द्र सिंह और करतारी देवी से छः बच्चे पैदा हुए जिसमें से केवल एक बेटा जय पाल सिंह ही जीवित रह पाया। डॉटर योगेन्द्र सिंह अपने होनहार बेटे को भी डाक्टर बनाना चाहते थे इस लिए उसने जय पाल सिंह को भी मेडिकल की पढ़ाई में लगा दिया और जय पाल ने भी पिता की तरह आगरा मेडिकल कालेज से 1952 में एम बी बी एस की डिग्री लेकर पिता का नाम रोशन कर दिया। योगेन्द्र की सेहत ठीक न होने के कारण जल्दी ही सेना से सेवानिवृति ले ली और 1953 में 52 साल की उम्र में देहांत हो गया।

## डाक्टर जय पाल सिंह लुहाच

डाक्टर जय पाल सिंह का जन्म 13 मई 1929 को हापुड़ जिले के भड़ंगपुर गाँव में योगेन्द्र सिंह लुहाच के घर हुआ था। नैन सिंह लुहाच के छः बेटों में बड़ा बेटा भीम सिंह था। भीम सिंह का बड़ा बेटा उमराव सिंह लुहाच बरतानी-भारतीय सेना की 14 मुर्रे जाट रिशाला में सवार थे जिसको उसकी बेहतरीन सेवा के लिए वर्दी मेजर की उपाधि से सम्मानित किया गया था। उमराव का पोता योगेन्द्र सिंह लुहाच भी दादा की तरह फौज में डाक्टर बन कर भर्ती हो गया। सेहत खराब होने के कारण उसने सेना की नौकरी से जल्दी ही सेवानिवृति लेनी पड़ी। बेटा जय पाल सिंह बहुत होनहार और पढ़ाई में काफी होशियार था। योगेन्द्र बेटे को डाक्टर बनाना चाहता था इस लिए उसने अगरा के मेडिकल कालेज में एम बी बी एस की पढ़ाई के लिए दाखिला दिला दिया। जय पाल सिंह ने 1952 में गोल्ड मेडल के साथ स्नातक की डिग्री हासिल की।

इसके एक साल बाद 1953 में इनके पिता डाक्टर योगेन्द्र का खराब सेहत के कारण 52 साल की उम्र में देहांत हो गया। घर की सारी जिम्मेदरी माता करतारी देवी पर आ गई। जय पाल ने इसी कालेज से सर्जरी में पी एच डी की डिग्री हासिल करके अगले 40 साल दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में मेडिकल के क्षेत्र में सेवा की।

डाक्टर जय पाल सिंह के पी एच डी करने से 40 साल के मेडिकल व्यवसाय का विस्तार से विवरण इस प्रकार से है।

### शिक्षा

| | |
|---|---|
| **1952** | एम बी बी एस- मेडिकल कालेज अगरा। |
| **1955** | मास्टर आफ सर्जरी – मेडिकल कालेज आगरा। |

### मेडिकल जीवन में पद

| | |
|---|---|
| **1955-1958** | लेडी इरविन हस्पताल, नई दिल्ली में सर्जरी विभाग के रजिस्ट्रार। |
| **1959-1971** | विलिंगटन हस्पताल, नई दिल्ली में सर्जन। |
| **1971-1980** | डाक्टर राम मनोहर हस्पताल, नई दिल्ली में प्रमुख सर्जन। |

| | |
|---|---|
| **1980-1986** | दिल्ली यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर और हैड आफ सर्जरी, सफदरजंग और राम मनोहर लोहिया हस्पताल दिल्ली में कंसल्टेंट आफ सर्जरी। |
| **1986-1989** | नई दिल्ली के राम मनोहर लोहिया हस्पताल में मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट, कंसल्टेंट और हेड आफ डिपार्टमेंट। |
| **1989-1992** | हरियाणा के रोहतक स्थित मेडिकल कालेज में डायरेक्टर आफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल और रिसर्च, महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी, रोहतक के डीन आफ मेडिकल फैकल्टी और प्रोफेसर आफ सर्जरी। |

भारत के दो राष्ट्रपति के सर्जन ऑफ प्रेसीडेंट होने का भी गर्व हासिल है।

### पदक

1986 ईस्वी में मूत्र मार्ग से पथरी के रोग के निदान के लिए किए गए शोध कार्य के लिए अगरा के वार्षिक सम्मेलन में सबसे उच्च शौध के लिए "हरिओम आश्रम प्रेरित अवार्ड।

1991 में औषधि विज्ञान के क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं के लिए भारत सरकार द्वारा "पद्मश्री" से सम्मानित।

### संस्थाओं की सदस्यता

**क** एसोसियशन आफ सर्जनस आफ इंडिया।

**ख** अध्यक्ष दिल्ली स्टेट चेपटर ए एस ई।

**ग** यूरोपियन काँग्रेस कैंसर।

**घ** दिल्ली पेडियाट्रिक सर्जिकल क्लब।

ऊपर लिखी उपलब्धियों के अलावा डाक्टर जय पाल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग 50 पत्रिकाओं का प्रकाशन किया।

## शीशपाल सिंह लुहाच

शीशपाल सिंह लुहाच का जन्म 1939 ईस्वी में हापुड़ जिले के भड़ंगपुर गाँव में रोहताश सिंह लुहाच के घर हुआ था। रोहताश सिंह लुहाच वर्दी मेजर उमराव सिंह लुहाच के पौत्र रोहताश सिंह के छः बेटों में से दूसरे नंबर के बेटे थे। शीशपाल बचपन से ही प्रतिभाशाली व होनहार थे। वह अपने पूर्वजों के पथ पर चलते हुए अपने दम पर जीवन में कुछ ऐसा करना चाहते थे जिससे उसके लुहाच वंश का नाम रोशन हो। वह खेल कूद और पढ़ाई दोनों में अव्वल थे। 10 वीं की पढ़ाई प्रथम श्रेणी में कर वह 1956 ईस्वी में थल सेना की राजस्थान राइफल्स में सिपाही के पद पर भर्ती हो गए। शीशपाल का एडवेंचर में बहुत रुचि था। इस लिए वह राजस्थान राइफल्स से स्वेच्छिक तौर पर 1 पारा रेजीमेंट में चले गया। कुछ समय बाद वापस अपनी रेजीमेंट में आकर अफसर बनने के लिए एस एस बी की तैयारी

की। एस एस बी में सफलता नहीं मिलने पर उसका अफसर बनने का सपना साकार नहीं होते देख वह सेना की नौकरी को छोड़ खेल जगत की दुनिया में आ गए।

उन्होंने एन आई एस पटियाला से एथलेटिक्स में डिप्लोमा का सर्टिफिकेट हासिल कर लिया और कोच बन गए। डिप्लोमा लेने के बाद शीशपाल ने एथलेटिक्स के मैदान में कोच के तौर पर अपना नया कैरियर शुरू किया। कोच के तौर पर उसने निम्न जगहों पर रहकर न केवल अपने खानदान का बल्कि सम्पूर्ण लुहाच समाज का देश में नाम रोशन किया। उनकी कोच के तौर पर पोस्टिंग इस प्रकार से रही।

**क** 1976 ईस्वी : बिहार के रांची के संत इगनिसस हाई स्कूल, गुमला के सपोर्टस कोच जहां आदिवासी बच्चों को ट्रैनिंग दी जाती थी।

**ख** 1977 ईस्वी : उतर प्रदेश के इलाहाबाद के मदन मोहन मालवीय स्कूल के सपोर्टस कोच।

**ग** 1984 ईस्वी : इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के फिज़िकल एजुकेशन के कोच।

**घ** 1982 ईस्वी : साई स्पोर्टस हास्टल भिवानी,हरियाणा के कोच।

**ड़** 1992 ईस्वी : क्षेत्रीय खेल कूद कार्यालय मेरठ के कोच।

# वंशावली प्रथम पुरुष : भड़ंगपुर

गाँव के प्रथम पुरुष: **नयन सिंह**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **तुलसी राम**
25. भेरु राम
26. कालू राम
27. नोपा राम
28. रामू राम
29. राम सिंह
30. बलराम सिंह
31. मनसा राम
32. **नयन सिंह**
33. भीम सिंह
34. उमराव सिंह
35. शेर सिंह
36. योगेंद्र सिंह
37. जयपाल सिंह
38. हर्ष
39. आनन्द

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# गढ़ी गुलडहर गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1875 ईस्वी

गढ़ी गुलडहर गाँव उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले का एक गाँव है। अब यह शहरी आबादी का हिस्सा बन गया है। 150 साल पहले 1875 ईस्वी में नली हुसैनपुर धूम सिंह के चार बेटे गढ़ी गुलडहर आए थे। तब यह गाँव शहर से काफी दूर होता था। अब शहरीकरण होने के कारण यह शहर का हिस्सा बन गया है। गाजियाबाद बस अड्डा गाँव से लगभग 5 किलोमीटर दूर है। इसके पूर्व में 1 किलोमीटर की दूरी पर सिकरोड़ गाँव, पश्चिम में 2 किलोमीटर दूर भोआपर गाँव, उत्तर में 2 किलोमीटर दूर मोरटा गाँव और दक्षिण में 2 किलोमीटर की दूरी पर शीयारी गाँव पड़ता है। इस गाँव के लुहाच परिवार के पास अब भी लगभग 60 बीघा जमीन है। गाँव में लुहाच परिवार की लगभग आबादी 150 लोगों की है।

गढ़ी गुलडहर के लुहाच पूर्वज उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के नली हुसैनपुर गाँव से आए थे। नली हूससईपुर वंशावली के मुताबिक 33 वीं पीढ़ी के धूम सिंह लुहाच के पाँच बेटे थे। इनके नाम मान सिंह, गुलाब सिंह, शेर सिंह, झँडू राम और बसाऊ थे। शेर सिंह और झँडू राम अविवाहित थे बाकी सब विवाहित थे। बसाऊ को छोड़ कर बाकी सब भाई सपरिवार गढ़ी गुलडहर आकर बस गए। अगली पीढ़ी में मान सिंह के चार बेटे थे। इनके नाम इन्दराज सिंह, दाता राम, किशन लाल और भूप सिंह थे। कुछ समय के बाद मान सिंह का एक बेटा इन्दराज और गुलाब सिंह इकलौता बेटा रामजी लाल सपरिवार अमरपुर चले गए। इस प्रकार इस समय गढ़ी गुलडहर में केवल मान सिंह के वंशज ही रहते हैं।

सभी भाइयों ने यहाँ आकर 35 बीघा जमीन खरीद ली। अगली पीढ़ी में मान सिंह के बेटों ने 25 बीघा जमीन और खरीद ली। इस प्रकार लुहाच परिवार के पास 60 बीघा जमीन हो गई। इस समय गढ़ी गुलडहर के ज्यादातर लुहाच भाई बड़े बड़े व्यवसाई हैं। 38 वीं पीढ़ी के मूनी राम का इकलौता बेटा सन्नी एम बी बी एस करके डाक्टर बन गया। पति पत्नी दोनों डाक्टर हैं और अब गाजियाबाद में अपना हस्पताल चला रहे हैं। मनोज लुहाच और मुख्तियार सिंह की बड़ी बड़ी सी आई कास्टिंग की कम्पनी हैं जबकि अन्य का पैन्ट, प्लाइवुड, सेनीटरी, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिक और जिम खाना का व्यवसाय है। गढ़ी गुलडहर आने के बाद लुहाच परिवार की 7 वीं पीढ़ी चल रही है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : गढ़ी गुलडहर

गाँव के प्रथम पुरुष: **मान सिंह**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **तुलसी राम**
25. भेरु राम
26. कालू राम
27. नोपा राम
28. रामू राम
29. राम सिंह
30. बलराम सिंह
31. मनसा राम
32. **भगवाना**
33. धूम सिंह
34. **मान सिंह**
35. दाता राम
36. रघुबीर सिंह
37. मुख्तियार सिंह
38. नवाब सिंह
39. आकाश

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# अमरपुर गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1875 ईस्वी

अमरपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश का मेरठ जिले की मवाना तहसील का गंगा किनारे बसा एक छोटा सा गाँव है। यह जिला मुख्यालय से 18 किलोमीटर पूर्व दिशा में और तहसील मुख्यालय से 25 किलोमीटर दक्षिण दिशा में दिल्ली-देहरादून और दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग के मध्य स्थित है। इसके पूर्व में माछरा, कासमपुर और नगली अब्दुल्ला, पश्चिम में भटीपुर, उत्तर में खंडरावली और पसबाड़ा, दक्षिण में हसनपुर कलाँ गाँव की सीमा लगती है। सब गाँव से पक्की सड़क मार्ग से संपर्क है। इसका नजदीकी रेलवे स्टेसन मेरठ छावनी है जो कि 27 किलोमीटर दूर है। इस गाँव की कुल आबादी लगभग 3000 लोगों की है जिसमें लगभग 150 लुहाच गौत्र के लोग रहते हैं। इस गाँव में लुहाच के अलावा काजला, दुलट, हुड्डा, सांगवान, राणा और मलिक गौत्र के लोग रहते हैं। अमरपुर गाँव का कुल रकबा लगभग 3200 बीघा है जिसमें से 350 बीघा जमीन लुहाच गौत्र के लोगों के पास है।

इस गाँव के लुहाच पूर्वजों की निकासी हापुड़ जिले के नली हुसैनपुर गाँव और गाजियाबाद जिले के गढ़ी गुलडहर गाँव से लगभग 1850 ईस्वी में हुई थी। नली हुसैनपुर गाँव की वंशावली पीढ़ी संख्या 33 पर धूम सिंह के पाँच बेटे थे। इनके नाम झँडू राम, बसाऊ राम, शेर सिंह, मान सिंह और गुलाब सिंह थे। बसाऊ को छोड़कर बाकी भाई गाजियाबाद जिले के गढ़ी गुलडहर में चले गए। शेर सिंह और झँडू राम अविवाहित थे।

35 वीं पीढ़ी के इन्दराज सिंह सुपुत्र मान सिंह और रामजी लाल सुपुत्र गुलाब सिंह गढ़ी गुलडहर से सपरिवार अमरपुर आकर बस गए। इन्दराज ने यहाँ आकर अपनी बेटी बीजेन्दरी की शादी मेरठ जिले के समसपुर गाँव में कर दी। बेटी की शादी के बाद इन्दराज स्वर्ग सिधार गए। इसके बाद बीजेन्दरी ने अपने सभी भाई-बहनों को अपने पास बुला लिया। इस प्रकार बिजेंद्र सिंह सुपुत्र इन्दराज अमरपुर से समसपुर जाकर बस गया।

रामजी लाल ने अमरपुर में 300 बीघा जमीन खरीद ली। उसके दो बेटे रघुबीर सिंह और दिलावर सिंह हुए। दिलावर सिंह की शादी मुकुंदी देवी से हुई थी। मुकुंदी एक लड़की को पैदा करके स्वर्ग सिधार गई। अब दिलावर सिंह के कोई लड़का नहीं था। इसी दौरान गाँव में एक और घटना घटित हुई जिसका संबंध दिलावर सिंह से है।

जैसा कि ऊपर बताया गया है कि नली हुसैनपुर से धूम सिंह के चार बेटे गढ़ी गुलडहर चले गए थे और एक बेटा बसाऊ वहीं पर रह गया। बसाऊ ने अपने इकलौते बेटे नारायण सिंह की शादी अमरपुर में कर दी थी। नारायण सिंह के कोई साला नहीं था। इस लिए उसका बेटा रामदास अपने ननिहाल अमरपुर में आकर बस गया। रामदास की शादी होने के बाद आकस्मिक मौत हो गई। उस समय उसकी पत्नी बेदकोर गर्भवती थी। समस्या गंभीर हो गई। बेदकोर को देखने वाला अब परिवार में कोई नहीं रहा। बेदकोर लुहाच परिवार की बहु थी। इसी समय दिलावर सिंह की पत्नी की भी मौत हो चुकी थी। इसलिए रघुबीर सिंह और दिलावर सिंह ने योजना बनाई कि बेदकोर को दिलावर सिंह के पल्ला लगा दी जाए। इससे दिलावर का भी वंश चल पड़ेगा और बेदकोर को भी सहारा मिल जाएगा।

जब बेदकोर दिलावर की पत्नी बन गई तो उसकी कोख से रामदास के नाम का एक लड़का पैदा हुआ जिसका नाम विजयपाल रखा गया। विजयपाल के नाम रघुबीर सिंह और दिलावर सिंह ने अपने अपने हिस्से की जमीन से 30-30 बीघा जमीन भी नाम कर दी। अब रघुबीर और दिलावर के पास 120-120 बीघा जमीन रह गई। बेदकोर कि कोख से दिलावर के नाम से दो लड़के हरपाल और ओमपाल पैदा हुए। इस प्रकार अमरपुर में नली हुसैनपुर और गढ़ी गुलडहर से आए दो परिवारों की संतान हैं।

# वंशावली प्रथम पुरुष : अमरपुर

गाँव के प्रथम पुरुष: **भगवाना**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **तुलसी राम**
25. भेरु राम
26. कालू राम
27. नोपा राम
28. रामू राम
29. राम सिंह
30. बलराम सिंह
31. मनसा राम
32. **भगवाना**
33. धूम सिंह
34. बसाऊ राम
35. नारायण सिंह
36. रामदास
37. विजयपाल
38. समरदीप
39. सुमित

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# समसपुर गाँव का इतिहास

निकासी · 1940 ईस्वी

समसपुर गाँव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की मवाणा तहसील का एक मध्यम आबादी वाला गाँव है। यह जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर स्थित है। पवित्र गंगा नदी महज 4 किलोमीटर दूर से बहती है। इसके पूर्व में आशिफ़ाबाद, पश्चिम में अमरसिंहपुर, शिवपुरी, उत्तर में नारंगपुर, खूंटी और दक्षिण में केशूपुरा, अटलपुर गाँव की सीमा पड़ती है। इन सब गाँवों से पक्की सड़क से संपर्क है। इस गाँव की लगभग आबादी 4000 लोगों की है जिसमें से लुहाच गौत्र के 20 लोग रहते हैं।

समसपुर के लुहाच पूर्वज मेरठ जिले के अमरपुर गाँव से लगभग 1960 ईस्वी में आए थे। गढ़ी गुलडहर गाँव की वंशावली की पीढ़ी संख्या 35 में मान सिंह के घर इन्दराज सिंह लुहाच पैदा हुए। इन्दराज सिंह अपने चाचा गुलाब सिंह के बेटे रामजी लाल के साथ सपरिवार अमरपुर आए थे। इन्दराज सिंह के तीन बेटे और तीन बेटियाँ थी। बेटियों के नाम गजेन्दरी, बीजेन्दरी, और सरोज थे जबकि बेटों के नाम गजेन्द्र, बिजेंद्र और धर्मबीर थे। गजेन्दरी, और बीजेन्दरी की शादी इन्दराज के जीवित रहते हुए ही हो गई थी। गजेन्दरी की शादी मेरठ जिले के गेजा गाँव में जबकि बीजेन्दरी की शादी समसपुर गाँव में हुई थी। गजेन्द्र का स्वर्गवास अमरपुर रहते हुए ही हो गया था। कुछ दिन के बाद इन्दराज की भी मृत्यु हो गई। परिवार असहाय पड़ गया। बिजेंद्र, धर्मबीर और सरोज की शादी नहीं हुई थी। इस हालत में दोनों बड़ी बहनों को अपने भाइयों और छोटी बहन सरोज की चिंता होने लगी। दोनों ने मिलकर यह निर्णय लिया कि सरोज को गजेन्दरी अपने पास ले गई और बाद में उसकी शादी मुज़फ्फरनगर जिले के मंसूरपुर गाँव में कर दी। बीजेन्दरी अपने दोनों छोटे भाईयों को अपने पास समसपुर ले आई। बाद में बिजेंद्र की शादी हरियाणा के जींद जिले के पुण्डरी गाँव में कर दी। बीजेन्दरी ने अपने परिवार के हिस्से से कुछ जमीन भी गुजर बसर के लिए दे दी। बाद में बिजेंद्र ने मेहनत करके 21 बीघा जमीन और खरीद ली।

बीजेन्दरी का विवाह लगभग 1925 ईस्वी में समसपुर गाँव के एक बहुत बड़े जमींदार घराने में पीतम सिंह से हुआ था। पीतम सिंह के पास उस समय लगभग 1400 बीघा जमीन थी इस लिए गाँव में उसको राजा पीतम सिंह के नाम से जानाजाता था। पीतम सिंह की 1300 बीघा जमीन 1980 के आस पास सीलिंग में चली गई। अब पीतम सिंह के वंशज के पास लगभग 100 बीघा जमीन बची है। अब इस गाँव में लुहाच परिवार की 38 वीं पीढ़ी चल रही है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : समसपुर

गाँव के प्रथम पुरुष: **विजेन्द्र सिंह**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **तुलसी राम**
25. भेरु राम
26. कालू राम
27. नोपा राम
28. रामू राम
29. राम सिंह
30. बलराम सिंह
31. मनसा राम
32. **भगवाना**
33. धूम सिंह
34. मान सिंह
35. इन्दराज सिंह
36. **विजेन्द्र सिंह**
37. अरुण सिंह
38. विशु

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# भैंसाखूर गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1835 ईस्वी

भैंसाखूर गाँव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले की सयाना तहसील का मध्यम आबादी वाला एक गाँव है जो कि जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर, तहसील मुख्यालय से 15 किलोमीटर, हापुड़ से 20 किलोमीटर और कुचेसर कस्बे से 2 किलो मीटर दूर स्थित है। इसके पूर्व में सेहरा, ढकोली, दक्षिण में शैदपुर, पश्चिम में लुकलाड़ा, शेखपुर, टियाना और उत्तर में बरकातपुर गाँव की सीमा लगती है। सभी गाँव से पक्की सड़क से संपर्क है। इस गाँव का कुल रकबा लगभग 5000 बीघा है जबकि लुहाच गौत्र के लोगों के पास लगभग 1500 बीघा जमीन है। गाँव का सारा रकबा समतल व उपजाऊ है। सिंचाई ट्यूबवेल से होती है। लोग मेहनती हैं। गन्ना, गेहूँ, ज्वार और आलू की खेती बहुतायत मात्रा में होती है। गन्ने की पिराई के लिए पास में सीमभावली का सरकारी गन्ना मील है।

गाँव में लुहाच के अतिरिक्त सहारण, धनेसरी, राठी, सांगवाण और पनघाल गौत्र के लोग भी रहते हैं। गाँव की कुल आबादी लगभग 4000 लोगों की है जबकि लुहाच गौत्र के लगभग 1300 लोग रहते हैं। इस गाँव में 3 मंदिर, 2 जोहड़, 1 प्राथमिक स्कूल और 1 माध्यमिक स्कूल है। गाँव में घर घर पीने के पानी की आपूर्ति गाँव के सरकारी जलघर से नलकूप द्वारा होती है।

भैंसाखूर गाँव के प्रथम पुरुष साधु राम लुहाच लगभग 1835 ईस्वी में नाँधा से निकले दूसरे जत्थे का हिस्सा थे। नाँधा गाँव की वंशावली के मुताबिक पीढ़ी संख्या 31 पर मनसा राम और उमरा राम लुहाच पैदा हुए।

उमरा राम के तीन बेटे ठण्डू राम, राधा राम और साधु राम थे। मनसा राम के चार बेटे ज्ञाना राम, भगवाना राम, नयन सिंह और केसा राम थे। जब नाँधा से दूसरा जत्था उत्तर प्रदेश के लिए निकला तो उमरा राम का बेटा ठण्डू राम और मनसा राम का केसा राम को नाँधा में छोड़ बाकी सभी उत्तर प्रदेह आ गए। पहले कुछ दिन यह जत्था नली हुसैनपुर रुका फिर सब भाई आस पास के अलग अलग गाँवों में जाकर बस गए। राधा राम सेहरा चला गया। साधु राम भैसाखुर चला गया। ज्ञाना राम खाद मोहन नगर चला गया। नयन सिंह भड़ंगपुर चला गया जबकि भगवाना नली हुसैनपुर में ही रह गया।

भैसखुर से बाद में 35 वीं पीढ़ी से देश राज बदरखा सिरवास जाकर बस गया।

# वंशावली प्रथम पुरुष : भैंसाखूर

गाँव के प्रथम पुरुष: **साधु राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **तुलसी राम**
25. भेरु राम
26. कालू राम
27. नोपा राम
28. रामू राम
29. राम सिंह
30. बलराम सिंह
31. उमरा
32. **साधु राम**
33. राम अवतार
34. कुलवन्त
35. दौलत राम
36. न्यादर
37. ओमबीर सिंह
38. रविन्द्र सिंह
39. आकाश

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# बदरखा सिरवास गाँव का इतिहास

निकासी · 1981 ईस्वी

बदरखा सिरवास गाँव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले की शिकारपुर तहसील का एक मध्यम आबादी वाला गाँव है। यह जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके पूर्व में रामनगर बीकूपूर, पश्चिम में कुँवरपुर, उत्तर में अहमदपुर, उत्तर पश्चिम में बरोला, उत्तर पूर्व में कीरतपुर और दक्षिण में विशालू गाँव की सीमा लगती है। इन सब गाँवों से पक्की सड़क से सम्पर्क है। इस गाँव का कुल रकबा लगभग 52000 बीघा है जिसमें से लुहाच गौत्र के पास 100 बीघा जमीन है। जमीन समतल और उपजाऊ है। सिचाई के लिए ट्यूबवेल मुख्य स्रोत है। इस गाँव की कुल आबादी लगभग 3500 लोगों की है जिसमें से लुहाच गौत्र के 20 लोग हैं। इस गाँव में लुहाच के अलावा तेवतिया, राजौरा और मलिक गौत्र के लोग हैं जिसमें तेवतिया गौत्र के लोगों की तादाद ज्यादा है। इस गाँव में 4 मन्दिर, 1 तालाब, 1 आंगनवाड़ी और 1 उच्च माध्यमिक विद्यालय है।

बदरखा सिरवास के लुहाच प्रथम पुरुष की निकासी बुलन्दशहर जिले के भैसाखुर गाँव से हुई थी। भैसाखुर गाँव की वंशावली के मुताबिक 5 वीं पीढ़ी के तेज सिंह के चार बेटे थे। तीनों बड़े बेटे हरी सिंह, अमी सिंह और भागमल सिंह भैसाखुर में ही रह गए जबकि छोटा भाई देशराज अपने सात बेटों के साथ 1981 ईस्वी में बदरखा सिरवास में आ गए। यहाँ उसने पहले 50 बीघा जमीन खरीद ली और बाद में मेहनत करके सभी भाइयों ने 50 बीघा जमीन और खरीद ली। इस प्रकार आज लुहाच परिवार के पास इस गाँव में 100 बीघा जमीन है। इस गाँव में लुहाच परिवार की 38 वीं पीढ़ी चल रही है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : बदरखा सिरवास

गाँव के प्रथम पुरुष: **देसराज सिंह**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **तुलसी राम**
25. भेरु राम
26. कालू राम
27. नोपा राम
28. रामू राम
29. राम सिंह
30. बलराम सिंह
31. उमरा
32. **साधु राम**
33. बुध सिंह
34. तेज सिंह
35. **देसराज सिंह**
36. ब्रह्म सिंह
37. अनिल कुमार
38. माधव सिंह

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# खाद मोहन नगर गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1835 ईस्वी

खाद मोहन नगर गाँव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले की सियाना तहसील का एक मध्यम आबादी वाला गाँव है। यह जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर और तहसील मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर स्थित है। राष्ट्रीय राज मार्ग-24 इसके 3 किलो मीटर दूर पूर्व दिशा से गुजरता है। इसके पूर्व में बडोली, पश्चिम में मणडोना और किशोना, उत्तर में महाब और दक्षिण में सेगा गाँव की सीमा लगती है। सब गाँवों से सड़क मार्ग से संपर्क है। गाँव की सीमा बहुत बड़ी है जिसका रकबा 52000 बीघा है जिसमें से लुहाच गौत्र के पास 600 बीघा जमीन है। जमीन बहुत उपजाऊ है। सिचाई ट्यूबवेल के अलावा रजबाहा के पानी से होती है।

खाद मोहन नगर की कुल आबादी लगभग 6000 लोगों की है जिसमें से लुहाच परिवार की आबादी लगभग 150 लोगों की है। इस गाँव में 10 मंदिर, 11 जोहड़, 1 उच्च माध्यमिक विद्यालय, 4 प्राथमिक विद्यालय, 1 हस्पताल, 1 चौपाल और 25 आंगणबाड़ी केन्द्र हैं। इस गाँव में लुहाच गौत्र के अलावा सिरोही, दहलान, बड़हान, दलाल, गण्डास, पायल, पुनिया, सांगवान और दहिया गौत्र के लोगों की आबादी है।

खाद मोहन नगर गाँव के प्रथम पुरुष ज्ञाना राम लुहाच लगभग 1835 ईस्वी में नाँधा से निकले दूसरे जत्थे का हिस्सा थे। नाँधा गाँव की वंशावली के मुताबिक पीढ़ी संख्या 31 पर मनसा राम और उमरा राम लुहाच पैदा हुए। उमरा राम के तीन बेटे ठण्डू राम, राधा राम और साधु राम थे।

मनसा राम के चार बेटे ज्ञाना राम, भगवाना राम, नयन सिंह और केसा राम थे। जब नाँधा से दूसरा जत्था उत्तर प्रदेश के लिए निकला तो उमरा राम का बेटा ठण्डू राम और मनसा राम का केसा राम को नाँधा में छोड़ बाकी सभी उत्तर प्रदेह आ गए। पहले कुछ दिन यह जत्था नली हुसैनपुर रुका फिर सब भाई आस पास के अलग अलग गाँवों में जाकर बस गए। राधा राम सेहरा चला गया। साधु राम भैसाखुर चला गया। ज्ञाना राम खाद मोहन नगर चला गया। नयन सिंह भड़ंगपुर चला गया जबकि भगवाना नली हुसैनपुर में ही रह गया। ज्ञाना राम के दो बेटे थे। इनके नाम राम चन्द्र और राम सिंह थे। राम सिंह का परिवार खाद मोहन नगर में ही रह गया जबकि राम सिंह सपरिवार नली हुसैनपुर आकर बस गया।

ज्ञाना राम के अलावा पहले जत्थे के तहत उग्रसैन लुहाच नंगला उग्रसैन में बस गया था। उसके 37 वीं पीढ़ी के वंशज काले सिंह भी बाद में खाद मोहन नगर आकर बस गया था। इस गाँव में लुहाच परिवार की 40 वीं पीढ़ी चल रही है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : खाद मोहन नगर

गाँव के प्रथम पुरुष: **ज्ञाना राम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **तुलसी राम**
25. भेरु राम
26. कालू राम
27. नोपा राम
28. रामू राम
29. राम सिंह
30. बलराम सिंह
31. मनसा राम
32. **ज्ञाना राम**
33. रामचन्द्र
34. धन सिंह
35. गुलाब सिंह
36. दया राम
37. गंगा सिंह
38. सुखपाल सिंह
39. संजय सिंह

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# भंडोली गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1775 ईस्वी

भंडोली गाँव पश्चिमी उतर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले का एक मध्यम आबादी का गाँव है जो कि जिला मुख्यालय से 9 किलो मीटर दूर है। इसके पूर्व में जोलीगढ़, पश्चिम में गूथावली और लुहारली, दक्षिण में धमेड़ा और उत्तर में बरारी और मनोहर गढ़ी गाँव की सीमा लगती है। सब गाँव से पक्की सड़क से संपर्क है। गाँव का कुल रकबा 6000 बीघा है जिसमें से लुहाच परिवार के पास लगभग आधा रकबा यानि 3000 बीघा है। पूरा रकबा समतल व उपजाऊ है। सिंचाई ट्यूबवेल और नहर के पानी से होती है। गन्ना इस गाँव की मुख्य फसल है। गन्ना की सप्लाई अगुता गन्ना मील और साबितगढ़ गन्ना मील में होती है जो कि क्रमश 8 किलो मीटर और 50 किलो मीटर दूर हैं। गाँव की सीमा से एक रजबाहा गुजरता है जिसे पवसरा रजबाहा के नाम से जाना जाता है। भंडोली गाँव की कुल आबादी लगभग 4000 लोगों की है जिसमें से लुहाच गौत्र के लोगों की आबादी लगभग 2000 लोगों की है। इस गाँव में लुहाच के आलावा पवार और धूलिया गौत्र के लोग भी रहते हैं। गाँव में 5 मंदिर, 5 तालाब, 1 प्राथमिक स्कूल,1 चौपाल और 1 आंगणबाड़ी केन्द्र हैं।

इस गाँव के प्रथम लुहाच पुरुष होराम नाँधा से पश्चिमी उत्तरप्रदेश के लिए निकले पहले जत्था का हिस्सा थे। नाँधा वंशावली की 29 वीं पीढ़ी के दुलारो राम के तीन बेटे थे। तीनों भाई पहले जत्थे के तहत यमुना पर कर कुचेसर के पास नली हुसैनपर पहुँच गए। यहाँ आकर पता चला कि कुचेसर रियासत का राजा दलाल गौत्र से हैं और राजा के पूर्वज हरियाणा से आए थे। तीनों भाइयों ने राजा से अपनी रियासत में रहने के लिए जगह और खेती के लिए जमीन मांगी।

राजा ने यहाँ से कुछ किलो मीटर आगे एक नंगला में डेरा डालने की इजाजत दे दी। तीनों भाई इस नंगला पर रुक गए। जगह पसंद आ गई। तीनों भाइयों ने योजना बनाई कि एक भाई यहाँ रुक जाए और बाकी के दो भाई और आगे चल कर कोई दूसरी जगह जाकर देखते हैं। इस प्रकार उग्रसैन इसी जगह पर रुक गया। उस समय यहाँ कोई बसती नहीं थी। धीरे धीरे आबादी बढ़ने लगी और कालान्तर में एक गाँव का रूप ले लिया। इस लिए इस गाँव का नाम नंगला उग्रसैन रखा गया। क्योंकि इस नंगला को उग्रसैन ने बसाया था इस लिए इसका खेड़ा लुहाच के नाम से है।

होराम और जोहरी के परिवार का कारवाँ यहाँ से और आगे बढ़ा और बुलन्दशहर के पास भंडोली पहुँच गया। जगह रहने लायक देख कर होराम ने यही बसने का मन बना लिया। इस प्रकार होराम का परिवार यहीं पर बस गया। होराम के दो बेटे थे। उनके नाम हेत राम और बीरम सिंह थे। हेत राम यहीं पर रह गया जब कि उसका भाई बीरम सिंह अपने ताऊ जोहरी के साथ आगे बढ़ गया। दोनों परिवार यहाँ से आगे गहना होते हुए मुरादाबाद जिले के ज्ञानपुर गाँव में पहुँच गए। जोहरी यहीं पर बस गया जबकि बीरम सिंह बरेली के पास मोहम्मदपुर जाटान गाँव में जाकर बस गया। भंडोली में लुहाच परिवार की 40 वीं पीढ़ी चल रही है।

# वंशावली प्रथम पुरुष : भंडोली

गाँव के प्रथम पुरुष: **होराम**

लाल सिंह (पीढ़ी 1) से वर्तमान तक, एक सीधी कड़ी

1. **लाल सिंह**
2. लूँगा राम
3. सेदो राम
4. पंचायण
5. खेम सिंह
6. गिरधारी
7. मोहन सिंह
8. नेत सिंह
9. खोराज सिंह
10. भरथू राम
11. भागीरथ
12. कन्नड राम
13. दुला राम
14. मोटा राम
15. मान सिंह
16. साला राम
17. मनोहर सिंह
18. श्योराज सिंह
19. महाराज सिंह
20. नारायण
21. कल्ला राम
22. भैराज
23. जय सिंह
24. **कुम्भा राम**
25. महिपाल
26. भरथा राम
27. दुलारो राम
28. **होराम**
29. हेत राम
30. जीत सिंह
31. किरपाल सिंह
32. रूप सिंह
33. कुन्दन सिंह
34. बादाम सिंह
35. छत्तर सिंह
36. सुखबीर सिंह
37. संजय सिंह
38. आयुष

लाल रंग में — वंश के मुख्य पड़ाव (जहाँ से शाखा निकली या नया गाँव बसा) · अंक = पीढ़ी संख्या (दादा लाल सिंह = 1)

# गहना गाँव का इतिहास

निकासी · लगभग 1875 ईस्वी

गहना गाँव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले की अनूपगढ़ तहसील का एक मध्यम आबादी का गाँव है जो कि जिला मुख्यालय से 25 किलो मीटर और तहसील मुख्यालय से 16 किलो मीटर दूर स्थित है। इसके पूर्व में मईपूर, पश्चिम में चाँदौक और जटवाई, उत्तर में जहांगीराबाद और दक्षिण में मंढावली गाँव की सीमा लगती है। इस गाँव का कुल रकबा लगभग 3500 बीघा है जबकि लुहाच परिवार के पास लगभग 500 बीघा जमीन है। जमीन समतल व उपजाऊ है। गेहूँ और गन्ना मुख्य फसलें हैं। गन्ना मील गाँव से मात्र 3 किलो मीटर दूर है। ट्यूबवेल के अलावा शिवाली नामक रजबाहा सिंचाई का मुख्य स्रोत है। गाँव में 6 मंदिर, 2 पौखर (तालाब), 1 माध्यमिक स्कूल, 2 चौपाल, 4 आंगनबाड़ी केन्द्र, 1 गौशाला, 1 बैंक, 1 पीने के पानी की टंकी और 1 अग्निशमक केन्द्र है। गाँव की कुल आबादी लगभग 6000 लोगों की है जिसमें से लुहाच गौत्र के लगभग 100 लोग रहते हैं। गाँव में जाट के अतिरिक्त अन्य जातियाँ जैसे जाटव, धीमर, खटीक, ब्राह्मण, नाई और हरिजन समुदाय के लोग आपस में सद्भावना से रहते हैं।

